सेंसेक्स 73,158.24 ▲ +535.15
डॉलर 82.885 ▼ -0.047

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 13.0 | 20.0 |
| धनबाद | 29.0 | 15.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 15.0 | 25.0 |
| पलामू | 28.0 | 13.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 रांची, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-24, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय खराब न होने दें अपनीमाटी का ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
देव काज व देश काज दोनों ही तेज गति से ...12 देश विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,200

चांदी (1 किलो) 77,200

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# भारत-इंग्लैंड मैच को लेकर वाहनों की रुट और पार्किंग की जगह निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी तक भारत-इंग्लैंड के बीच अन्तर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट मैच को लेकर वाहनों की रुट और पार्किंग निर्धारित की है। इस दौरान जिला के बाहर से आने वाले गाड़ियों के लिए भी रूट निर्धारित किये गये हैं। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। साथ ही जारी आदेश में कहा गया है कि मैच के समाप्ति के बाद शालीमार बाजार-मौसीबाडी गोलचक्कर-एचईसी गेट-बिरसा चौक-हिनू चौक-राजेन्द्र चौक मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ सकती है। इसे देखते हुए वैकल्पिक मार्ग जारी किया गया है।




### ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- वीआईपी वाहन पास वाले सभी वाहन शहीद मैदान मोड़, मौसीबाड़ी, तिरिल मोड होकर क्रिकेट स्टेडियम नार्थ गेट के बगल वाले वीआईपी प्रवेश मार्ग से प्रवेश कर पार्किंग स्थल में जा सकेंगे।
- जमशेदपुर, सरायकेला, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा से आने वाले वाहन तुपुदाना रिंग रोड के रास्ते प्रोजेक्ट भवन झ धुर्वा गोलचक्कर-संत थॉमस स्कूल होते हुए प्रभात तारा मैदान में पार्किंग कर सकते हैं।
- कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा से आने वाले वाहन रिंग रोड लॉ यूनिवर्सिटी, दलादीली, नयासराय के रास्ते तिरिल मोड़ स्थित पार्किंग में जा सकते हैं। इसके अलावा नयासराय मोड रिंग रोड-सैम्बो धुर्वा डैम होकर प्रभात तारा मैदान पार्किंग में भी जा सकते हैं।
- लाल पास युक्त वाहन क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल जा सकेंगे।
- मीडिया पास युक्त सभी वाहन धुर्वा गोलचक्कर, धुर्वा बस स्टैंड होकर क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे।

### इन स्थानों पर होगी सामान्य वाहनों की पार्किंग

संत थॉमस स्कूल के पास।
प्रभात तारा मैदान।
मियां मार्केट तीन मुहाना के पास।
सखुआ बागान के पास।
जवाहर लाल स्टेडियम पार्किंग।
धुर्वा गोलचक्कर मैदान।
तिरिल मोड़ पार्किंग।

### ये है वैकल्पिक मार्ग

रातु, मांडर, चान्हो क्षेत्र जाने के लिए पार्किंग स्थल तिरिल- कुटे नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर अपने गंतव्य क्षेत्र तक जाने को कहा गया है।

नगड़ी, इटकी, बेड़ो क्षेत्र जाने के लिए पार्किंग स्थल से तिरिल कुटे नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर ईटकी, बेडो क्षेत्र जा सकते है।

कांके, पिठौरिया, ओरमांझी क्षेत्र जाने के लिए पार्किंग स्थल से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर तिलता चौक से अपने गंतव्य की तरफ जा सकते है।

नामकुम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, मुरी क्षेत्र जाने के लिए पार्किंग स्थल से प्रोजेक्ट भवन होते हुए तुपुदाना, रिंग रोड से नामकुम होते हुए अपने गंतव्य की तरफ जा सकते हैं।

## एक नजर

### हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरसात सात मार्च तक बढ़ाई

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। कोर्ट ने इन दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि सात मार्च तक बढ़ा दी है। इनकी अगली पेशी कोर्ट में सात मार्च को होगी। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। जबकि भानु को 12 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद दोनों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। ईडी ने इस मामले में ईसीआइआर 6/2023 दर्ज किया और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन और अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी की तबीयत बिगड़ी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ शिवसेना नेता मनोहर जोशी की गुरुवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें माहिम स्थित हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह डॉक्टरों की देखरेख में हैं, हिंदुजा अस्पताल ने इसकी जानकारी दी। पिछले साल मई में 86 वर्षीय वरिष्ठ नेता मनोहर जोशी को उनकी बिगड़ती सेहत के कारण माहिम के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में पता चला कि उन्हें ब्रेन ट्यूमर है। हालांकि, कुछ दिनों बाद उनकी हालत में सुधार हुआ तो उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की छह घंटे की मैराथन बैठक, मुख्यमंत्री ने कहा

# हेमंत को जेल व सरकार की उपलब्धियों पर लड़ेंगे चुनाव

### सीएम ने कहा, सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य तय किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमीन मामले में जेल जाने व आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुरुवार को झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की छह घंटे की मैराथन बैठक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में हुई। स्वास्थ्य कारणों से बैठक में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन शामिल नहीं हुए। बैठक में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि हमें चुनाव में विपक्ष द्वारा हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजने व चार साल के कार्यकाल में झारखंड सरकार की उपलब्धियों को मुद्दा बनाना है। पार्टी ने सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। ऐसे में कार्यकर्ता और नेताओं का दायित्व है कि वह इन दोनों मुद्दों को भली-भांति जनता के बीच लेकर जाएं और बताएं। उन्होंने झामुमो कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। सरकार की ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर



### हेमंत की रिहाई तक पार्टी का संघर्ष जारी

झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व सीएम हेमंत को न्याय मिलने तक सड़क पर पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। फिलहाल न्याय यात्रा और उपवास कार्यक्रमों का आयोजन हर स्तर पर चल रहा है। हेमंत को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होने संबंधी पीएमएलए कोर्ट के निर्णय पर कहा कि पूर्व में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को लेकर कई बार सकारात्मक फैसला आ चुका है।

# परिस्थिति के अनुसार होगा कार्यदिवसों में समय के विस्तार पर निर्णय

### विस के बजट सत्र को लेकर स्पीकर ने विधायक दल के नेताओं संग की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से दो मार्च तक चलना है। इसे लेकर अपने कार्यालय कक्ष में स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने विधायक दल के नेताओं संग बैठक की। स्पीकर ने सत्र की अवधि छोटी रहने और इसके समय के अधिक से अधिक उपयोग के संबंध में सुझाव मांगा। साथ ही इस पर विचार करने की बात कही। इस पर विधायकों ने कहा कि कार्य दिवस का विस्तार किया जाए। इस पर सहमति हुई कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सत्र के कार्य दिवसों में समय के विस्तार पर निर्णय परिस्थितियों के अनुसार लिया जायेगा। बैठक में सीएम चंपाई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, लंबोदर महतो, प्रदीप यादव, कमलेश कुमार सिंह और विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर भी उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रेस सलाहकार समिति की भी बैठक हुई।

**विस परिसर के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू :** झारखंड विधानसभा सत्र को लेकर परिसर के 500 मीटर परिधि में धारा 144 लगाई गई है। सदर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, विधानसभा परिसर में सुबह आठ बजे ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत को नहीं मिली सत्र में भाग लेने की अनुमति, हाईकोर्ट में सुनवाई आज

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत की ओर से ईडी की विशेष अदालत ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की दाखिल याचिका को खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद विशेष कोर्ट के इस आदेश को हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है।

## रांची-मधुपुर ट्रेन की नवाडीह स्टेशन में ठहराव की अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय ने रांची-मधुपुर-रांची एक्सप्रेस को पूर्व-मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत नवाडीह स्टेशन पर ठहराव की अनुमति दी है। इसके तहत रांची-मधुपुर एक्सप्रेस नवाडीह स्टेशन पर सुबह 11.14 बजे आएगी और दो मिनट बाद प्रस्थान करेगी। मधुपुर-रांची एक्सप्रेस नवाडीह स्टेशन शाम 5.10 बजे आएगी और दो मिनट बाद रवाना होगी।



**पुरी-आनंदविहार के बीच मुरी होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन :** पूर्व तट रेलवे के द्वारा पुरी से आनंदविहार के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन शनिवार को पुरी से रवाना होगी और रविवार को आनंदविहार स्टेशन पहुंचेगी। आनंदविहार से यह ट्रेन रविवार को रवाना होगी और सोमवार को पुरी पहुंचेगी। इस ट्रेन का झारखंड के बांसपानी के अलावा डांगापोशी, चाईबासा, चांडिल, मुरी, बोकारो, राजाबेड़ा सहित अन्य स्टेशनों होकर गुजरेगी।

### ईडी ने मुंबई में हीरानंदानी ग्रुप के कई ठिकानों पर छापे मारे

**मुंबई।** ईडी ने फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हीरानंदानी समूह के कई कार्यालयों पर छापेमारी की। विदेशी मुद्रा विनिमय नियमों के कथित उल्लंघन के लिए पवई में हीरानंदानी समूह के मुख्यालय और मुंबई और निकटस्थ रायगढ़ में कम से कम तीन अन्य कार्यालयों पर छापेमारी और तलाशी चल रही है। फेमा कानूनों के संभावित उल्लंघनों को सत्यापित करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ईडी यह जांचने के लिए अपने वित्तीय लेनदेन को स्कैन कर रहा है कि क्या वे नियमों के अंतर्गत आते हैं। इससे पहले, मार्च 2022 में आयकर विभाग ने हीरानंदानी समूह पर छापेमारी की थी। विभाग ने कंपनी द्वारा संदिग्ध कर चोरी के लिए मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में उसके कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

### रामगढ़ थाना में युवक ने लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुआ शव का पोस्टमार्टम, फॉरेंसिक ने जुटाए सैंपल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ थाने के हाजत में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगा ली। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मृतक अनिकेत उर्फ कोका चोरी की एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। बुधवार की देर रात तक उससे पूछताछ नहीं हो पाई थी। इसी बीच उसने हाजत में पुलिस द्वारा दिए गए कंबल को फाड़कर हाजत के शौचालय में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जब देखा कि अनिकेत 10 मिनट के बाद भी शौचालय से बाहर नहीं निकाला और आवाज देने के बाद भी उसने कोई रिस्पांस नहीं किया तो तत्काल टीम अंदर घुसी। पुलिस ने उसे फंदे से लटका देखा तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह खुदकुशी का मामला है। मिलोनी क्लब निवासी ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर



### परिजनों ने पुलिस पर लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोप

अनिकेत की मौत को लेकर परिजनों ने जमकर बवाल काटा। सबसे पहले परिजन गुरुवार की सुबह जब रामगढ़ थाना पहुंचे तो उन्हें यह बताया गया कि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। यह सुनकर परिजन आपा खो बैठे और उन्होंने पुलिस पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां भी अनिकेत से वे मिल नहीं पाए। इसके बाद उन्हें पता चला कि अनिकेत की लाश पोस्टमार्टम हाउस में पड़ी हुई है।

### सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश में 30 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को किरू जलविद्युत परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश भर में 30 स्थानों की तलाशी ली। सीबीआई ने देश के विभिन्न शहरों में 30 स्थानों पर छापेमारी के लिए 100 अधिकारियों के साथ सुबह अपना अभियान शुरू किया। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। सत्यपाल मलिक 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल थे।

## इंडिया

# भारत बने ब्रांड कब तक भारतीय दूसरों को संवारेंगे?



सुनील बादल

*इजराइल* ने हमास के साथ छिड़े युद्ध के बाद भारत से एक लाख कामगारों को इजराइल भेजने का आग्रह किया है इजराइल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर फिलिस्तीन के नागरिकों की जगह लेंगे । इजरायल द्वारा भारत से मांगे गए एक लाख कामगारों की संख्या में इंजीनियर भी शामिल हैं। इसी प्रकार ताईवान ने भी घोषणा की थी कि उसे लगभग एक लाख भारतीय इंजीनियरों की आवश्यकता है। इसके पूर्व जापान ने भी लगभग 2 वर्ष पूर्व घोषणा की थी कि वह 2 लाख भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जापान में विभिन्न कंपनियों में करेगा। एक अन्य समाचार के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्या नडेला एवं गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुंदर पिचाई भी प्रयास कर रहे हैं कि इनकी कंपनियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस प्रकार भारतीय इंजीनियरों की भर्ती बढ़ाई जाए। अमेरिका एवं कनाडा आदि देशों में पहले से ही लगातार कुछ वर्षों से इन देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में लाखों भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जारी है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत आज पूरे विश्व में इंजीनियरों की आपूर्ति का बहुत बड़ा केंद्र बन गया है । हाल ही में एक रोचक जानकारी सामने आई है कि रूस जैसे कुछ देशों की महिलाएं पति के रूप में भारतीय पुरुषों के प्रति आकर्षित हो रही हैं। क्योंकि, भारतीय पुरुष तलाक जैसी कुरीतियों से मीलों दूर दिखाई देते हैं। भारतीय पुरुष एक बार शादी के बाद पूरे जीवन भर अपनी पत्नी को सुखी जीवन प्रदान करते हैं। यह भारतीय सनातन संस्कृति का प्रभाव है। विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है। इन देशों में तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है एवं अमेरिका में तो लगभग 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं रहती है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच कुल मिलाकर इन देशों में बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है



एवं इन देशों में बच्चे गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में गहरी रुचि नहीं ले पा रहे हैं। अतः इन देशों में महिलाएं बहुत अधिक परेशानी में दिखाई दे रही हैं एवं वे भारतीय पुरुषों को अपने पति के रूप में स्वीकार करने को लालायित दिखाई दे रही हैं। आज 1.40 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, जो इन देशों की नागरिकता प्राप्त करने का इंतजार कर रहे हैं एवं इसके अतिरिक्त 1.80 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के स्थायी नागरिक बन चुके हैं। अतः कुल मिलाकर 3.20 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक आज विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के नागरिकों का यह वर्ग न केवल इन देशों में भारतीय सनातन संस्कृति को फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है बल्कि अपनी बचतों को भारत में भेजकर भारत में अपना पूंजी निवेश भी बढ़ा रहा हैं। पिछले वर्ष, भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि भारत में भेजी गई थी, जो पूरे विश्व में किसी भी देश में भेजी गई राशि में सबसे अधिक है। भारतीय मूल के नागरिक अपने संस्कारों के चलते इन देशों में शीघ्र ही अपना विशेष स्थान बना लेते हैं एवं अपनी मेहनत के बल पर सम्पन्नता भी प्राप्त कर लेते हैं। आज भारतीय मूल के नागरिक कई देशों में राजनैतिक क्षेत्र में भी बहुत आगे आ गए हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित कई देशों के प्रमुख आज भारतीय मूल के नागरिक ही हैं। जब विशेष रूप से विकसित देशों में भारत से डॉक्टर, इंजीनियर एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ भारत से बाहर जाते हैं तो इन विशिष्ट श्रेणी में विशेषज्ञों की भारत में कमी होना स्वाभाविक है। अब तो ऐसा आभास होने लगा है कि पूरे विश्व के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे भारत तैयार कर रहा है। यह विशेषज्ञ विभिन्न देशों में जाकर इन देशों की कंपनियों को मजबूती प्रदान करते हैं एवं यह कंपनियां पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलाने में सफल हो रही हैं। अब समय आ गया है कि भारतीय कंपनियां भी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बनें एवं पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलाएं।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 फीसदी तक एफडीआई को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति देने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में संशोधन को मंजूरी दे दी। उपग्रह उप-क्षेत्र को तीन अलग-अलग गतिविधियों में विभाजित किया गया है-प्रक्षेपण यान, उपग्रह और उपग्रह घटक। संशोधित नीति के तहत लॉन्च वाहनों में 49 प्रतिशत तक, उपग्रहों में 74 प्रतिशत और उपग्रह घटकों में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। 'प्रक्षेपण वाहन' के अंतर्गत परिभाषित गतिविधियां संबद्ध प्रणालियां या उपप्रणालियां हैं और अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने व प्राप्त करने के लिए अंतरिक्ष बंदरगाहों का निर्माण इसमें शामिल है। इसी तरह, 'उपग्रह' के अंतर्गत



गतिविधियां विनिर्माण और संचालन हैं, उपग्रह डेटा उत्पाद, ग्राउंड सेगमेंट और यूजर सेगमेंट हैं। मौजूदा नीति के अनुसार, उपग्रहों की स्थापना और संचालन में केवल सरकारी अनुमोदन मार्ग से एफडीआई की अनुमति है। कैबिनेट की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 के तहत दृष्टिकोण और रणनीति के अनुरूप, कैबिनेट ने विभिन्न उप-क्षेत्रों/गतिविधियों के लिए उदारीकृत एफडीआई सीमा निर्धारित करके अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति को आसान बना दिया है।

## एक नजर

### पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या करनेवाला गिरफ्तार

**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत मुंडा कुंजला गांव के रतन तिड़ू नामक युवक ने मामूली विवाद में गत बुधवार की रात अपनी पत्नी बिंझिया तिड़ू (35) की पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या कर दी। गुरुवार सुबह घटना की सूचना मुरहू थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। इस संबंध में आरोपित के बड़े भाई महादेव तिड़ू ने बताया कि बुधवार को आरोपित रतन तिड़ू अपनी पत्नी के साथ निकटवर्ती गांव राजा कुंजला में आयोजित हड़गड़ी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम समाप्ति के बाद शाम में जब दोनों पति-पत्नी वापस गांव लौट रहे थे तो रास्ते में पीने खाने के दौरान संभवतः उनके बीच आपस में कुछ विवाद हो गया। पति-पत्नी के बीच हुए इस विवाद के कारण ही आरोपित उसके छोटे भाई रतन तिड़ू ने अपने घर के समीप ही गांव में अपनी पत्नी की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी और गांव वालों को बताया कि उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई है।

### बच्चों का शिक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण आवश्यक : राजेन कुमार

**खूंटी।** सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची और जीव दया फाउंडेशन यूएस के सहयोग से खूंटी प्रखंड के डुमरदगा एवं मांहु नायक टोली में प्री स्कूल बच्चों के बीच दूध और बिस्कुट का वितरण प्रत्येक दिन किया जाता है। इसी कड़ी में गुरुवार को 67 बच्चों को यूनिफार्म, जूते-मोजे और उनके अभिवावकों को 50 किलो अनाज( चावल, दाल, आटा, नमक, हल्दी, मसाला, तेल, साबुन) का किट वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव राजेन कुमार ने कहा कि बच्चों का शिक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण आवश्यक है। बच्चों के साथ कोई भी अनैतिक कार्य होता है तो यह जघन्य अपराध है। ऐसी घटना की सूचना तुरंत संस्था को दें, ताकि समय पर उन्हें मदद मिल सके। संस्था के अरविंद कुमार ने कहा कि बाल विवाह बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी से बच्चों को बचाकर शिक्षित एवं स्वस्थ बनाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि अनाथ बच्चों के लिए कई सरकारी योजनाएं हैं।

### बुढ़मू पुलिस पर बर्बरता का आरोप

बुढ़मू। बुढ़मू थाना में पदस्थापित एएसआई मजीद आलम पर घरेलू विवाद में थाना पहुंचे बाप-बेटा की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है. पीड़ित अजय साहू बुढ़मू थाना क्षेत्र के डडिया गांव का रहने वाला है. उसके एक हाथ की हथेली की हड्डी टूट गई है. वहीं उसका बेटा घायल है. स्थानीय हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद पीड़ित अजय साहू ने एएसआई मजीद आलम की शिकायत वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा और ग्रामीण एसपी से कर कार्रवाई की मांग की है. पीड़ित अजय साहू ने बताया कि घरेलू विवाद के सुलहनामा के लिए थाना बुलाया गया था. जहां एएसआई मजीद आलम ने पैसे की डिमांड की. पैसा देने में असमर्थता जताने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और लाठी-डंडे से मुझे और मेरे बेटे को बेरहमी से पीटा, जिससे मेरे एक हाथ की हड्डी टूट गई है. वहीं इस आरोप पर एएसआई मजीद आलम ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है. मैंने सुलहनामा के लिए बुलाया था. अजय साहू और उनके बेटे ने एक महिला को लात-घूसों से पीटा. मना करने पर भी नहीं माने, बीच-बचाव करने में चोट लगी. पैसा मांगने और पिटाई करने का आरोप बिलकुल गलत है.

### लक्ष्मी नर्सिंग होम में हंगामा, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**रांची।** गुरुवार को राजधानी रांची के हिनू स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में हंगामा हुआ. मिली जानकारी के अनुसार, एक गर्भवती महिला प्रसव के दर्द से छटपटाती रही. परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही बरती. महिला के अनुरोध के बाद भी डॉक्टर ने ऑपरेशन नहीं किया.

# सदानों को अपने हिस्से व अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी : नवल किशोर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वाधान में 27 फरवरी को आयोजित अधिकार मार्च कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान के रंगमंच पर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धनंजय कुमार राय ने की। रांची के मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक अधिकार मार्च के माध्यम से बड़ी संख्या में मूलवासी सदान मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता अपने हक और अधिकार की आवाज को बुलंद करेंगे। इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए धनंजय कुमार राय ने कहा कि मूलवासी सदान इस बार अपने अधिकार की लड़ाई के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षण करेंगे। समाजसेवी नवल किशोर सिंह और नवदीप कुमार महतो ने अलग-अलग कहा कि सदानों को खुद अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। हम सरकार की उपेक्षा को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिकार मार्च की सफलता को लेकर सुरेश महतो, धनंजय महतो, मुमताज खान, उमेरा खातून, बसंती देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी, विजय महतो, कोरेस मिरदाहा तथा आनंद साहु सहित कई लोगों ने अपनी बातें रखी और आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई।

## जिला पशुपालन पदाधिकारियों को किया गया शोकॉज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि कृषि, पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के लिए आवंटित राशि का सदुपयोग करें। लाभुकों के चयन के अनुसार व्यय करना सुनिश्चित हो। उन्होंने गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित एनआईसी सभागार में सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा में कई निर्देश भी दिये। सचिव ने कई जिलों में निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जतायी। गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला -खरसांवा और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी और सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शोकॉज नोटिस देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगले आठ दिनों के अंदर अगर योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी नहीं आती है अथवा प्रदर्शन में सुधार नहीं आता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### सदन में सरकार को घेरेगी भाजपा, विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

**रांची।** शुक्रवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर भाजपा ने विधायक दल की बैठक की. जिसमें सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई. भाजपा ने बैठक में तय किया कि पार्टी विधानसभा में सरकार से जेएसएससी और जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग करेगी. 2023-24 के बजट की मात्र 54 फीसदी राशि खर्च करने और अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला उठाएगी. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, बिरंची नारायण, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, केदार हाजरा, अनंत ओझा, नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास, केदार हाजरा, समरी लाल, कोचे मुंडा, नारायण दास और नवीन जायसवाल शामिल हुए.

# अबुआ आवास निर्माण कार्य को 100 दिन में पूरा करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड में अबुआ आवास योजना से 518 आवासों की स्वीकृति मिली है उनमें से 498 आवासों का जिओ टैगिंग कर दिया गया। इस योजना को मनरेगा से भी जोड़ा गया है जिसके तहत मनरेगा का 95 मानव दिवस काम कराना होगा। अबुआ आवास की राशि चार किस्तों में दो लाख रुपया का भुगतान किया जाएगा। प्रथम किस्त 30000 डीपीसी तक, द्वितीय किस्त लिलटन तक 50000, तृतीय किस्त ढलाई तक एक लाख रुपया व बीस हजार रुपया फाइनल स्टेज में मिलेगा। तीन कमरों का मकान बनेगा, किन्ही का शौचालय नहीं बना है तो उन्हें शौचालय भी दिया जाएगा। लापुंग प्रखंड में आदिवासी व हरिजन को 259, ओबीसी 181, माइनुरिटी को 52 व जेनरल कोटा के तहत 26 लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। आवास का प्रथम किस्त लेने के पूर्व जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पास बुक पंचायत सचिव के पास यथाशीघ्र जमा करने का निर्देश दिया गया ताकि डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि मिलने में आसान होगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने सभी लाभुकों से अबुआ आवास योजना को 100 दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की जानकारी लेने के लिए गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मंगा तिर्की ने लापुंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात की और आवश्यक जानकारी ली। मंगा तिर्की ने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों को विचौलियो व दलाल से सावधान रहने की जरूरत है । मौके पर पड़हा समिति के बंधु उरांव तथा समाजसेवी करमचंद भगत मौके पर उपस्थित थे।

### मादक पदार्थों की खेती और करोबार के खिलाफ अभियान चलायें अधिकारी : डीसी

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले के थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी व फारेस्ट रेंजर द्वारा आपसी समन्वय के साथ अपने क्षेत्र में हो रहे मादक द्रव्य पदार्थों की खेती और कारोबार को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाये। उपायुक्त गुरुवार को नार्को कॉ र्डिनेशन सेंटर की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थ्ज्ञे। उन्होंने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। डीसी ने प्रखंड के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेषकर अड़की एवं सायको थाना क्षेत्र में अभियान चलायें। साथ ही जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास क्षेत्रों में विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं मुखिया की उपस्थिति में ग्रामसभा की बैठक कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

### बाबा बनखंडी धाम में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव

# श्रमदान से हो रहा चबूतरा व सीढ़ी निर्माण कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के पबीरा पहाड़ में समुद्र तल से 2226 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित प्रसिद्ध बाबा बनखंडी धाम में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही है। ग्रामीणों ने गुरुवार को ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा के नेतृत्व में बैठक कर आठ एवं नौ मार्च को आयोजित महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान भोलेनाथ की भव्य पूजा अर्चना और रात में 12 घंटे की अखंड हरीकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं नौ मार्च को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा के नेतृत्व में बैठक किया गया और महाशिवरात्रि मेला के भव्य आयोजन के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। मेला में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, भीड़ को नियंत्रित करने तथा विधि व्यवस्था को ठीक ठाक करने करने के लिए मेला में स्वयं सेवकों की तैनाती सहित पेयजल की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा ने बताया कि उनके नेतृत्व में पबीरा गांव के स्वयं सेवकों ने चबूतरा एवं सीढ़ी निर्माण कार्य का बीड़ा उठाया है और श्रमदान की मदद से सीढ़ी और चबुतरा का निर्माण कार्य कर रहे हैं। शिवरात्रि के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है। बैठक में भाग लेने वाले और श्रमदान करने वालों में समाजसेवी बिरंची महतो, रामदेव साहु, कार्तिक तिर्की, रामेल मुंडा, करमचन्द उरांव, जयराम मुंडा, कैलाश मुंडा, ललित उरांव, अम्बवा मुंडाईन, विशु कन्या, बुधु कन्या सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सीटी स्कैन यंत्र अधिष्ठापन के लिए केंद्रीय मंत्री ने किया भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
आइओसीएल के सीएसआर मद से सदर अस्पताल खूंटी परिसर में स्थापित होनेवाले सीटी स्कैन यंत्र के अधिष्ठापन कार्य का गुरुवार को केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि आज खूंटी में 32 स्लाइस की अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन लगाने का काम शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि खूंटी छोटा और नया जिला हो सकता है, लेकिन यह ऐतिहासिक, महत्वपूर्ण और संदेश देनेवाला जिला है। खूंटी में इस प्रकार की सुविधा स्थापित होने से अब खूंटी आदर्श जिले के रूप में स्थापित होने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यहां सिटी स्कैन यंत्र स्थापित होने के बाद क्षेत्र के लोगों को अब सीटी स्कैन करने के लिए रांची अथवा अन्य शहरों की ओर जाना नहीं पड़ेगा। सीटी स्कैन यंत्र से स्थानीय लोगों के साथ ही दुर्घटना के शिकार हुए ट्रामा मरीजों के इलाज में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने आइओसीएल एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द सीटी स्कैन यंत्र के अधिष्ठापन कार्य को पूरा कर इसका उचित रूप से संचालन किया जाए, ताकि इसका लाभ यहां के लोगों के साथ ही नेशनल हाईवे में होनेवाली दुर्घटना के शिकार लोगों को मिल सके। उन्होंने लोगों से अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ रहना हर व्यक्ति का अधिकार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी जिले के 254 जनजातीय बहुल गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।

### ओलावृष्टि में हुए फसलों के नुकसान की मुआवजा के लिए जनसभा

# अधिकार मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा : अशुतोष तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखंड के चुटियो फुटबॉल मैदान में गुरूवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के नेतृत्त्व में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए हम लोगों को पुरजोर आंदोलन करना होगा। क्योंकि सरकार की तरफ से जो मुआवजा राशि निर्धारित की गई है और काफी कम है। साथ ही बहुत सारे ऐसे किसान हमारे क्षेत्र में है जो खेती तो करते हैं किंतु जमीन दूसरे की होती है। वैसे किसानों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। हमें मिलकर ऐसे किसानों के हक दिलाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार जब चुनाव आता है तो किसानों के ऋण माफ करते हैं, लेकिन ऐसी प्राकृतिक आपदा के समय में जब किसान की कमर टूट जाती है तो उन्हें पैसों की जरूरत होती है। उन्होंने किसानों को केसीसी ऋण लेने की भी सलाह दी। साथी उन्होंने ऐसे मौके पर सरकार से नगदी फसलों के बीच किसानों को मुफ्त में देने की मांग भी की। उपस्थित जन समूह ने भी उनके साथ स्वर मिलाकर कहा कि अधिकार मिलने तक संघर्ष जारी रहेग। जरूरत पड़े तो प्रखंड कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा और कृषि मंत्री तक बात पहुंचाई जाएगी। समाजसेवी लतीफ अंसारी और पाडहा राजा सुनील मुण्डा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने हक और हुकुक के लिए हमें आगे आना होगा आज विधायक सांसद सारे लोग अपने-अपने फायदे के लिए लगे हुए हैं। हम गरीबों और पीड़ितों का हक दिलाने में कोई आगे नहीं आ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हमें उचित मुआवजा नहीं मिलता है तो हम लोग इसके लिए जोरदार आंदोलन भी करेंगे। इस पर उपस्थित जन समूह में एक स्वर से आंदोलन के लिए हमें भारी। सभा को जितेन्द्र उरांव ने भी संबोधित किया।

## सरला बिरला स्कूल के छात्र अभिनम का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्र अभिनम ने डॉटएक्स चैंम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र अभिनम ने कैटरपिलर विंग्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा आयोजित ऑनलाइन डॉटएक्स चैम्पियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. उन्होंने तनाव के विभिन्न पहलुओं और उसके कारणों को उजागर करने वाला एक मजेदार वीडियो बनाने के लिए सीनियर वर्ग में सराहना पुरस्कार और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्र को उसके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी. विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्र की उत्कृष्ट उपलब्धि की सराहना की और दूसरे बच्चों को भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया.

## न्यूज बॉक्स

### हिंडाल्को सीएसआर विभाग मुरी ने 30 रोड बैरिकेट प्रशासन को सौंपा




**मुरी।** सिल्ली मुरी के सड़कों पर लोगों की सुरक्षा को लेकर हिंडाल्को सी एस आर विभाग मुरी द्वारा 30 रोड बैरिकेट सिल्ली पुलिस एवं मुरी ओपी को सौंपा गया। मुरी चेक पोस्ट, बड़ा मुरी बस स्टैंड, झारखंड मोड़, सिंगपुर चौक, रामपुर चौक, सिल्ली थाना के समीप साथ ही अन्य कई चौक चौराहों पर इसे सड़क के दोनों ओर से लगाया जाएगा। इसके लग जाने से वाहनों की गति धीमी होकर चौक चौराहों से गुजरेगी। एवं दुर्घटना होने की संभावना कम हो जाएगी। इस मौके पर एच आर हेड अरुण राय, अनिल कुमार सिंह, श्याम गुप्ता, गौरी शंकर ,भरत सिंह, मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, सिल्ली थाना के अवर निरीक्षक राजिव रंजन समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### छोटा मुरी वैष्णवी दुर्गा मंदिर में भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



**मुरी।** छोटा मुरी रेलवे मार्केट के समीप श्री श्री वैष्णवी दुर्गा का सप्तम स्थापना दिवस बड़ी धुमधाम के साथ मनाया गया। पुरोहित यज्ञानन्द मिश्रा द्वारा बुधवार की सुबह 10 बजे से पुजा प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम षोडशोपचार पूजन शप्तसती पाठी(पंचम अध्याय)भोग अर्पण सामूहिक हवन आरती एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।एवं संध्या 7 बजे से विशेष नैवेदय अर्पण, आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। संध्या 8 बजे से माता का जागरण जय माता दी जागरण मंडली रांची के द्वारा प्रस्तुत किया गया। भक्ति जागरण में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।जागरण में भक्ति गानों के साथ महिलाएं, बच्चे समेत पुरुष भी भक्ति रस में झुमने लगे। बहुत ही धुमधाम के साथ भक्ति जागरण सम्पन्न हुआ। काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेश कुमार, किस्टो ताती, तुलसी महतो समेत समिति के लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### अंतरर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता बने जेएसएसपीएस के साईकलिस्ट



**रांची।** झारखण्ड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के दो साईकलिस्ट ने नई दिल्ली में आयोजित 43वीं सीनियर और 30 वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकलिंग चैंपियानशिप में स्वर्ण पदक जीता है। सबीना कुमारी ने महिला टीम स्प्रिंट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया व नारायण महतो ने बालक टीम स्प्रिंट वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। जेएसएसपीएस का संचालन सीसीएल और झारखंड सरकार संयुक्त रूप से करती है। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। नारायण महतो और सबीना कुमारी अब आगामी वर्ल्ड चैंपियानशिप (जो अगस्त 2024 में चीन में होने वाला है ) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय टीम में झारखंड के तीन सहित कुल 42 साइकिलिस्ट शामिल थे। प्रतियोगिता में 18 देशों के 600 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में पहले दिन वीमेन जूनियर टीम स्प्रिंट स्पर्धा में झारखंड की सरिता और सबीना कुमारी ने अपनी टीम को गोल्ड दिलाया। नारायण महतो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों की स्प्रिंट स्पर्धा में सिल्वर मेडल दिलाया। पहले दिन स्वर्णिम शुरूवात के साथ एक गोल्ड सहित 4 पदक भारत को प्राप्त हुए। आगे 4 स्पर्धा बाकी है जिसमें उम्मीद किया जा रहा है कि नारायण महतो एवं सबीना कुमारी भारत को और पदक दिलाएंगे। ज्ञात हो कि इसके पहले भी अकादमी के खिलाड़ियों ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 75वीं सीनियर 52वां जूनियर एवं 38 वां सब जूनियर महिला / पुरुष / बालक एवं बालिका ट्रैक साईकलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं।

### प्रोजेक्ट उत्कर्ष खेल परियोजना के लिए ओपन ट्रायल में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

खूंटी। जिला प्रशासन की ओर से विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत प्रोजेक्ट ष्उत्कर्षष सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स खेल परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत सभी प्रखंडों में खेल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम खूंटी में ओपन ट्रायल किया गया, जिसमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि इस आयोजन से जिले में श्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं को शिविर में भाग लेने के लिए चयन एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। उपायुक्त ने उत्कर्ष खेल परियोजना के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए, जिससे खूंटी जिला के खेल प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो सके।

### क्राइम सिटी बन रही राजधानी रांची, हर महीने बड़ी वारदात को अंजाम दे रहे अपराधी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में एक के बाद एक बड़ी घटनाओं को अपराधी अंजाम दे रहे हैं. हाल के कुछ महीने में रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराधियों के द्वारा गोलीबारी और हत्या की कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया. इसमें कई कांडों का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया, लेकिन अभी भी कई ऐसे मामले हैं, जिसमें शामिल अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. 30 सितंबर 2023ः लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसु गांव में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने राजेश और संदीप नाम के दो दोस्तों को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी. गोलीबारी की घटना में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संदीप बुरी तरह से जख्मी हो गया था. घटना में शामिल अपराधी पकड़ से दूर है. 19 अक्टूबर 2023ः इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में तीन युवकों दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश नाम के युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी थी. घटना में शामिल अपराधी पकड़ से दूर हैं. नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित नयासराय में ढाबा संचालक शमशुल होदा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना में शामिल अपराधी गिरफ्तार हो गया.

## मौलाना आजाद एकता, सद्भाव और साझा संस्कृति के प्रतीक




### मौलाना आजाद की 66 वीं पुण्यतिथि पर स्मारिका का किया गया लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मौलाना आजाद कालेज में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री और भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 66 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मौलाना आजाद कालेज की ओर से विशेष स्मारिका का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के हिदायतुल्ला खान ने कहा कि मौलाना आजाद भारतीय एकता, सद्भाव और मिली जुली संस्कृति के प्रतीक थे मौलाना के विचार और संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने कहा कि मौलाना आजाद गंगा जमुनी तहजीब के मजबूत स्तंभ थे । उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी। अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष और कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोख्तार अहमद सचिव इम्तेयाज अली, पूर्व पार्षद मो. असलम, समाज सेवी नदीम इकबाल, रंजन पासवान, हाजी जाकिर, नौशाद अंसारी लाइब्रेरियन गुल फरहा, सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षेत्तर कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### हेसल में डबल मर्डर का मामला

# स्थानीय लोगों के दबाव में छोड़े गए हिरासत में लिए गए सभी छह युवक

**जमीन कारोबारी कमलभूषण हत्याकांड के आरोपी डब्लू कुजूर के साथ भी कारोबार में शामिल था बिरसा**

**बिरसा की पहली पत्नी से भी हुई पूछताछ, बिरसा से प्रताड़ित लोग भी हैं पुलिस के निशाने पर**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। राजधानी के पंडरा थाना क्षेत्र के जोड़ा मंदिर स्थित जनक नगर में बुधवार देर रात बिरसा उरांव और सोनी मुंडा की हत्या मामले में पंडरा थाना ने हेसल के छह लोगों पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। वहीं जांच के क्रम में पुलिस को पता चला कि चर्चित जमीन कारोबारी कमल भूषण के हत्या में जिस डब्लू कुजूर का नाम आया था उसके साथ भी बिरसा जमीन का कारोबार कर रहा था। इसके बाद पुलिस जमीन कारोबार में विवाद की दृष्टि से इस हत्याकांड को जोड़कर देख रही है। इधर जैसे ही हेसल के लोगों को सूचना मिली कि डबल मर्डर कांड में छह स्थानीय युवकों को पुलिस हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। वे गुरुवार दोपहर को बड़ी संख्या में थाना पहुंचे और प्रभारी से कहा की पुख्ता सबुत होने पर ही स्थानीय लोगों को पकड़ें। शक के आधार पर जिन स्थानीय युवकों को हिरासत में लिया गया है उसमें से कई युवकों का अपराध की दुनिया से दूर तक कोई मतलब ही नहीं है। स्थानीय लोगों के कहने पर पुलिस ने देर शाम हिरासत में लिए गए सभी युवकों को बॉन्ड भराने के बाद छोड़ दिया। वहीं थाना प्रभारी शिव नरायण तिवारी ने कहा कि अभी तक अपराधी का पता नहीं चला है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगी। वहीं स्थानीय मुनी लाल उरांव का कहना है कि पुलिस बिना जांच किये ही कुछ बेगुनाहो को उठा ली थी, जिनका न तो जमीन कारोबार से संबंध है और न ही बिरसा के परिवार के साथ सीधा संबंध है। मालूम हो कि बुधवार की रात पूर्व अपराधी बिरसा उरांव और उसकी तीसरी पत्नी सोनी को गोली मार कर अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी थी। बिरसा का अपनी पहली और दूसरी पत्नी से भी विवाद था। साथ ही बिरसा ने तीन हत्याएं भी की थी और पुलिस की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि बिरसा ने अपनी पहली पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। बिरसा को यह शक था कि उसकी पहली पत्नी का किसी व्यक्ति से अवैध संबंध है। हत्या के बाद बिरसा को सजा हो गई थी। जेल से बाहर आने के बाद उसने अपनी पहली पत्नी को मारपीट कर घर से बाहर भगा दिया था। पुलिस की जांच के दायरे में वैसे लोगों के परिजन व मित्र भी हैं जो बिरसा के हाथों मारे गए थे। सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए सभी लोग ऐसे हैं जो कभी न कभी बिरसा के हाथों प्रताड़ित हुए थे। बिरसा की पहली पत्नी से भी थाने में पूछताछ की जा रही है।

### बालू की किल्लत दूर करें मुख्यमंत्री : दीपक

**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को राज्य में बालू की कमी को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बालू की किल्लत है और इसकी कालाबाजारी हो रही है। राज्य में सिर्फ 21 बालू घाट चालू हैं, बाकी सभी बंद हैं। बालू की अवैध ढुलाई हो रही है। अवैध ढुलाई कर रहे वाहनों को पकड़ा जा रहा है। पकड़ने के बाद अवैध वसूली की जा रही है। इसके कारण राज्य में बालू की कीमत आसमान छू रही है। राज्य को मिलने वाले राजस्व में कमी हो रही है। भाजपा सांसद ने पत्र के माध्यम से कालाबाजारी के कारण बालू की आसमान छूती कीमतों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए लिखा है कि रांची में एक हाइवा बालू 18 हजार रुपये में मिलता था, लेकिन ब्लैक में बालू आज 40 हजार से 50 हजार रुपये में मिल रहा है। वहीं, अब प्रति टर्बो बालू की कीमत 6500 से 7500 रुपये हो गई है, जो पहले तीन हजार रुपये थी। वह भी कठिन परिस्थितियों के बाद मिलती है।

## एक नजर

### महिला की हत्या मामले में सौतन और उसका भाई दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को अपनी सौतन की हत्या के मामले में मिमता देवी और उनके भाई सुभाष महतो को दोषी ठहराया है। कोर्ट इनकी सजा के बिंदु पर पांच मार्च को सुनवाई करेगा। मामले में अदालत ने मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोप है कि कांके थाना क्षेत्र के धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी अपने भाई सुभाष महतो संग मिल कर कर दी थी। बाद में दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के संग मिल कर हत्या की घटना को अंजाम दे दिया। हत्या की घटना को लेकर मृतका के पिता ने अपने दामाद धनराज महतो और उनकी पहली पत्नी और उनके भाई के खिलाफ कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### झामुमो ने आठवें दिन भी जारी रखा उपवास




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष आठवें दिन गुरुवार को बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम हुआ। मौके पर हीरालाल मांझी ने कहा जिस तरह से हमारे नेता हेमन्त सोरेन को जेल भेजकर केंद्र सरकार प्रताड़ित कर रही है। इसके विरोध में हम गांव गांव जाकर लोगों को बताने का काम कर रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा साजिश के तहत हेमंत सोरेन को बिना कोई ठोस सबूत के ईडी की ओर से जेल भेजने का काम किया गया है, जहां उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है। इससे कार्यकर्ताओ मे काफी रोष है।

## डालमिया सीमेंट के नये ब्रांड के एंबेसेडर होंगे अभिनेता रणवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। इसके तहत गुरुवार को होटल बीएनआर में कंपनी ने अपने सदस्यों के साथ सेमिनार का आयोजन किया। बताया कि कंपनी आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के साथ अपने ब्रांड ला रही है। इससे घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने और इसका सही इस्तेमाल करने के बारे में जागरूकता पैदा करनी है। कंपनी ने इस अभियान में फिल्म के सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे व्यापक रुप में लॉन्च किया जाएगा। कंपनी के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पिछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद प्रदान किया है। अगले एक से दो वर्षो में कंपनी अपने उत्पादन को 130 मिलियन टन करने की बात कही है। कंपनी के सीईओ समीर नागपाल ने कहा कि हमारा मानना है कि ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, ताकि वे सही जानकारी पर आधारित विकल्प चुन सकें। डालमिया सीमेंट ने पिछले कुछ सालों में सीमेंट बनाने की प्रोप्राइटरी तकनीकी जानकारी विकसित की है, जो रूफ कॉलम और फाउंडेशन के लिए इसे सबसे उपयुक्त बनाती है। मौके पर कंपनी के नेशनल सेल्स हेड सुनील अग्रवाल, जोनल हेड गिरिश रंजन, स्टेट हेड श्रीकांत वर्मा सहित अन्य कई लोग शामिल रहें।







## कांके रोड में ब्लड बाइट टैटूज पार्लर का हुआ शुभारंभ

**रांची। कांके रोड स्थित प्रेमसंस मोटर के सामने ब्लड बाइट टैटूस पार्लर का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। पार्लर के संचालक रवि सोनकर बताते है कि इन दिनों लोगो को टैटूस काफी पसंद आ रहा है। युवाओं में इसका क्रेज काफी देखने को मिल रहा है। मैने इस क्षेत्र में 10 वर्षो का अनुभव रहा है। झारखण्ड में हमारा दूसरा ब्रांच है। अभी रामगढ़ में भी ये पार्लर लोगो को अपनी सेवा दे रहा है। यहां टैटू बनाने के साथ साथ ट्रेनिंग की भी सुविधा दी जाएगी। उन्होंने आये बताया कि हमारे अकादमी से निकले छात्र देश के बहुत सारे टैटू पार्लर में अपनी सेवा दे रहे है। यहां टैटू बनवाने का चार्ज बहुत ही सामान्य है। पार्लर का उद्धघाटन संचालक के पिता कन्नू लाल सोनकर ने किया।**

### 84वें दिन धरना के बाद दिव्यांगों का टूटा सब्र का बांध, थाली बजाकर किया विरोध प्रकट

**रांची ।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के बैनर तले दिव्यांगजन राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। लेकिन उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे क्षुब्ध होकर दिव्यांगजन अपने आंदोलन को गति भी दे रहे हैं। वहीं धरने के 84वें दिन गुरुवार को दिव्यांगों का सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने थाली बजाकर प्रदर्शन किया और सरकार के प्रति अपना विरोध प्रकट किया। वहीं दिव्यांगजन प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल से राजभवन और मुख्यमंत्री आवास की ओर निकले, लेकिन पुलिस-प्रशासन द्वारा उन्हें रोका दिया गया। काफी देर तक दिव्यांग नहीं माने तो उन्हें मौजूद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सोमवार तक उन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात करा दिया जायेगा। वहीं इस आश्वासन के बाद दिव्यांगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर फिर से धरना स्थल पर लौट गए।

### एचईसी मजदूर जन संघर्ष समिति ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय का किया घेराव



**रांची ।** राजधानी रांची स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय का एचईसी मजदूर जन संघर्ष समिति ने गुरुवार को घेराव किया। एचईसी मजदूरों और कर्मियों को करीब 20 महीने से वेतन नहीं मिला है। साथ ही वर्कऑर्डर को पूरा करने के लिए भी क्रियाशील पूंजी नहीं है। बताते चलें कि प्लांट के मजदूर और कर्मी लगातार 37 दिनों से एचईसी प्लांट के पास अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## रांची के 23 थाना प्रभारी बदले

### रामेश्वर उपाध्याय पंडरा ओपी प्रभारी बने




**एसएसपी कार्यालय ने जारी किया आदेश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 23 थाना प्रभारी और तीन सब इंस्पेक्टरों की गुरुवार को पोस्टिंग की । इससे संबंधित आदेश एसएसपी कार्यालय ने जारी कर दिया है । रामेश्वर उपाध्याय पंडरा ओपी,चंद्रशेखर सिंह खेलगांव थाना, रोशन कुमार सिंह बीआईटी मेसरा, कश्यप गौतम एअरपोर्ट थाना, महेश मुंडा एसटी एससी थाना, पिंकी कुमारी साव महिला थाना, मोहित कुमार सिल्ली थाना, कुंदन कुमार मुरी ओपी, दीपक कुमार सिन्हा सिकिदरी थाना, गौतम कुमार राय पिठोरिया थाना, चंदन कुमार सोनाहातू थाना, फैज रवानी राहे ओपी, राहुल को मांडर थाना,अजीम अंसारी को चान्हो थाना, विनित कुमार को ठाकुरगांव थाना, संतोष कुमार यादव को लापुंग थाना, देव प्रताप धान को नारकोपी थाना, गोविंद कुमार को मैक्लुस्कीगंज थाना, संजीव कुमार को खादगढ़ा टीओपी, अजय कुमार को दलादली टीओपी, प्रदीप कुमार राय को विधानसभा थाना और अभिषेक राय को नगड़ी थाना का कार्यकारी थाना प्रभारी बनाया गया है।
इसके अलावा सब इंस्पेक्टर चमरा मिंज को अनगड़ा थाना, शंकर राम और लक्ष्मण पूर्ति को खेलारी थाना, अभय कुमार को चुनाव कोषांग में पदस्थापित किया गया हैं।

### किसानों के उत्पीड़न पर आज पूरे देश में मनाया जाएगा काला दिवस

**रांची।** अखिल भारतीय किसान सभा ने हरियाणा पुलिस और केंद्रीय बलों द्वारा खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों पर अभूतपूर्व और अकारण बल और उत्पीड़न की कड़ी निंदा करता है। किसन सभा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक एवम अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा की एक युवा की जान चली गई, बल्लो गांव के चरणजीत सिंह के बेटे शुभकरण सिंह की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई और खनौरी और शंभू सीमा पर दर्जनों किसानों को चोटें आई हैं। किसानों पर लाठीचार्ज, प्लास्टिक की गोलियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया गया है, कि तीन कृषि कानून वापस लेने के वक्त किसानों से किए गए वादे पूरे किए जाएं जिसके आधार पर उन्होंने दिल्ली की सीमाओं से आंदोलन उठाया था। संयुक्त आह्वान पर सफल कार्रवाई के लिए श्रमिकों और किसानों को बधाई देते हुए, नोट करते हैं कि आंदोलन की इस सफलता ने केंद्र के शासकों को घबरा दिया है।

## शीघ्र ही अरगोड़ा स्टेशन पर दो व नामकुम में एक अंडरपास बनेगा

**पीएम 26 को करेंगे रांची रेल मंडल की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास**

**रेलवे ने रांची को एक साल में 2000 करोड़ का प्रोजेक्ट दिया**

**रेल डिविजन में पहली बार केंद्र ने कई बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति दी है।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को रांची रेल मंडल की कई विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री बालसीरिंग, गोविंदपुर, बानो व ओरगा स्टेशन के अपग्रेडेशन की योजना का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा रेल ओवरब्रिज का भी शिलान्यास करेंगे। हटिया-बंडामुंडा लाइन में लोधमा व महाबुआंग में बने रोड अंडर ब्रिज का उद्घाटन किया जाएगा। चांदनी चौक हटिया से प्रोजेक्ट भवन जानेवाली सड़क स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर भी ओवरब्रिज बनाया जायेगा। इसके बन जाने से लोगों को रेलवे फाटक के पास घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका निर्माण एनएचआई करेगा। इसके अलावा अरगोड़ा स्टेशन के समीप दो व नामकुम में एक अंडरपास बनाया जाएगा। रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। उसे स्वीकृत कर लिया गया। इसके बनने से लोगों को सुविधा होगी। रेलवे ने रांची को एक साल में लगभग 2000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट दिया है। रांची रेल डिविजन में पहली बार केंद्र ने कई बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति दी है। इनकी आधारशिला रखी जाएगी।

### दस दिवसीय इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन एक मार्च से



**रांची।** दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन 1 मार्च से मोरहाबादी मैदान में लगाया जायेगा। दस दिनों तक चलनेवाले ट्रेड फेयर के आयोजन की तैयारियों को लेकर आज चैंबर भवन में चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में स्टॉल बुकिंग की समीक्षा की गई। यह भी कहा गया कि फेयर में स्टॉल लगानेवाले चैंबर सदस्यों को विशेष छूट दी जायेगी। स्टॉल लगाने के ईच्छुक व्यापारी-उद्यमी ट्रेड फेयर कमिटी से संपर्क कर सकते हैं। फेयर में होम एंड डेकोर, फाइनेंस, फर्नीचर एंड इंटीरियर, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी होगी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने संयुक्त रूप से कहा कि अपरिहार्य कारणों से ट्रेड फेयर के आयोजन की तिथि में बदलाव किया गया है। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, पूर्व महासचिव आरके चौधरी, आनंद कोठारी, जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स से तपन घोष, अमिताभ घोष, विशांत शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## 25 फरवरी को होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उक्त जानकारी देते हुए संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि झारखण्ड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन प्रेस क्लब राँची में आगामी 25 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगी। केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि 2017 के बाद झारखंड ऊर्जा विकास निगम ने पूरे राज्य में एजेंसी प्रथा लागू कर विद्युत कर्मियों का शोषण शुरू करा दिया है जिसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान काम के बदले समान वेतन मिलना चाहिए ,नौकरी में अनुभव के आधार पर पूर्व की तरह प्राथमिकता तय होनि चाहिए,वही 10 वर्ष काम किए हुए कर्मियों को नियमित नियुक्ति होनी चाहिए, साथ ही नियमित नौकरी कर रहे कर्मचारीयो को डिज्नेसन मैपिंग, कालबद्ध प्रोन्नति में विभाग लगातार सौतेला व्यवहार कर रहा है जिसपर लगाम लगनी चाहिए। अजय राय ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों की काल अवधि प्रमोशन के लिए पूर्ण हो चुकी है वैसे प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रमोशन दिया जाए! अजय राय ने बताया कि जहां आज नए का लाभ इसी विभाग के वरीय से लेकर कनीय पदाधिकारीओ तक के बीच लागू हो गया तथा उनका भुगतान एरियर के रूप में वर्ष 2018 से मिल भी चुका है वही इन बेचारे कर्मचारी वर्ग को नए का कोई भी लाभ प्राप्त नहीं हो पाया है ! डिज्नेसन मैपिंग के नियम का लाभ सभी वर्ग को मिलना चाहिए था , चाहे वह ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड हो या तीनों अनुसगी कंपनियां! अजय राय ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मेलन में कई ट्रेड यूनियन लीडर भाग लेंगे जहां इन सारे मुद्दों पर चर्चा कर आन्दोलन



## 'योग्य पेशेवर विकसित करना, शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विभाग ने अकादमिक सहयोग पहल के तहत ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक एकेडमी ऑफ झारखंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना है। फादर डॉक्टर नाबोर लकड़ा, प्रिंसिपल, सैंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ भारती रायपत प्विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग,सेंट जेवियर्स कॉलेज और , ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक एकेडमी से बीएसएजे के सचिव और संस्थापक निदेशक कु. डॉली कृष्णन, अध्यक्ष - मोहित वर्मा, नें क्रमशः कॉलेज और संस्थान की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, प्रोफेसर डॉ. वेंकट अप्पा राव, डॉ. रितेश शुक्ला, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, संस्थान के उप निदेशक आमोस टोपनो, प्रो मौली , एनी और छात्र भी उपस्थित थे। इस तरह के सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रिंसिपल ने कहा, अच्छी तरह से योग्य पेशेवरों को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह सहयोग युवा शोधकताओं को शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा। डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रिंसिपल फादर नाबोर लाकड़ा एसजे एवं वीभागाध्यक्ष डॉ भारती रायपत को धन्यवाद दिया और इस प्रयास का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और बताया कि कैसे दोनों संस्थानों के बीच यह साझेदारी क्रॉस-संस्थागत से उत्पन्न होने वाले अवसरों का लाभ उठाने में काफी मदद करेगी।

### वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना 29 को नये विधानसभा के समक्ष

**रांची।** पिछले 4 फरवरी को रांची में कोर कमिटि की बैठक में 20 को झारखंड विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया था. चूंकि झारखंड विधानसभा सत्र की तिथि में बदलाव कर दिया गया है जिसके तहत अब 23 से विधानसभा के सत्र की शुरूआत होगी, इसलिए मोर्चा द्वारा चेतावनी महाधरना कार्यक्रम अब 29 को झारखंड विधानसभा के समक्ष कुट्टे मैदान, रांची में आयोजित किया जायेगा. इस चेतावनी महाधरना कार्यक्रम की तैयारी के लिए पांच सदस्यीय तैयारी एवं व्यवस्था समिति का गठन किया गया है। तैयारी व व्यवस्था समिति में हीरानाथ साहु कार्यकारी अध्यक्ष, संजीव चौधरी वरीय उपाध्यक्ष, उपेन्द्र प्रसाद उप प्रधान महासचिव, गुड्डू साहा केंद्रीय सचिव एवं रोहित कुमार साहु जिलाध्यक्ष, रांची शामिल हैं। सभी केंद्रीय पदाधिकारियों सदस्यों, जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि चेतावनी महाधरना को सफल बनाने में पूरी शक्ति से लग जाएं।

### सातवीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता प्रारंभ, 26 राज्यों के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग



**रांची।** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम मे आज 7वी फेडरेसन कप वुशु प्रतियोगिता प्रारम्भ हो गयी.. इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और रांची के निर्वतमान विधायक सी पी सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा की खिलाड़ी अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसकी प्राप्ति के लिए प्रयास करें तभी सफलता संभव है. आज के इस उद्घाटन सत्र के अवसर पर सुहेल अहमद सी इ ओ वुशु सहित उदय साहू, मनोज महतो, प्रियदर्शी अमर, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र दुबे,डॉ कविता सिंह, मनोज साहू, शंभू सेठ, प्रद्युम्न बेहरा, अशोक मोकाशी,डी कांडिया आदि मौजूद थे. इस समारोह के उद्घाटन सत्र का संचालन शिवेंद्र दुबे ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रियदर्शी अमर ने किया।

### विद्यासागर महाराज को मिले भारतरत्न, अजय जैन

**रांची।** कांग्रेस नेता अजय जैन ने समाजसेवी विद्यासागर जी महाराज को भारत रत्न देने के लिए भारत सरकार से आग्रह किया है। जैन ने बताया कि वे यशस्वी संवाहक होने के साथ साथ राष्ट्रहित चिंतक भी थे, इसीलिये उन्होंने अपने जीवन के दीर्घकालिक साधनाकाल में धर्मतीर्थो के जीर्णोद्धार के साथ साथ भारत के राष्ट्रीय मिशन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत अनेकों प्रतिभास्थली का निर्माण भी करवाया। गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिये अनेकों गौशालायें खुलवाए हैं।

# भारत को विकसित देश बनाने में हम सभी को निभानी है भूमिका : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश के युवाओं ने ही भारत की विकास गाथा रची है। आज दुनिया हमारे देश को एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में देखती है। हमारा देश सक्रिय रूप से 2047 तक "विकसित भारत" की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में हममें से प्रत्येक को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। राज्यपाल गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यय अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं है, बल्कि समाज की भलाई में योगदान देना भी है। क्या आपने सोचा है कि आप कैसे बदलाव ला सकते हैं? कृपया अपनी सभी गतिविधियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर विचार करें। उन्होंने कहा कि अपने समुदाय और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अपनी शिक्षा और कौशल का उपयोग करें। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों तक अपनी मदद पहुंचाएं और उन्हें बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने में मदद करें। आपकी उपलब्धियों से न केवल आपको लाभ होना चाहिए बल्कि आपके आस-पास के लोगों का भी उत्थान होना चाहिए। जैसे ही आप अपने जीवन के इस नए चरण की शुरूआत करते हैं। दूरदर्शी नेता, एक प्रख्यात राजनीतिज्ञ और आधुनिक भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शब्दों को याद रखें। शिक्षा किसी के व्यक्तित्व का विकास है और वैयक्तिकता। जब आप अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महान प्रयास करते हैं तो इन शब्दों को अपने साथ रखें। राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में, मैं अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमारे विश्वविद्यालयों को एक मजबूत शिक्षा प्रणाली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। यह युग प्रतिस्पर्धा और ज्ञान का है। तकनीकी और वैज्ञानिक ज्ञान वाले व्यक्तियों की हमेशा मांग और सम्मान रहेगा। इस संस्थान को छात्रों को उनकी क्षमता हासिल करने में मदद करनी चाहिए। सिर्फ इमारत या बुनियादी ढांचे से संस्थान की पहचान नहीं मापी जा सकती। छात्रों का प्रदर्शन ही विश्वविद्यालय की पहचान स्थापित करता है। हता हूं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, और यह न केवल आपकी सफलता है, बल्कि आपके माता-पिता, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए भी गर्व का क्षण है, जिन्होंने इस राह पर आपका समर्थन और मार्गदर्शन किया है। इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में, इस खुशी को साझा करने के लिए आप सभी के साथ रहना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है।



### विवि के 198 टॉपरों को मिला गोल्ड मेडल

मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में 2018 से 2022 तक के हजारों पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को डिग्री मिली। इस समारोह में विभिन्न विषयों में 198 टॉपर को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। यहां से विवि का एक नया दौर शुरू होगा, जिसमें शैक्षणिक प्रगति के साथ ही गुणवत्ता और शोध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री सोरेन को सीयूजे के कुलपति ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केबी दास ने झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें तृतीय दीक्षांत समारोह के आयोजन की जानकारी दी तथा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय 28 फरवरी को अपना तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के नये भवन के अन्तर्गत नवनिर्मित विशाल सभागार में होगा। भवन एवं सभागार में समारोह संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति का कार्य तेजी से चल रहा है। एकेडेमिक काउंसिल, एक्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्यों, विशेष आमंत्रित अतिथियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित स्थलों पर बैठने का इंतजाम कर लिया गया है। व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, अभियंताओं की टीम एवं विभिन्न समितियों के सदस्य तथा पूरा विश्वविद्यालय परिवार युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर रहा है।



### सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 29 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में राज्य सरकार एवं सफल अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष रखा गया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में परिवर्तन कर सकती है और रूल फ्रेम कर सकती है। जो भी नियुक्ति की गई है वह नियम संगत है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टुडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गयी हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनायी गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है।

# देश के हर परिवार को सुखी करने के प्रयास में लगी है केंद्र सरकार : अर्जुन

### खादी ग्रामोद्योग आयोग ने किसानों के बीच 1.47 करोड़ के टूल किट का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/खूंटी**

केंद्र की मोदी सरकार पिछले नौ साल से देश के हर परिवार को खुश करने के प्रयास में लगी है। खासकर किसानों की आय दुगुनी करने के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं। खादी ग्रामोद्योग से जुड़कर जुड़कर महिलाएं और पुरुष आत्मनिर्भर बनते जा रहे है। विश्वकर्मा योजना के तहत पारम्परिक पारिवारिक कार्यो से जुड़े परिवार को तकनीकी रूप से विकसित करने का प्रयास लगातार केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। ये बातें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। वह कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को आयोजित खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों को एक करोड़ 47 लाख की मशीनरी और टूलकिट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



**खादी को वैश्विक मंच पर मिली पहचान**

अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया मंत्र ने खादी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है। वहीं केवीआईसी ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष स्पीकर पद्मभूषण कड़िया मुण्डा, तोरपा विधायक कोचे मुण्डा, केवीआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार, केवीआईसी के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह, केवीके निदेशक अभिजित कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।

### आंदोलित किसानों से वार्ता से समाधान निकालने का प्रयास

23 फसलों को न्यूनम समर्थन मूल्य के दायरे में लाने की मांग को लेकर हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन कें संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि किसान संगठनों के माध्यम से कुछ बातें कही गयी हैं, सरकार उन बातों पर निश्चित तौर पर विचार कर रही है, जो किसानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों से पूछ लीजिए। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सीधे राशी किसानों तक पहुंच रही है। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार के प्रधानमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया था किसानों के हित के एक रुपया भेजते हैं।

#### ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों ने सीएमपीडीआई का दौरा किया

## व्यापार और सहयोग पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियाल अहर्न, प्रथम सचिव व्यापार और अनूप नारायणन, वरीय व्यापार सलाहकार (कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी, रिस्पांसिबल माइनिंग, समुद्री, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र), ब्रिटिश उप उच्चायोग, कोलकाता, बिजनेस एंड ट्रेड विभाग ने सीएमपीडीआई का गुरुवार को दौरा किया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार तथा संस्थान के अन्य उच्चाधिकारियों से गुरुवार को व्यापार सहयोग से संबंधित चर्चा की। सीएमपीडीआई ने खनन प्रौद्योगिकियों, सतही कोयला गैसीकरण और नवीकरणीय, स्मार्ट खनन और सुरक्षा, फ्यूजिटिव मिथेन उत्सर्जन और दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए पहचाने गये संभावित क्षेत्रों को प्रस्तुत किया और बातचीत के दौरान इन विषयों से संबंधित प्रश्न उठाए गये। नियाल अहर्न ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे एवं सीएमपीडीआई के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ढुल्लू से जुड़े दो क्रिमिनल केस में मांगी केस डायरी और एलसीआर

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद से जुड़े दो थानों में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में धनबाद की निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को चुनौती देनेवाली दो अलग-अलग क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को उक्त दोनों मामलों में केस डायरी एवं लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। ढुल्लू महतो के खिलाफ बाघमारा में कंस्ट्रक्शन साइट से मशीन उठवा लेने के मामले को लेकर बाघमारा थाने में कांड संख्या 17/ 2020 दर्ज की गयी थी। इस मामले में छह आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ढुल्लू महतो का नाम भी इसमें जोड़ा गया। इसके अलावा धनबाद के बरोरा थाने में दर्ज कांड संख्या 11 /2020 में ढुल्लू महतो एवं अन्य पर रामराज मंदिर के बगल में दुकान कंस्ट्रक्शन करने वाले को प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया था।

## हाईकोर्ट से सीजीएल परीक्षा आयोजित करने वाली कंपनी को नहीं मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम (सीजीएल) की 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेएसएससी की ओर से परीक्षा का आयोजन कराने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किए जाने को लेकर दिए गए शोकॉज के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने परीक्षा आयोजित करने वाली सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को अंतरिम राहत नहीं दी। कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई अप्रैल माह में निर्धारित की है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि प्रथम द्दष्टया प्रश्न पत्र लीक मामले में कंपनी की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसी कारण जेएसएससी ने इन्हें ब्लैकलिस्टेड किए जाने के संबंध में शोकॉज कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, लेकिन कंपनी ने जवाब देने से पहले जेएसएससी के शोकॉज को स्पेसिफिक नहीं बताया, इसलिए कंपनी की याचिका मेंटेनेबल नहीं है। ऐसे में कंपनी की याचिका खारिज की जाए। इससे पहले सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जेएसएससी के शोकॉज पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। जेएसएससी ने परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को शोकॉज करते हुए पूछा कि क्यों नहीं उन्हें पेपर लीक मामले में ब्लैकलिस्टेड किया जाए, क्योंकि ना तो एग्जामिनेशन सेंटर में, ना ही ट्रेजरी में पेपर के खुलने की शिकायत मिली है।

### न्यूज बॉक्स

#### खेलकूद से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है। प्रतिभागी जय और पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं। यह भावना मनोबल को बढ़ाता है जिससे वे अपने कार्यों को दक्षता पूर्वक और कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं। राज्यपाल गुरुवार को रांची स्थित होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी। आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। आपातकालीन समय में भी यह सक्रिय रहता है। होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार एवं सुविधा में बढ़ोतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा। राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे।

#### तीन सूत्री मांगो को लेकर आजसू का प्रतिनिधिमंडल आरयू कुलपति से मिला

**रांची।** आजसू का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मिला और उन्हें तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। अभिषेक शुक्ला ने कहा विश्वविद्यालय की ओर से फाइनल ईयर में नामांकन के समय ही डिग्री शुल्क ले लिया जाता है पर जब छात्र-छात्राएं पास होकर अपनी डिग्री लेने जाते हैं तो उनसे पुनः 100 रुपया लेना किसी भी द्दष्टिकोण से उचित नहीं है, विश्वविद्यालय को इस पर अभिलंब रोक लगाना चाहिए। वहीं वर्ष 2023 के पहले जितने भी विद्यार्थी पास हो चुके हैं उनकी डिग्री उनके विभाग को उपलब्ध करा दी जाए ताकि छात्र इधर-उधर भटकने के बजाय सीधे अपने विभाग से डिग्री प्राप्त कर लें। यूजी और पीजी नए सत्र का परीक्षा समय पर लिया जाए एवं परीक्षा फल समय पर प्रकाशित किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं का सेशन निश्चित अवधि में कंप्लीट हो और उन्हें कहीं बाहर एडमिशन लेने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन अभिलंब एकेडमिक कैलेंडर प्रकाशित करें। वहीं कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने फोन पर आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। पर मौजूद छात्र आजसू के राहुल तिवारी एवं अन्य सदस्यों ने कुलपति से कहा कि अगर 7 दिनों के अंदर इन सभी मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

#### सीईओ ने सभी जिलों को तीन साल से जमे पदाधिकारियों और कर्मियों को दो दिनों में विरमित करने के लिए लिखा पत्र

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने सभी जिलों के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि आगामी समय में कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो सकती है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के आलोक में यह देखें कि उनके जिलों में पिछले चार सालों में निर्वाचन कार्य से जुड़े कौन कौन पदाधिकारी और कर्मचारी कितने दिनों से पदस्थापित हैं। जिनका तीन सालों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें हर हाल में विरमित किया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक अब भी ऐसी सूचना है कि कई पदाधिकारी (निर्वाचन कार्य से संबंधित) तीन साल या इससे अधिक समय से किसी जिले में पदस्थापित हैं, जिनका ट्रांसफर हो चुका है, वे अभी भी पुरानी जगह पर ही जमे हैं और नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं दिया है। इससे निर्वाचन से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस सहित अन्य विभागों में जिनका ट्रांसफर हो चुका है या तीन साल की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके मामले में अगले दो दिनों में कदम उठाएं। जिनका नव पदस्थापन हो चुका है, उन्हें इसके लिए विरमित करें। 26 फरवरी तक इससे संबंधित प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली को भेजा जाना है। ऐसे में इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार के लिए सर्विसेस और कमीशन : अमित मंडल

# सभी प्रतियोगी परीक्षा की हो सीबीआई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक अमित मंडल ने गुरुवार को प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में राज्य की युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दों को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रही, लेकिन राज्य सरकार ने भाजपा के कार्यकताओं के ऊपर लाठीचार्ज करवाया। यहां तक कि संगीन धारा लगाकर एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार की सर्विसेस और कमिशन है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलते हैं। नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति एवं भाषा का विवाद हो, वो राज्य के युवाओं से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक सरकार द्वारा युवाओं की आवाज को दबाने का एक सोचा समझा षड्यंत्र है। जो सरकार के घोटालों के खिलाफ बोलेगा वो जेल जायेगा। मंडल ने कहा कि 2019 में महाराष्ट्र के ठाणे में आरआरबी जेई पेपर लीक मामले में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई को दोषी माना गया था। 2017 को आर्डिनेंस फैक्ट्री त्रिची नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम को सीबीआई चार्जशीट में डाला था। क्या कारण है कि लैब असिस्टेंट और जेएसएससी पीजीटी में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया था, जबकि लैब असिस्टेंट में छह प्रश्न और जेएसएससी पीजीटी में 22 प्रश्न को रद्द कर दिया था। इसी तरह जेएसएससी जेई की परीक्षा में बीआईएनएसवाईएस टेक्नोलॉजी एजेंसी शामिल थी, यह वही एजेंसी है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड है और बिहार राज्य सिपाही भर्ती घोटाले में शामिल है। जेपीएससी 7वीं से लेकर 10वीं की परीक्षा में आईसीएन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड शामिल था, ये वहीं एजेंसी है जो 2019 से बिहार में बैन है और उसपर एफआईआर किया गया था। अमित मंडल ने राज्य सरकार से जेएसएससी सीजीएल के साथ-साथ लैब असिस्टेंट, पीजीटी एवं जेएसएससी जेई परीक्षा लीक मामले की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बताए कि ब्लैक लिस्टेड एजेंसी को किस प्रकार नियुक्ति परीक्षा के लिए बहाल किया गया। इसी के साथ पूछा कि जेएसएससी के तत्कालीन अध्यक्ष, विभागीय पदाधिकारियों के ऊपर कार्रवाई होगी या नही?



## पढ़ाई, दवाई और न्याय पर काम किए बिना सूबे का विकास असंभव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खतियान की दुहाई देने वाली प्रदेश की झामुमो सरकार साढ़े चार साल में स्थानीय, नियोजन, विस्थापन बनाने में नाकाम रही है। सरकार लोगों की भावना को समझने और जीवन स्तर में बदलाव लाने में भी असफल है। राज्य के समुचित विकास के लिए पढ़ाई, दवाई और न्याय के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरत है। पढ़ाई, दवाई और न्याय के क्षेत्र में बेहतर काम के बिना राज्य का विकास असंभव है। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को रायकेरा स्थित पोस्ट ऑफिस मैदान में आयोजित मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय संकल्प सभा सह मिलन समारोह में कही। इस दौरान आनंदपुर प्रखंड अध्यक्ष दिलवर खाखा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति में मूल्यांकन आवश्यक है। कोल्हान क्षेत्र ने राज्य को कई मंत्री-मुख्यमंत्री दिए, लेकिन विकास के नक्शे पर कोल्हान पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा को नजरअंदाज करना गलत है, जिस सरकार की उम्र छह महीने की है वो जनता को अगले छह साल का आश्वासन दे रही है। परीक्षा बेचने के बाद इनकी तैयारी अबुआ आवास को बेचने का है।

## एक नजर

### गुरुकुल के निर्माण का भूमि पूजन



**हजारीबाग।** लुपुंग ग्राम मे स्थित सढवा मठ महादेव तीर्थ स्थल परिसर मे सेवाने नदी के तट पर भारतीय शिक्षा परंपरा पर आधारित गुरुकुल की स्थापना के लिए भूमि पूजन की गई। मुख्य अतिथि दिल्ली संस्कृत व हिंदी अकादमी के सचिव डॉ जीतराम भट्ट का हवाई मार्ग से रांची पहुंचने पर नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा एवं केंद्रीय महासचिव राजेश झा ने उनका स्वागत किया।पत्रकारों से बात करते हुए डॉ भट्ट ने कहा कि नव झारखंड फाउंडेशन ने कई जगह पर गुरुकुल खोलने का संकल्प लिया है उसी के तहत सढ़वा मठ महादेव मंदिर में आज गुरुकुल का आगाज हेतु भूमि पूजन किया गया ।देश में नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को सर्वोपरि रखा गया है।गुरुकुल में मातृभाषा को सींचने की अद्भुत क्षमता अनादिकाल से ही है।

### विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा आयोजित



**हजारीबाग।** गुरुवार को शहर के खिरगांव में नवनिर्मित मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर एवं जयप्रभा नगर स्थित संतोषी माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आयोजित की गयी। इसके दौरान शहर के जाने माने समाजसेवी और कांग्रेस नेता रमाकान्त सिंह उर्फ. मुन्ना सिंह उपस्थित हुए।जहां पूजा कमेटी के सदस्यों ने गुलदस्ते और भगवा वस्त्र से उनका स्वागत किया । अनुष्ठान में नित्य के पूजन, हवन और पारायण के साथ पूजा प्रक्रिया हुई जो शाम तक जारी रही। श्री सिंह ने कहा कि सनातन संस्कार से ही उन्हें सर्व धर्म सद्भावना की प्रेरणा मिलती है,जिससे वे समाज के सभी लोगो की समस्याओं को अपना मान कर यथा संभव उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं।

### वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने रंगारंग से प्रस्तुति समा बांधा

**गोला।** गोकुल पब्लिक स्कूल गोला में आयोजित में विद्यालय के वार्षिक उत्सव के मौके पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर सबों का मन मोह लिया। आखिर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान झारखंड के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों में विकास करना सिर्फ शिक्षकों का ही नहीं, अभिभावकों का भी कर्तव्य है।

पृष्ठ पांच की खबरें पेज छह पर भी देखें

### रोजगार मेला में स्टार एलुमनी का आयोजन

# 'युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारा संकल्प'



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शंभावी कन्सलटेन्ट्स रामगढ़ द्वारा एक रोजगार मेला में स्टार एलुमनी का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में के पीआर मिल्स प्राइवेट लि के हसीबुल रजा एवं एसपी अपारेल के रंजीत कुमार द्वारा प्रशिक्षित 14 छात्राओं का चयन किया गया। इस रोजगार मेले से नई पीढ़ियों को एक नया जीवन मिलेगा और उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिलेगी। इस कार्यक्रम में स्टार एलुमनी में दो पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त छात्रा सुबो कुमारी एवं पूनम कुमारी को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही छात्राओं को सैंपलिंग का प्रमाणपत्र सेंटर इंचार्ज सत्येंद्र सर द्वारा प्रदान किया गया। पूर्व छात्राओं द्वारा अपने अपने कार्य करने का अनुभव साझा किए गया। कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राखी कुमारी, रंगीला कुमारी, सुषमा कुमारी, ममता कुमारी, संगीताकिस्कू, सोनिया बेसरा, निशा कुमारी ,निक्की कुमारी ,अनिता कुमारी आदि मौजूद थे।

### शैक्षणिक संस्थाओं के अनुमोदन के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# पंजीयन के लिए आवेदन 20 से 29 फरवरी तक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में योग्य शैक्षणिक संस्थानों कॉलेज के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ निशा कुमारी सिंह द्वारा उपायुक्त सहित अन्य को जानकारी देते हुए बताया गया कि अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा जाति के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में योग्य शैक्षणिक संस्थाओं का अनुमोदन जिला स्तरीय समिति द्वारा की जानी है। विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति पोर्टल ई कल्याण में शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा पंजीयन के लिए आवेदन 20 से 29 फरवरी तक समय दिया गया है। अब तक रामगढ़ जिला के कुल 38 संस्थाओं द्वारा आवेदन किया गया है जिनमें जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त संस्थाओं की सूची जांच प्रतिवेदन में 32 संस्थाओं को समिति द्वारा अनुमोदन किया गया एवं शेष संस्थाओं का जांच प्रतिवेदन अप्राप्त रहने के कारण उक्त शैक्षणिक संस्थाओं को समिति द्वारा तत्काल लंबित रखा गया। जिस पर उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का सभी योग्य विद्यार्थियों तक लाभ पहुंचाने के लिए कई दिशा निर्देश

# पति-पत्नी का कुएं से शव बरामद छह महीने पूर्व ही हुआ था विवाह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के गोरियारी बाग में गुरुवार की सुबह पति पत्नी का शव कुएं से बरामद होने का सनसनी खेजड़ियाली मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पति पत्नी के शव को कुंए से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान मोहल्ला के लोगों द्वारा की गयी। बताया गया कि कुएं से मिला शव 25 वर्षीय विशु कुशवाहा एवं लगभग 22 वर्षीय महिला अंजली देवी का है। दोनों पति.पत्नी के रूप में पिछले कुछ समय से यहां रह रहे थे। दोनों का प्रेम विवाह रामगढ़ थाना परिसर में हुआ था। दोनो का परिवार नया बस स्टैंड के समीप रहता है। मोहल्ला के लोगों द्वारा कहा गया की 21 फरवरी की शाम को अंजलि के पेट में दर्द होने की बात कही गई थी। उसका पति उसे इलाज करने के लिए रामगढ़ छावनी अस्पताल ले गया। इस बात की सूचना पर अंजली देवी के सास ससुर भी घर आए थे। पर वे देर शाम को वापस घर चले गए। मामले की की जानकारी मोहल्ला के लोगों नहीं है। गुरूवार की सुबह मोहल्ला के लोगों ने जब घर बंद देखा तो पति.पत्नी की खोज शुरू हुई। लेकिन उनका पता नहीं चला। सुबह में 7:00 बजे के लगभग घर के बगल के एक कुएं के बाहर विशु कुशवाहा का कपड़ा पड़ा मिलने की जानकारी मिली। जिसकी सूचना मोहल्ला के लोगों को मिली। इसकी जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार से पूछे जाने पर बताया की मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले के सम्बन्ध में कुछ कहा जा सकता है । पुलिस द्वारा मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड प्रजातांत्रिक मंच के तत्वावधान में गुरुवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की 66 वीं पुण्यतिथि मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बाबर अंसारी ने किया ।इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलाना आजाद अरबी फारसी के विद्वान थे । वे स्वाधीनता संग्राम में इस सदी के प्रारंभ में ही कूद पड़े थे। प्रथम महायुद्ध 1914 से 1918 और द्वितीय महायुद्ध 1939 से 1945 दोनों महायुद्धों के काल में कारावास भुगतने वाले संभवतः वे ही एक मात्र नेता थे ₹ स्वराज ₹ के लिए आंदोलन में वे सदा अग्रणी रहे । मंच के संरक्षक जहांगीर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद की विशेषता यह रही कि द्विराष्ट सिद्धान्त को उन्होंने कभी स्वीकार नही किय वे सह अस्तित्व पर जबरदस्त विश्वास रखने वाले नेताओं में प्रमुख थे ।अध्यक्ष बाबर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद को देश से गहरा लगाव था,उन्ही के कारण देश के विभाजन के बाद लाखों मुस्लिमों की आस्था देश के प्रति बानी हुई थी। मौके पर माशूक अंसारी, मो रब्बानी, परवेज अहमद, मुन्ना खान एवं फैज अहमद उपस्थित थे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : विकास महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर अरजलाल महतो की अध्यक्षता व पणेश्वर कुमार के संचालन में बैठक हुई। बैठक में हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी विकास महतो, विधान सभा प्रभारी, केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में लोकसभा प्रभारी विकास महतो ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में जो भी उम्मीदवार होंगे पार्टी का मुहर लग जाता है उसको हर हाल में सबों को मिल कर जिताने का लक्ष्य लेकर चलना होगा। उन्होंने का कि कार्यकर्ता पार्टी को जिताने में अहम भूमि अदा करते हैं। कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। यह लोग ही जब तक सक्रिय नहीं होंगे तब पार्टी की मजबूत होना असंभव है। जबतक हमलोग की बात रखने वाला संसद में नहीं होगा, तबतक झारखंड का विकास संभव नहीं है। सभी सक्रिय सदस्यों को अभी सभी समुदायों के लोगों को एक साथ जोड़ कर काम करने की जरूरत है।

### कोतो में रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**रामगढ़ / पतरातू।** कोतो में सरहुल रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा मनाए जाने को लेकर बुधवार को कमेटी का गठन किया गया। इसके लिए काली मंदिर परिसर में वरीय कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी जय प्रकाश सिंह ननकी के अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष यहां पर भव्य तरीके से पूजा की जाएगी। इस वर्ष रामनवमी पूजा न्यू मैदान में मनाया जाएगा। रामनवमी मैदान का कार्य अब अंतिम चरण पर है। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सरंक्षक जय प्रकाश सिंह ननकी, मुखिया नुतन सिंह, श्यामली महाता, निधि सिंह, किशोर महतो, अजित कुमार, सोनी खान चुने गए। जबकि अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष सुनिल महली, विकास मुंडा, लोकेश आंनद, सचिव राजा सुजीत कुमार चुने गए।

### एयर टेल मनी बैंक संचालिका से ठगी

# वॉलेट से उड़ाए 90 हजार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के समीप संचालित एयरटेल मनी बैंक के सीएसपी संचालिका अनिता कुमारी ने थाना में आवेदन देकर 90,655 रुपए की ठगी का शिकायत की है. आवेदन के अनुसार ग्राहकों से लेन देन करने के लिए 20 फरवरी को सीएसपी वॉलेट में 90,679 रुपए शेष थे. उसी तिथि को अपराह्न एक बजे बिना उनके लॉगिन के उनके सीएसपी वॉलेट से पैसा निकाले जाने का मेसेज आने लगा. देखते ही देखते 90,655 रुपए उड़ा लिए गए. तत्काल इसकी शिकायत कंपनी को किया पर कोई ठोस पहल नही हुई है. बैंक स्टेटमेंट के आधार पर यह निकासी कोटक महिंद्रा बैंक के खाताधारक वास्तु यादव के खाता संख्या 0348330159 में आरके कुमाद कुमार मो 9319841898, आरके सुमन कुमार मो 7367848702, आरके सुनील कुमार 9440857377 तथा आरके राहुल कुमार 9939606257 के द्वारा की गई है. इस संबंध में साइबर क्राइम सेक्शन को भी ऑनलाइन शिकायत की गई है. भुक्तभोगी ने बताया कि कंपनी के द्वारा टेक्निकल सहायक रखे जाते है. जो कुछ ही महीनों में कंपनी छोड़ देता है. ऐसे लोगो को सभी गतिविधियों की जानकारी होती है. इस प्रकार के कार्य में ऐसे लोगो की भी संभावना हो सकती है.

## न्यूज बॉक्स

### पेंशन भवन बेड़ो कला के पेंशन शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**बरकट्ठा।** प्रखंड के पंचायत भवन बेड़ोकला में गुरुवार को पेंशन हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया।इस निमित बेड़ोकला,चांदगढ़ और केंदुआ के ग्रामीण भारी संख्या में पहूंचकर वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन जमा किया। वहीं मुखिया रिंकी देवी ने बताया कि मै अपने कार्यकाल में पचास वर्ष की सभी निर्धन महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ दिलाऊंगी।मौके पर पंचायत सचिव धनेश्वर गोप,बी एफ टी दिलीप दास,पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र साव,यूसुफ अंसारी,उपमुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, बीरेंद्र शर्मा,उमेश यादव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीसी का फर्जी अकाउंट बनाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई



**रामगढ़।** विभिन्न स्त्रोतों से डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित सूचना प्राप्त होने के संबंध में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से लोगों को गुमराह करने वाले दोषियों को पकड़ने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम शिलाडीह निवासी प्रवासी मजदूर सीतराम भईयां 27 वर्ष,पिता स्व0 मणि भुईयां जो मुंबई के कैमूर स्टार प्लस होटल में कार्य करता था का अचानक तबियत बिगड़ने के कारण मुम्बई में आकस्मिक निधन हो गया। मृतक का शव गुरुवार को उनके पैतृक गाँव शिलाडीह लाया गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिले तथा उन्हें धैर्य बंधाया और हरसम्भव मदद का भरोसा दिया। पूर्व विधायक श्री यादव व अन्य उपस्थित लोगों ने मृतक की आत्मा शांति के लिए ईश्वर से कामना किया। मौके पर बगोदर विधायक विनोद सिंह,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, रमजान मौलबी, शेर मोहम्मद, सुनील पांडेय, रामेश्वर भुईँया, नईम अंसारी, धनेश्वर भुइयां, दिनेश्वर भुइयां, संतोष भुइयां समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से विकास कार्यों को मिली स्वीकृति



**बरकट्ठा।** जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इसकी जानकारी जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय ने दी। बताया की धार्मिक पर्यटक स्थल सूर्यकुण्ड मंदिर परिसर में पेयजल हेतु बोरिंग प्राक्लित राशि 488959 लाख रुपये, ग्राम शिलाड़ीह में डीप बोरिंग प्राक्लित राशि 488959 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत बेलकप्पी के बंडासिंघा में सामुदायिक भवन निर्माण प्राक्लित राशि लगभग 20 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। ग्रामीणों ने इसके लिए जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और सीके पांडेय को आभार व्यक्त किया है।

### अबुआ आवास में अनियमितता की शिकायत



**बरकट्ठा।** अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर बीडीओ से वार्ड संघ अध्यक्ष चंद्रदीप पांडेय की अध्यक्षता में लोगों ने मुलाकात की। मुलाकात से पूर्व बैठक की गई। जिसमें लोगों ने कहा कि अबुआ आवास में अनियमितता की बात सामने आई है। संबंधित मामले पर लोगों ने विचार विमर्श कर बीडीओ से मुलाकात करने का फैसला किया। जिसके बाद बीडीओ से मिलकर अनियमितता को लेकर शिकायत करते हुए सुधार करने की मांग की। मौके पर बैठक में प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रदीप पाण्डेय ,उपाध्यक्ष सबीहा नाज ,सचिव जागेश्वर रजक ,मीडिया प्रभारी दीपक सोनी, उप मुखिया दुलारचंद पासवान ,दशरथ प्रसाद, अमर गुप्ता ,हदीश अंसारी शामिल थे।

### पुलिस के तत्काल पहुंचने पर स्कूल में चोरी का प्रयास नाकाम

**गोला।** गोला थाना से कुछ ही दूर स्थित गोला एसएस प्लस टू हाई स्कूल में मंगलवार की देर रात डेढ़ बजे के करीब चोरों ने चोरी का प्रयास किया है। चोर स्कूल कार्यालय के दरवाजा में लगे ताला को तोड़ चुके थे, लेकिन स्कूल अंदर सो रहे स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकुमार नायक ने दरवाजा व ताला टूटने की आवाज सुनकर एक शिक्षक को मोबाइल से इसकी जानकारी दी। सूचना पर पुलिस तुरंत विद्यालय पहुंच गई, जिससे चोरी होते होते बच गई। बताया जाता है कि चोरों ने स्कूल के दरवाजा को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में ऑफिस में सो रहे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को दरवाजा तोड़े जाने का एहसास हुआ तो शिक्षक शिवप्रकाश को इसकी जानकारी दी। शिक्षक ने तत्काल प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष मनोज मिश्र को इसकी सूचना दी।

### रोज लगने वाले जाम से हल्कान हैं बरही की जनता

# ट्रैफिक पुलिस की कमी से लगता है जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बीते कुछ महीनों से प्रतिदिन लगने वाले जाम से आवाम हलकान है. दो बजते ही प्रायः प्रतिदिन यह नजारा देखने को मिलता है. इसके लिए बेशक लचर प्रशासनिक व्यवस्था जिम्मेवार है. जहां अब तक पार्किंग या बाजार व्यवस्था का स्थायी निदान नहीं किया है. किसी भी बैंक या दुकानदार के पास पार्किंग की सुविधा नहीं है. ऐसे में मजबूरन चालको या ग्राहकों को अपने वाहन सड़को पर खड़ा करना पड़ता है. बाजार व्यवस्था नहीं होने के कारण फुटकर और छोटे दुकानदारों को सड़क किनारे अपने दुकान लगाने पड़ते है. शहर में बाईपास होने के बाबजूद बड़े माल वाहनों का शहर होते हुए गया-धनबाद रोड से निरंतर गुजरने दिया जा रहा है. देश का सबसे बड़ा चौराहा जहां तीन का संगम है, मात्र एक ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति होना जाम के प्रमुख कारण है. जाम हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई बार प्रयास किए गए, परंतु सच्चे मन से यहां के लोगो ने सहयोग नही किया. इसी का परिणाम है कि कई बड़ी घटनाएं आज तक देखने को मिले है. बरही को जाम मुक्त करने के लिए हम सबों को प्रशासन का सहयोगी बनना होगा.

### पत्रकारों का गर्मजोशी से स्वागत हुआ

# संतोष मिश्रा हत्याकांड की जांच पत्रकार करेंगे



### 50 लाख मुआवजा दिया जाए : जावेद इस्लाम

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कोडरमा के पत्रकार साथी संतोष मिश्रा की एक साजिश के हत्या कर दी गई. जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम के नेतृत्व में बनी जांच ने घटना की जांच की है. हमें उनके परिजनों को न्याय दिलाने व 50 लाख मुवाजा दिलाने के लिए संघर्ष करना होगा. इसके बाद वे कोडरमा के पत्रकार संतोष मिश्रा के पीड़ित परिजनों से मिलने कोडरमा के लिए प्रस्थान किए.

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कोडरमा के पत्रकार संतोष मिश्रा हत्याकांड मामले की जांच के क्रम में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचाइव शाहनवाज हुसैन, राष्ट्रीय सचिव चन्दन मिश्रा व जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष सम्पूर्णानन्द भारती स्वागत कार्यक्रम झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से किया गया था. जिसकी अगुवाई बरही के वरिष्ठ पत्रकार और जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम ने किया. इस दौरान संगठन के अधिकारियों ने के सांगठनिक मजबूती के साथ व बीएसपीएस के होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन पर भी चर्चा किया. राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि 6 फरवरी तक राष्ट्रीय महासम्मेलन की तिथि तय कर ली जायेगी. इस सम्मेलन में बरही के साथियों की सहभागिता अनिवार्य है. प्रदेश अध्यक्ष श्री भारती ने कहा झारखण्ड में पत्रकारों के हित मे लड़ने वाला एक मात्र ईमानदार संगठन झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन जेजेए है. जिसने समर्पित भाव से पत्रकारों के हित में संघर्ष किया है. कई मुद्दों पर सफलताएं भी मिली है और कई मुद्दे अभी बाकी है. जेजेए पत्रकारों के हित सदैव खड़ा रहेगा. पत्रकारों को भी संगठन के लिए अपनी जिम्मेवारी निभानी चाहिए. पत्रकारिता धर्म और संगठन के सिद्धान्तों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत बनाना होगा. ऐसे लोगों को संगठन से नही जोड़ना है जो पत्रकारिता के आड़ में गलत धंधा करते है. राष्ट्रीय सचिव श्री मिश्रा ने बताया कि कुछ लोगों ने संगठन को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया।

### सिख आईपीएस को खालिस्तानी कहने वालों पर मामला दर्ज

**रामगढ़।** पश्चिम बंगाल में आइपीएस अधिकारी को खलिस्तानी कहा गया। इस से सारे देश के सिख समाज मर्माहत है। इसे लेकर रांचीरोड मरार निवासी बलजीत सिंह बेदी ने रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना को दिए गए आवेदन पत्र में बताया गया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर भाजपा प्रोटेस्ट कर रही हैं। जबकि वहां स्थिति तनावपूर्ण को देखते हुए। पश्चिम बंगाल की सरकार ने स्थिति को काबू में रखने के नियत से अपने अधिकारियों की नियुक्ति की और हालात को काबू करने का निर्देश दिया। इस काम में उत्तर 24 परगना के सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस सरदार जसप्रित सिंह (आईपीएस) लगे रहे। अपने ड्यूटी पर अपने सहयोगियों के साथ मौजूद थे। उसी क्रम में भाजपा के शिवेन्दु अधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता ने सरदार जसप्रीत सिंह को खलिस्तानी कहा। तुम खलिस्तानी हो और सरकार की चटुकारिता करते हो।

## एक नजर

### उत्पाद विभाग ने कोलेबिरा थाना क्षेत्र के दो लोगों को किया गिरफ्तार

कोलेबीरा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र में अवैध और नकली शराब का धड़ल्ले से कारोबार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर एक्साइज पुलिस ने करवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।बताया जाता है कि कोलेबिरा स्थित गोंदलटोली स्थित एक ढाबा में खुलेआम शराब बेचा जा रहा था। एक्साइज पुलिस को इसकी सूचना मिली. जिसके बाद एक्साइज पदाधिकारी राजीव नयन के नेतृत्व में गुरुवार को एक्साइज पुलिस बल उक्त ढाबा में छापामारी की। एक्साइज पुलिस को यहां से अंग्रेजी शराब की आठ बोतल और एक गैलन अवैध देशी शराब मिले।पुलिस ने ढाबा संचालक छोटन तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है।इसके बाद इसके निशानदेही पर एक्साइज पुलिस कोलेबिरा के बोंगराम में विजय साहू के घर छापामारी की इसके घर से अवैध शराब से भरी गैलन और दो ड्राम में जावा महुआ मिले। एक्साइज पुलिस जावा महुआ और शराब को नष्ट कर विजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिक्षक चयन को लेकर हुई बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के चयन एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के रिक्त पद पर चयन हेतु चयन समिति की बैठक आहूत की गई
बैठक में उपायुक्त द्वारा झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मी के रिक्त पद पर चयन हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए के चयन करने का निर्देश दिया। आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर चयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्णय लेने का निर्देश दिया।

### जिला स्तरीय खाद्य आपूर्ति टास्क फोर्स के साथ उपायुक्त ने की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय खाद्य आपूर्ति टास्कफोर्स एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। जिले में धान अधिप्राप्ति योजना के तहत 24 लैम्पसों का चयन किया गया जिसमें लक्ष्य के अनुरूप अब तक धान अधिप्राप्ति के कार्यों की समीक्षा की। लक्ष्य के अनुरूप जिले में धान अधिप्राप्ति बहुत ही कम किया गया जिसे देख उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति से संबंधित किसानों के बीच जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए 15 दिन के अंदर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

लोकसभा चुनाव के तैयारियों के लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर कार्य में गति लाने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह समेत सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में आसन्न चुनाव के बाबत संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के क्रियाशील करने, शिक्षा विभाग से डेमोक्रेसी रूम को लेकर एमओयू,स्वीप एवं चुनाव कार्यों के प्रयुक्त पुलिस फोर्स के आवासन के लिए भवनों के चिंहितिकरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील बूथों के चिन्हांकन कार्यों में सभी संबंधितों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की बात कही। बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी,शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने बताया कि इस बार सेक्टर वाइज इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए जाएंगे ताकि रिजर्व ईवीएम को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में ही क्लस्टर बनाए जाएंगे। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस बार पोलिंग डे से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टी अपने संबंधित बूथों पर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे ताकि चुनाव के दिन पोलिंग ससमय प्रारंभ किया जा सके। इस संबंध में उपायुक्त ने सीओ व थाना प्रभारी को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप को प्रभावी करने को कहा।

# सांसद जयंत सिन्हा ने प्रवेश द्वार क्षेत्रवासियों को किया समर्पित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। सांसद मद की लगभग 15 लाख की राशि से इस द्वार का निर्माण करवाया गया है। इस द्वार को हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. संजय सिंह के नाम पर समर्पित किया गया है। यह स्व. संजय सिंह द्वार के नाम से जाना जाएगा। हजारीबाग में क्रिकेट के विकास के क्षेत्र में स्व. संजय सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान के कारण आज झारखण्ड में हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन का नाम अग्रणी रूप में लिया जाता है। इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेला। साथ ही उन्होंने मैदान के चारों तरफ पथ वे का निर्माण करवाने, मुख्य प्रवेश द्वार के पास पेवर ब्लॉक लगवाने तथा खिलाड़ियों को प्रेक्टिस करने के लिए खेल मैदान के समीप प्रेक्टिस स्टैंड का जिला खनिज मद से निर्माण करवाने की घोषणा की। जयंत सिन्हा ने कहा कि संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) के बहुमुखी विकास के लिए हर कदम लिया जा रहा है।

# राहुल कुमार साहू का नेशनल पावर लिफ्टिंग के लिए हुआ चयन

**सुमन्त कुमार, कोलोबिरा**
सिमडेगा जिले के एक छोटे से गांव कोलेबिरा के रहने वाले राहुल कुमार साहू का नेशनल पावर लिफ्टिंग में चयन हुआ है, जिसे लेकर पूरे कोलेबिरा प्रखंड के साथ-साथ सिमडेगा जिला के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। राहुल कुमार साहू से मिली जानकारी के अनुसार वे वर्ष 2016 में सरकारी नौकरी की तैयारी करने के लिए दिल्ली गए थे। उन्होंने वहां पढ़ाई के साथ-साथ द्रोणाचार्य अकैडमी जिम में दाखिला लिया। इसके बाद द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित अपने गुरु भूपेन्द्र धवन के नेतृत्व में वे क्षेत्रीय पावरलिफ्टिंग के साथ साथ स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भी अपनी किस्मत आजमाने लगे, जहां उन्हें लगातार सफलताए मिलती गई। कई प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद उनका चयन 2019 में थाईलैंड इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हुआ, इस प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक हासिल किया। इस सफर के बाद वे वापस अपने गांव



कोलेबिरा पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। गांव वापस आने के बाद उन्होंने यहां के युवाओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित और प्रयास करना शुरू किया। वे 2021 में लगभग एक वर्ष तक प्रतिदिन सुबह अपने गांव कोलेबिरा से करीब 30 किलोमीटर दूर सिमडेगा जिम में कसरत करने जाते थे। इसके बाद उन्होंने 2022 के सितंबर माह में कसरत क्लब के नाम से कोलेबिरा में जिम खोल, जहां पर उन्होंने सैकड़ो युवाओं एवं महिलाओं को इस क्षेत्र में प्रोत्साहित किया और अब तक उनके जिम से लगभग 15 से अधिक लोगों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता

# भोग विलास में लगे जनप्रतिनिधियों को जवाब जनता देगी : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
झारखंड पार्टी की ओर से गुरुवार को कुरडेग के माइकल किंडो स्टेडियम में संघटनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूर्व मंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मौजूद रहे। बैठक में पूर्व मंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया जिसके बाद बैठक शुरू हुई। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा वर्तमान हालात राज्य की किसी से छुपा हुआ नहीं है, जिस प्रकार यहां के जनप्रतिनिधि मंत्री पद के लालसा में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को भूलकर सिर्फ भोग विलास में व्यस्त हैं। इसका आने वाले चुनाव में जनता जवाब देगी। इस क्षेत्र के लोगों ने जिस उम्मीदवार विश्वास के साथ चुनाव में जीता कर भेजा था उसके विपरीत कार्य हो रहे हैं। आज क्षेत्र में कई प्रकार की



समस्या है लेकिन उसे सुनने वाला कोई नहीं है ऐसे में झारखंड पार्टी को लोग विकल्प के रूप में देख रहे हैं क्योंकि राष्ट्रीय पार्टी हमेशा धर्म के नाम पर वोट लेकर लोगों को बरगलाने का काम करती है लेकिन झारखंड पार्टी सेवा के बदले में उनसे उनका आशीर्वाद मांगती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां पर कार्यकर्ताओं का सम्मान पार्टी देता है और कार्यकर्ता के बल पर ही आने वाला लोकसभा चुनाव को हम फतह हासिल करेंगे। पुराने प्रखंड समिति के सभी लोगों को बूथ स्तर तक समिति का गठन करते हुए संगठन मजबूत करने की बात कही जिससे कि लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव दोनों में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार का जीत दर्ज हो। मौके पर अमन खेस सेंटर ठाकुर,आशीष सिंह,रवि बडईक रसाल खालखो, बिनोद बारला, अजित किंडो, जीशान फिरदौस खान, सरफराज अंसारी, विक्रम यादव आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक ने मंडल अध्यक्षों के साथ की बैठक, कहा

# चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्त्ता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विधायक भूषण बाड़ा ने गुरुवार को अपने आवास में जिला कांग्रेस कमेटी, प्रखंड कमेटी, विधायक प्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। मौके पर विधायक ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल से लोकसभा चुनाव एवं संगठन मजबूती को लेकर प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी दी। साथ ही केसी विणुगोपाल द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि वर्ष 2024 का यह वर्ष चुनाव का वर्ष है। लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक है। ऐसे में जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, विधायक प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्षों एवं सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता क्षेत्र भ्रमण तेज करें। राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाते हुए कांग्रेस के नीति सिद्धांतों की जानकारी दें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों की समस्याओं पर मुख्य रुप से फोकस करें। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को भी दूर करें। विधायक ने कहा कि आज भी कई गांव की समस्याएं उनके पास नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर गांव की समस्याओं को चिंहित कर मेरे पास रखें। ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जाएगा। बैठक को जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया।
उन्होंने भी कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कई टिप्स दिए। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रदीप केसरी, समरोम पौल तोपनो, संतोष सिंह, शशि गुड़िया, नवीन बिरेन तिर्की, अजीत लकड़ा, आकाश सिंह, शीतल एक्का, शकील अहमद, तिलका रमण, रजत लकड़ा, तुलशी प्रंगट खलखो, वाल्टर सोरेंग सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर डीसी व एसपी की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान रिजर्व ई.वी.एम. मशीन को सुरक्षित रखने हेतु इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने से सम्बंधित विडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी संग बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक ने कहा कि प्रखंड जहां कलस्टर का चयन किया गया है , उसे इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के रूप में उपयोग किया जाएगा तथा जिन प्रखंडों में कलस्टर नहीं बनाया गया वहां पर रिजर्व ई.वी.एम. मशीन को सुरक्षित रखने हेतु एक इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निर्धारण करने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रखंड वार चयन किये गये कलस्टर प्वाइंट से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी का समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।पुलिस अधीक्षक अधीक्षक ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी को जानकारी ली। चुनाव के दौरान रिजर्व ई.वी.एम. मशीन को सुरक्षित रखने की दिशा में स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे के अधिष्ठापन आदि से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन पर रोक लगाने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आज 22 फरवरी को समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यों को अंजाम दे। उन्होंने कहा जिलेभर में कई अधिकारीयों के तबादले हुए है जिस कारण कारवाई में कमी आई है लेकीन राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन समीक्षा की जाती है इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग हुए घायल

**बानो।** प्रखण्ड में अलग-अलग दुर्घटना में पांच घायल हो गये।पहली घटना सोदे पुल के समीप टेंपो पलटने से चार लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टेंपो बांकी पहान टोली से सौदे जा रहा था इसी क्रम में सोदे पुल के समीप टेम्पु अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस दुर्घटना में पहानटोली निवासी रितेश डांग 20 वर्ष,जस्टीन डांग 35 वर्ष ,पाड़ों निवासी सुरेश सिंह 48 वर्ष,छोटे महतो 34 वर्ष घायल हो गये.जस्टिन डांग का बायां पैर व बायां हाथ टूट गया है। घायलों के बारे जानकारी होने पर स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया। इधर महाबुवाग थाना क्षेत्र के जितुटोली के समीप स्कूटी से गिरकर एक महिला घायल हो गयी । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महाबुआंग की ओर से अपने घर भिंजपुर की ओर जा रहे थे इसी क्रम में जीतू टोली के समीप स्कूटी में पीछे बैठी सुकर्मनि देवी गिर गयी।

खरवार भोगता समाज का प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# 'समाज में शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी हो भागीदारी'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
खरवार भोगता समाज की ओर से सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गुरुवार को प्रमंडलीय स्तरीय सम्मेलन सह आभार यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता ओमप्रकाश साहू शामिल हुए। सभी अतिथियों का मंच में स्वागत किया गया, जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआती दौर पर वीर शहीद नीलांबर पीतांबर खरवार भोगता के तस्वीर पर विधिवत पूजन के साथ शुरूआत की गई। इस मौके पर छोटानागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता के द्वारा कहा गया कि 2022 से पहले भोगता समाज अनसूचित जाति के अंतर्गत आता था कई बार आंदोलन किया गया



लेकिन पिछली सरकार ने हमारी मांगों को नहीं सुना लेकिन वर्तमान में केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार और क्षेत्रीय सांसद अर्जुन मुंडा के पहल पर 8 अप्रैल 2022 को हमें अनुसूचित जनजाति का श्रेणी मिला और हमारा हक अधिकार की प्राप्ति हुई। श्री सिंह कहा कि जिसको देखते हुए आभार रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समाज में शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी सुनिश्चित हो जिसे ध्यान में रखते हुए सामाजिक संगठन को मजबूती के लिए कार्यक्रम किया गया है। उन्होंने कहा कि आज समाज में कई प्रकार की कुरीतियां है जिसे दूर करने के लिए समाज को संगठित करने का कार्य किया जा रहा है और आने वाले दिनों में समाज के लोग राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे इसके लिए सभी लोग आगे आये। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद गुमला उपाध्यक्ष संयुक्त देवी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज को संगठित रखने के लिए इस प्रकार का सामाजिक सम्मेलन का होना आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### अबुआ आवास योजना के दलालों की सूचना कंट्रोल रूम को दें

**हजारीबाग।** अबुआ आवास योजना के धरातल पर उतरते ही असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कटकमदाग प्रखंड से एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें मोबाईल संख्या 9608372085 से कई लाभुकों को फोन कर योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की गई है। अवैधकर्ता ने अपने की डीसी ऑफिस का स्टॉफ भी बताया है जो अत्यंत गंभीर मामला है। उपायुक्त ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए कारवाई के निर्देश दिए है साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गरीब जनता को आवास का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की सूचना प्राप्त हुई है। मेरी अपील है कि इस प्रकार के जालसाजों के झांसे में न आए बल्कि अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल कर इसकी जानकारी जिला प्रशासन को जिला कंट्रोल रूम के टेलीफोन संख्या 06546-264159 पर उपलब्ध कराएं।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन साइबर ठग

**हजारीबाग।** जिले के सिंदूर पंचायत क्षेत्र से तीन साइबर ठगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जाता है कि पुलिस के वरीय पदाधिकारी के द्वारा सूचना मिली कि प्रतिबिम्ब ऐप के माध्यम से मोबाईल नंबर 7898381304 से राजस्थान में गत 11फरवरी को 55 हजार रुपए के ऑनलाइन वित्तीय ठगी की सूचना दर्ज है तथा उक्त नंबर जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सक्रिय है। तत्पशचात वरिय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार टीम का गठन किया गया।साइबर सेल की मदद से सिधारी सिन्दूर स्थित केदार मेहता का मकान से 3 संदिग्धों से पुछताछ किया गया तलाशी के क्रम में तीनों के पास से विभिन्न कंपनी के 12 मोबाईल एवं विभिन्न कंपनी के कई सिम,12 डेविड कार्ड/एटीएमकार्ड, एक पासबुक ,3 चेकबुक 3 लेपटॉप एवं 01 एयरटेल फाईबर केबल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में तीनों ने स्वीकार किया कि वे महादेव एप का काउन्टर चलाने के साथ साथ किकेट वर्ल्ड कप में सट्टेबाजी भी करते हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात प्रकाश में आई कि इनके द्वारा 60 से अधिक बैंक खातों से अवैध निकासी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विकास पाल पिता रामनाथ पाल जिला आरा बिहार,कुलदीप मेहता पिता द्वारिका महतो जिला हजारीबाग एवं रोहित मेहता पिता केदार मेहता जिला चतरा शामिल हैं। छापामारी अनि शमशेर बहादुर, थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में कोर्रा थाना सशस्त्र बल के द्वारा की गई।

### सिमडेगा पुलिस की अनोखी पहल, मोबाइल खोने पर घर बैठे कर सकते हैं शिकायत



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस अपने अनोखी पुलिसिंग के लिए जानी जाती है ,जिसके तहत गुरुवार को सिमडेगा एसपी सौरभ के द्वारा नंबर जारी करते हुए जिले में मोबाइल खोने पर लोगों को थाना आने की जरूरत ना पड़े इसके लिए पुलिस आपके द्वारा कार्य को चरितार्थ करने के लिए नंबर जारी किया है। एसपी सौरभ ने बताया कि लोगों का मोबाइल खो जाने पर वे लोग थाना का चक्कर लगाते हैं। लेकिन आप सिमडेगा पुलिस ने नंबर जारी कर दिया है ,जिस नंबर के माध्यम से लोग व्हाट्सएप में हेलो या जोहार शब्द का प्रयोग करते हुए मैसेज करेंगे इसके बाद उधर से ऑटोमेटिक रिप्लाई मैसेज आएगी और उसमें एक लिंक दिया जाएगा लिंक में क्लिक करने के साथ ही अपनी समस्त शिकायत का विवरण दर्ज करते हुए सबमिट करेंगे इसके बाद सिमडेगा पुलिस के द्वारा शिकायत के आलोक में मामले की गंभीरता को देखते हुए मोबाइल खोजने के लिए सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक महीने 30 से अधिक खोया हुआ मोबाइल लोगों को वापस लौटने का कार्य प्रत्येक महीना जारी है। मौके पर डीएसपी पतरस बरवा ,पुलिस इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार राय ,सब इंस्पेक्टर जयनाथ राम मौजूद रहे।

### थाना प्रभारी के ऊपर मारपीट का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना प्रभारी के ऊपर मारपीट का आरोप लगाकर आदिवासी छात्र संघ के द्वारा सिमडेगा एसपी को कार्रवाई हेतु ज्ञापन सोपा है उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा है बीते रविवार को समय लगभग 4 00 बजे प्रखण्ड पाकरटाड़ बाजार स्कूल मैदान में पाकरटाड थाना प्रभारी अजीत प्रकाश द्वारा मुकेश कुजूर एवम् अन्य के साथ मर पीट किया गया जिसमें चोट लगी हैं। आदिवासी सुरक्षा मंच ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी अजीत प्रकाश ने मुकेश कुजूर से बाजार में पेपर मांगने लगे मोबाईल में दिखाने पर थाना प्रभारी भड़क गए और दौड़ा दौड़ा कर पीटने लगे और मोटर साइकिल ले गए।वही उन्होंने बताया कि इस को लेकर के एसटी/एससी थाना प्रभारी सिमडेगा को आवेदन दिया गया है पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ।इस को लेकर आदिवासी सुरक्षा मंच सिमडेगा ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने उचित जांच करने का आश्वासन दिया।मौके पर प्रदीप टोप्पो, मुकेश कुजूर, अमृत चिराग तिर्की, समीर एक्का, जतरू खड़िया, विजय बा, अभय कुजूर, नवीन मिंज उपस्थित थे।

### सुदेश महतो का जिला समिति ने किया स्वागत



**सिमडेगा।** गुरुवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को मनोहरपुर रैकेरा में मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने जाने के क्रम में आजसू पार्टी जिला कमेटी सिमडेगा के द्वारा बानो प्रखंड नोमिल सौदे मोड़ में जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडेय के नेतृत्व में बुके ,माला और सोल दे कर भव्य स्वागत किया गया ।स्वागत करने में उपस्थित केंद्रीय सदस्य सह जिला कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार,केंद्रीय सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर, केंद्रीय सदस्य गायत्री नंदन मौर्य, केंद्रीय सदस्य अजत साहू,सिमडेगा प्रखंड सचिव देवेंद्र साहू, बुद्धि मंच सिमडेगा जिला अध्यक्ष अभिजीत रंजन,छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाइक,सोनू कुमार साहू,प्रदीप कुमार साहू और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### शैडो मतदान केंद्रों में नेटवर्क की उपलब्धता के लिए उपायुक्त ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर चिन्हित शैडो मतदान केन्द्रों पर नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित नेटवर्क व्यवस्था का जायजा लिया तथा विभिन्न अधिकारियों से जिले में नेटवर्क सुविधा बहाल किए जाने से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चुनाव के दौरान जिस क्षेत्र में शैडो एरिया है वहां पर नेटवर्क अधिष्ठापन करने हेतु आवश्यक कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिये। साथ ही जिले में जितने नेटवर्क संचालित है उसका अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, एलआरडीसी -सह- उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुणा कुमारी, बीएसएनएल, जियो एवं एयरटेल के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बालू माफिया के खिलाफ खनन विभाग की कार्रवाई



**धनबाद।** धनबाद उपायुक्त के निर्देश पर जिले में लघु खनिज की लूट पर जिला खनन टास्क फोर्स ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को टुंडी सीओ शैलेंद्र चौरसिया ने अवैध बालू लदे छह ट्रैक्टर को जब्त कर टुंडी थाना के सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि गिरिडीह गोविंदपुर मुख्य मार्ग पर टुंडी स्थित बराकर नदी से अवैध बालू की ढुलाई की जा रही थी। ट्रैक्टर को पार कराने के एवज में सरफुद्दीन, बबलू सिंह एवं दशरथ नामक स्थानीय बिचौलिया के द्वारा पुलिस एवं सीओ के नाम पर ट्रैक्टर चालकों से पैसों की भी वसूली की जा रही थी। जानकारी के अनुसार उपायुक्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पर सभी बालू लदे ट्रैक्टरों को गुरुवार की अहले सुबह प्रभारी अंचल अधिकारी शैलेंद्र चौरसिया ने जब्त कर टुंडी थाना को सुपुर्द कर दिया है। वहीं इस मामले में खनन विभाग एवं जिला के वरीय अधिकारियों ने कार्रवाई की बात कही है।

### जमुआ पुलिस ने महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना पुलिस ने गुरुवार को थाना इलाके के बाघमारा गांव में अवैध शराब अड्डे में छापेमारी कर शराब की भट्टियों को ध्वस्त किया। हालांकि इस दौरान शराब के धंधेबाज फरार हो गये थे। लेकिन डीएसपी सह थाना प्रभारी नीलम कुजूर के नेतृत्व में पुलिस ने धंधेबाज के अड्डे से 17 ड्राम जावा महुआ और करीब सौ लीटर शराब को मौके पर नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार डीएसपी नीलम कुजूर को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की अहले सुबह पुलिस ने कार्रवाई की।

## सांसद की फैक्ट्री संचालकों संग बैठक

# प्रदूषण की समस्या का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में नया परिसदन भवन में गुरुवार को फैक्ट्री संचालकों की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी समेत विभिन्न फैक्टरियों के संचालक व चैम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े लोग मौजूद रहे. बैठक के दौरान बिन्दुवार सभी मुद्दों पर फैक्ट्री संचालकों से बात की गयी. साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये. इस बाबत सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि सभी मुद्दों पर वार्ता की गई है. कुछ कुछ गड़बड़ियां मिली है। जिसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया है. कहा कि जल्द ही एक ज्वाइंट टीम औद्योगिक इलाके का दौरा करेगी. कहा कि 5 पंचायत के लोग प्रदूषण की समस्या झेल रहे हैं. इसको लेकर जल्द ही कोई कारगर कदम उठाया जाएगा.

बैठक के दौरान सीएसआर मद को लेकर भी मुख्य रूप से चर्चा हुई और ये बात सामने आई कि फैक्ट्री संचालक सीएसआर मद में मनमर्जी से खर्च कर रहे हैं. जबकि जिला प्रशासन के साथ मिलकर उन्हें सीएसआर मद में खर्च करना है. ऐसे में फैक्ट्री संचालकों को निर्देश दिया गया कि जिला प्रशासन से मिलकर कार्य करें, ताकि सीएसआर मद का सही उपयोग हो सके. इस दौरान फैक्ट्री संचालकों से भी उनकी समस्याओं पर चर्चा की गयी. साथ ही हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया.

### सिमराढाब में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**गिरीडीह।** बिरनी प्रखंड सिमराढाब गाँव के विश्वकर्मा मंदिर में बढ़ई विश्वकर्मा समाज के द्वारा कुल देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जगदीश शर्मा के द्वारा निर्मित मंदिर में भगवान विश्वकर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की गई तथा पूरे विश्वकर्मा समाज के लिए शुभ आशीर्वाद की कामना की गई। मौके पर विश्वकर्मा समाज के प्रदेश महासचिव देवनाथ राणा ,विश्वकर्मा समाज बिरनी के संरक्षक राम किशुन विश्वकर्मा, जिला कमिटि सदस्य राजेश विश्वकर्मा, प्रखण्ड अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, तुलसी टांड पंचायत के पंसस महेश विश्वकर्मा, उमाचरण शर्मा, प्रखण्ड कमिटि सदस्य संजय राणा,नागेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, सहदेव राणा, राजू राणा, सिमराढाब पंचायत अध्यक्ष सिकेन्द्र राणा, शक्ति विश्वकर्मा, पिन्टू विश्वकर्मा , दिनेश राणा, अनिल राणा, समेत गाँव के और भी अन्य समाज के बंधु गण उपस्थित रहे ।

## डाकघर घोटाला जांच में अड़ंगा

# जांच कर्त्ताओं पर भद्दी टिप्पणी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद के गोविन्दपुर स्थित केके पॉलिटेक्निक उप डाकघर में सरकारी राशि की हुई हेराफेरी में घोटाले की राशि 1.80 करोड़ रुपये से बढ़कर नौ करोड़ 30 लाख रुपये तक पहुंच गई है। इतना ही नहीं इस हेराफेरी में शामिल घोटालेबाज जांच को प्रभावित करने के मकसद से जांच टीम में शामिल सदस्यों के परिवार पर कीचड़ उछालने की कोशिश कर रहे है। इसकी जानकारी गुरुवार को धनबाद प्रधान डाकघर के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर दी।



उन्होंने बताया कि इस हेराफेरी की राशि बढ़ती जा रही है। शुरूआत में एक करोड़ 80 लाख रुपये की हेराफेरी की बात सामने आई थी। जो अब तक कि जांच में इस घोटाले की राशि बढ़कर नौ करोड़ 30 लाख रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में डाक विभाग ने कार्रवाई करते हुए 90 खातों को फ्रीज कर दिया गया है। जिसमे 70 डाकघर के खाते है। इसमें अधिकतर केके पॉलिटेक्निक उप डाकघर के खाते शामिल है। वहीं अब तक इस मामले में 20 लाख रुपये की रिकवरी भी की गई है।

इस हेराफेरी में प्रभारी सहायक पोस्टमास्टर सुमित कुमार की संलिप्तता अहम बताई जा रही है, जबकि भारत प्रसाद, शंकर भाटिया और पारितोष लकड़ा सहित एक दर्जन लोग जांच के दायरे में है। वरीय डाक अधीक्षक ने बताया कि ये लोग जांच को प्रभावित करने उद्देश्य से अब जांच टीम में शामिल सदस्यों के घर की महिला सदस्यों के बारे में अमर्यादित अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे है, ताकि जांच को ज्यादा से ज्यादा प्रभावित किया जा सके।

प्रेस वार्ता के दौरान धनबाद प्रधान डाकघर के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि डाक विभाग के जीएल अकाउंट की राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से विभिन्न सरकारी व निजी बैंकों में खाता धारकों के अकाउंट में ट्रांसफर की गई है। जिसके बाद वहां से पैसों की निकासी की गई है। उन्होंने बताया कि इसके बदले में घोटालेबाजो द्वारा खाताधारकों को 20 प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया गया। उन्होंने आम खाता धारकों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी लालच में पड़ कर इस तरह के घोटाले का हिस्सा बनने से बचे।

# बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी विषयक बाल चौपाल आयोजित






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पंचायत सचिवालय, जरमुने पूर्वी मे बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड स्तरीय बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी विषयक बाल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए भावी कार्ययोजना तैयार करना है। बाल चौपाल का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख आशा राज, शंकर दयाल, मुखिया प्रमिला देवी, महेंद्र तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वललित कर किया गया बिषय प्रवेश कराते हुवे उत्तम कुमार ने कहा की बाल विवाह भारत मुक्त बनाने मे सभी का सहयोग बहुत जरूरी है क्योंकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की भारत में अपराध रिपोर्ट वर्ष 2021 के अनुसार भारत में रोजाना 3 बच्चों का बाल विवाह होता है।भारत में बाल विवाह की मौजूदा दर 23.3 प्रतिशत है और यूनीसेफ का अनुमान है कि अगर पिछले दस साल से हुई प्रगति जारी रही तो 2050 तक जाकर भारत में बाल विवाह की दर घट कर छह प्रतिशत पर आ पाएगी। यह एक परेशान करने बाला आंकड़ा है और इसका मतलब है कि 2023 से लेकर 2050 के बीच सात पीढ़ियों तक बाल विवाह का दंश बच्चों से उनका बचपन छीनता रहेगा। आज पूरे देश में बाल विवाह के मामले में झारखंड तीसरा तथा गिरिडीह जिला चौथे स्थान पर है। साथ ही उन्होंने बताया कि बनवासी विकास आश्रम द्वारा अभी तक 212 बच्चियों का बाल विवाह उनके माता-पिता से अंडरटेकिंग पर हस्ताक्षर करवा कर रोका गया है तथा 4 एफआईआर दर्ज की गई है एवं 211000 लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलववाया गया है। 4 बच्चियों को मानव तस्करी एवं 21 बच्चों को बाल मजदूरी से बचाया गया है साथ ही 17 बाल यौन शोषण से पीड़ित बच्चियों को संस्था द्वारा कानूनी सहायता, काउंसलिंग एवं मेंटल हेल्थ की सहायता दी जा रही है।बाल विवाह रोकने के लिए कानून में सजा एवं जुमार्ना का प्रावधान किया गया है । बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है और पदाधिकारियों को भी नियुक्त करवाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी के रूप में विशेष दायित्व दिया गया है । बाल विवाह रोकने के लिए सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप सहित कई योजनाएं चलाई जा रही है। बाल विवाह, महिला एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी आगे आकर अपनी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है । मुख्य अतिथि आशा राज ने कहा की बाल विवाह एक कानूनी अपराध है जिसे जन आंदोलन के द्वारा तथा कानून का सख्ती से अनुपालन कर रोका जा सकता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

**ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना 4th Call**

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या – 17/2023-24/R3/RWD/SIMDEGA दिनांक – 21.02.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत (4515)

| क्र० सं० | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बानो | RWD/ SIMDEGA/R3/ 17/STPKG- 01/2023-24 | 1. बुरूगी से सुमीनबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.000 कि0मी0)<br>2. L023 रूबई से पारो भाया राजोमल सुमिनबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 4.400 कि0मी0)<br>3. L038 पांगुर से खुजुरबहार भाया जामुरसोया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.250 कि0मी0)<br>4. L031 बानो निमतुर पांगुर पथ से साहुबेड़ा भाया डुमरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 4.700 कि0मी0)<br>5. T04 बानो पी0डब्लू0डी0 पथ से गनमेर पथ भाया पबुरा, निमतुर, बिनटुका, पांगुर, टोनिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 8.300 कि0मी0) | 1185.019 (ग्यारह करोड़ पचासी लाख एक हजार नौ सौ रू0) | 23,70,100 (तेईस लाख सत्तर हजार एक सौ रू0) | 10,000 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.02.2024
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.03.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525.299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09.10.2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 320075 Rural Work Department (23-24)_D


# गौरी शंकर यादव बने आम आदमी पार्टी गिरिडीह युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आम आदमी पार्टी ने गिरिडीह जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए कई नौजवानों को विभिन्न प्रकोष्ठों की जिम्मेवारी सौंपी है। आप के प्रदेश अध्यक्ष डीएनसिंह के अनुमोदन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र नाथ चौबे ने पदाधिकारियों की सूची जारी की है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि गौरी शंकर यादव को आम आदमी पार्टी गिरिडीह युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गौरी शंकर यादव पिछले छः महीने से आम आदमी पार्टी में संगठन निर्माण का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में गिरिडीह के नौजवान काम की राजनीति से जुड़ेंगे। पार्टी ने मुर्शीद मिर्जा को गिरिडीह विधानसभा का उपाध्यक्ष, मो कबीर को गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र का उपाध्यक्ष, राजू मंडल को तिसरी प्रखंड का अध्यक्ष, राहुल पासवान और मोहम्मद तैयब अली को तिसरी प्रखंड का उपाध्यक्ष, परवेज आलम को तिसरी का प्रखंड संगठन मंत्री, मुकेश हांसदा को तिसरी का प्रखंड सचिव, उमेश रविदास को तिसरी का प्रखंड उप सचिव, अविनाश टुडू को तिसरी का श्रमिक विकास संगठन का प्रखंड अध्यक्ष, बिनोद राय को तिसरी किसान मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष, सुरेन्द्र हेम्ब्रम को तिसरी किसान मोर्चा का प्रखंड सचिव, रूस्तम अंसारी को तिसरी प्रखंड का सोशल मीडिया प्रभारी, पप्पु यादव को तिसरी युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष, सकलदेव यादव को धनवार प्रखंड का प्रखंड उपाध्यक्ष, मो जहांगीर को गिरिडीह नगर निगम वार्ड नंबर दो का वार्ड अध्यक्ष, तसलीम अंसारी को गिरिडीह नगर निगम वार्ड नंबर चार का वार्ड अध्यक्ष बनाया गया है।



आम आदमी पार्टी गिरिडीह युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि झारखंड की जनता आम आदमी पार्टी को तीसरे विकल्प के रूप में देख रही है। झारखंड में सत्ता बदली लेकिन व्यवस्था नहीं बदला। झारखंड के नौजवान पलायन को विवश हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को हर खेत में पानी चाहिए। बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन की जरूरत है। यह काम केवल आम आदमी पार्टी कर सकती है। हम गांव गांव में जाकर जनता को दिल्ली और पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद जो व्यवस्था में बदलाव आया है उसकी जानकारी देंगे और लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ेंगे।

### मॉडल पंचायत बनाने के लिए मुखिया रागिनी सिन्हा ने यूनिसेफ का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
केंद्र सरकार के द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गिरिडीह जिले के पांच पंचायतों को यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से मॉडल पंचायत बनाने के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन गिरिडीह ने गुरुवार को पत्रांक संख्या 938 जारी कर निदेशक स्वच्छ भारत मिशन को धन्यवाद दिया। आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत समेत पीरटांड प्रखंड से चिरकी और मधुबन, बगोदर से दोंदलों एवं गिरिडीह से लेदा पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा ने भी यूनिसेफ के सलाहकार एवं वर्ल्ड विजन मिशन के अधिकारी अजीत कुमार एवं गजाधर प्रसाद, डा लक्ष्मी सक्सेना, एवं कुमार प्रेमचंद के प्रति आभार प्रकट किया।




## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ
### (सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय)

दूरभाष : 06553-296306(0) ,Email ID: ramgarhdpro@gmail.com

**कलादलों के जिला स्तरीय चयन एवं ग्रेडिंग हेतु**
**::–अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–::**

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ द्वारा "गीत नाट्य" के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पारंम्परिक लोक कला के माध्यम से ग्रामीणों तक सरल व स्थानीय भाषा / बोलियों में गीत–नाट्य एवं अन्य पारंपरिक माध्यमों के जरिए प्रचार–प्रसार हेतु रामगढ़ जिला अन्तर्गत स्थानीय कलादलों / कलाकारों को चयनित कर ग्रेडिंग करने हेतु इच्छुक सांस्कृतिक दलों से दिनांक 30 / 07 / 2022 के अपराह्न 04:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ में स्वयं अथवा नामित प्रतिनिधि / निबंधित पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है।

प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के उपरान्त जिलास्तर पर गठित चयन समिति के द्वारा कला–दलों का चयन कर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। प्रदर्शन की गुणवत्ता के अनुरूप कलादल को A,B,C ग्रेडिंग में वर्गीकृत किया जायेगा। ग्रेडिंग हेतु स्क्रीनिंग की तिथि निर्धारण कर कलादलों को बाद में सूचित की जाएगी।

कलादलों के चयन हेतु नियम एवं शर्तें:–

1. चयन के द्वारा की गई ग्रेडिंग अगले दो वर्षों तक के लिए मान्य रहेगी। आवश्यकतानुसार इस अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।
2. कला–दलों का चयन एवं ग्रेडिंग, कस्ट्यूम्स, मेक–अप वाद्य–वृन्द की कुशलता सहित वाछित, संदेश को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से आमजनों तक पहुँचाने की कुशलता के आधार पर की जाएगी।
3. प्रत्येक कलादल में न्यूनतम 08 (आठ) सदस्य होना अनिर्वाय है, जिसमें 04 (चार) महिला सदस्य होंगी। अपवाद स्वरूप ऐसे नृत्य कला कार्यक्रम जिसमें पारंपरिक रूप से केवल पुरूष या महिला सदस्य ही कला दल के सदस्य होते है, वैसे कलादलों के चयन में 08 सदस्यीय कलादल केवल महिला एवं केवल पुरूष से गठित हो सकते है।
4. दलों के चयन एवं ग्रेडिंग को मात्र झारखण्ड सरकार एवं कला–दलों के मध्य मात्र व्यवसायिक कार्य संबंध समझा जाएगा एवं यह किसी भी प्रकार से नियोजन के किसी भी प्रावधान को आकृष्ट नहीं करेगा।
5. चयन प्रक्रिया में स्थानीय कलादलों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. निबंधित–संस्था का निबंधन प्रमाण–पत्र का स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सभी कलादलों को आवदेन पत्र के साथ Annexure-A,B,C प्रपत्र सहित संबंधित दस्तावेजों का संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. निबंधित कला दल को सरकार की ओर से कार्यक्रम करना है अतएव राज्य की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यानुशासन को हर हाल मे बनाए रखना कला–दलों की जिम्मेवारी होगी।
9. कार्यक्रम की असंतोषजनक प्रस्तुति अथवा दल के सदस्यों के द्वारा राज्य की गरिमा के विरूद्ध किए गए आचरण की शिकायत के उपरांत भुगतेय राशि में से कटौती एवं दल को काली सूची में डाले जाने के उपरांत उनका निबंधन रद्द किया जा सकेगा।
10. सांस्कृतिक कलादलों को प्रति कार्यक्रम के दर पर भुगतान किया जायेगा।
11. प्रति पंचायत में न्युनतम 2 घंटो का कार्यक्रम किया जाना अनिर्वाय होगा।
12. निम्नानुसार प्रति कार्यक्रम ग्रेड के अनुरूप पारिश्रमिक निर्धारित किया जाता है:–

(1) A गेड कलादल – 7700 प्रति कार्यक्रम
(2) B गेड कलादल – 6600 प्रति कार्यक्रम
(3) C गेड कलादल – 6050 प्रति कार्यक्रम
(**Note:-** उपरोक्त मानदेय में यात्रा भत्ता एवं अन्य सभी व्यय शामिल है।)

13. चयन एवं ग्रेडिंग का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि किसी चयनित कला दल से कार्य कराये जाने के लिए जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी बाध्य है। बिना कारण बताए किसी दल से कार्य नहीं कराए जाने एवं उन्हे पैनल से हटाए जाने हेतु अधिकार जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा।

आवेदन का विहित प्रपत्र एवं पूर्ण जानकारी जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.ramgarh.nic.in/ पर उपलब्ध है।

ह०/–
जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,रामगढ़

PR 320037 District(23-24).D



## कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

**शुद्धि-पत्र**

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ के द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या WRD/MID/Ramgarh $F_2$- 08/2023-24 कुम्हरबार नाला पर चेकडैम का निर्माण प्रखण्ड–माण्डू, जिला–रामगढ़ जिसका PR No. क्रमश: 319889 है को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए रद्द की जा रही है।

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 320050 Minor Irrigation (23-24)_D


### इन्ट्रा यूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिक डिवाइस का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**गिरिडीह।** रेफरल अस्पताल में गुरूवार से पांच दिवसीय इन्ट्रा यूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिक डिवाइस (आईयूसीडी) प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन मुख्य प्रशिक्षक डाक्टर सरोज कुमारी ने फीता काट व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा० राजेश महतो के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रुप में अस्पताल में पदस्थापित जीएनएम ममता समद, एएनएम रानी कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को आईयूसीडी से संबंधित जानकारी देते हुए उसके फायदों व बरती जाने वाली सतर्कता को बताया। वहीं चिकित्सक सरोज कुमारी ने बताया कि आईयूसीडी महिलाओं के लिए एक प्रकार का गर्भ निरोधक उपकरण है जो अंग्रेजी लेटर 'टी' के आकार में होता है जिसे महिला के गर्भाशय में लगाया जाता है। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के बीच आईयूसीडी से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से आईयूसीडी की विस्तृत जानकारी दिया गया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी क्रमशः ममता कुमारी, यशोदा कुमारी, सोनी कुमारी, कुंती कुमारी, पूनम कुमारी, सरीता महतो ,सुमिता गुप्ता, देवकी कुमारी,समिला कुमारी, नेहा कुमारी, व दुतामी टोपनो सहित बीएएम राम प्रवेश, बीपीएम पूजा कुमारी बीटीटी अर्जुन मोदी सी.ओ विक्की रजक लिपिक शंकर ठाकुर, सिकंदर हमीद, सूर्यकान्त कुमार, बसंती कुमारी एमएसडब्लू मुकेश कुमार, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।



### पेशम के पांडवाडीह गाँव में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर

**गिरीडीह।** बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत पेशम पंचायत के पांडवाडीह गाँव में 100 केवी का ट्रांसफार्मर गुरुवार को लगाया गया। जिसका उदघाटन पेशम पंचायत समिति सदस्य शीतल तर्वे ने नारियल फोड़कर एंव फीता काटकर किया। जिससे पांडवाडीह गांव में निवास कर रहे लगभग सौ घरों में फिर से रोशनी पहुंची गयी।सभी ग्रामीणों ने पंसस को धन्यवाद एंव आभार प्रकट करते हुए लोगो के चेहरों पर खुशी देखी गयी। मौके पर पंसस प्रतिनिधि विक्रम तर्वे, तारकेश्वर मण्डल, उमेश मण्डल, पप्पू पांडेय, शम्भू राम, मिस्त्री ज्ञानी कुमार, अमर कुमार, संतरी मण्डल, बबलू विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह,अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, सहदेव यादव,सुखदेव मण्डल, सुजीत यादव, जगदीश मण्डल, विक्रम यादव, कुलदीप मण्डल, गोपाल मण्डल इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–185, दिनांक–01.02.2024 द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–11/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG, दिनांक–01.02.2024, जिसका PR No-317644 Rural Work Department (23-24)D से प्रकाशित निविदा में निम्नवत् संशोधन की जाती है–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–05.03.2024 पूर्वाह्न 5.30 बजे।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 319994 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# सवाल मातृभाषा का!

आजकल भारत में रोटी कपड़ा और मकान की लड़ाई भले गरीब लोग लड़ रहे हों पर कभी गरीब रहे लोग अब पहचान की लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व से जुड़ा है । लगभग दो हजार साल तक गुलाम रहा भारत और इसका सीधा असर भाषा और बोलियों पर पड़ा । जिन लोगों ने गुलाम बनाया उन्होने अपनी भाषा का वर्चस्व बनाए रखने के लिए अपनी भाषा को राजभाषा बनवाया और भारतीय भाषा बोलियों की उपेक्षा की जिसका असर यह हुआ कि भारत की बोलियाँ आधुनिकता के नाम पर लुप्त होती चली गईं और भाषाएँ भी हाशिए पर चली गईं । झारखंड की बात करें तो अनेक जनजातीय भाषाओं के बोलने वाले इसे उपेक्षित कर अंग्रेजी को अपना चुके हैं जिससे उनका सिर्फ सरनेम बचा है ।यूनेस्को द्वारा हर वर्ष 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना। मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है। 2024 की थीम ह्यबहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है्। आज 250 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 763 मिलियन वयस्क बुनियादी साक्षरता कौशल में निपुण नहीं हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों एवं बौद्धिक विरासत की रक्षा करना तथा मातृभाषाओं का संरक्षण करना एवं उन्हें बढ़ावा देना इस दिवस का उद्देश्य है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हर दो सप्ताह में एक भाषा विलुप्त हो जाती है और विश्व एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत खो देता है।जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषो दिवस मनाया जाता है। आज विश्व में ऐसी कई भाषाएं और बोलियां हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है।

**मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है।**

इन दिनों

# किसानों को बाजार की जरुरत, दान की नहीं!



संजीव चोपड़ा

*पिछले* तीन भारत रत्न वास्तव में भारत के किसानों की उद्यमशीलता की भावना का सम्मान है। भारत रत्न पाने वाली तीनों हस्तियां- दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव के साथ-साथ हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक प्रशासक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन- कृषि के साथ-साथ किसानों के कल्याण से गहराई से जुड़ी थीं और इसके प्रति व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध थीं। स्वामीनाथन का योगदान काफी जाना-माना है, लेकिन उस राजनीतिक अर्थव्यवस्था के संदर्भ को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिसमें हरित क्रांति सफल रही थी। यह चरण सिंह ही थे जिन्होंने नेहरू को सोवियत और चीन के तरीके की 'सामूहिक खेती' के नुकसान से अवगत कराया था। उनका स्पष्ट मानना था कि किसान पूरी तरह से स्वतंत्र खेतिहर हैं और वे 'लैंड पूलिंग एवं सहकारी खेती' की किसी भी केंद्रीकृत योजना के सख्त विरोधी हैं। 'लैंड पूलिंग और सहकारी खेती' की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था। पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले, भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन, भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके, उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की। हालांकि, कृषिगत वस्तुओं का घरेलू व्यापार प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवस्थाओं के जरिये ही संचालित होता रहा जो खरीद एजेंसियों और एपीएमसी के पंजीकृत व्यापारियों के लिए तो अच्छा था, लेकिन किसानों के लिए नहीं। लेकिन संभवतः उनके द्वारा किया गया सबसे सार्थक नीतिगत उपाय 1994 में छोटे किसानों का कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) की स्थापना करना था।

इस संगठन को अब कृषि के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक बाजार की स्थापना का जिम्मा सौंपा गया है। यह सब आठ साल पहले बैसाख प्रथम (14 अप्रैल) को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक परिवर्तनकारी पहल की पृष्ठभूमि और संदर्भ प्रदान करता है। यहां संदर्भ- एसएफएसी समर्थित इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पहलः 'फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) बाजार' का है। यह फिजिकल बैकएंड वाला एक सिंगल विंडो पोर्टल है, जो कार्रवाई योग्य जानकारी, भौतिक बुनियादी ढांचा, व्यापार के विकल्प और भुगतानों का इलेक्ट्रॉनिक निपटान प्रदान करता है। मौजूदा समय में, एसएफएसी की इसी पहल की बदौलत, 10.7 मिलियन किसानों को 23 राज्यों और 4 केंद्र-शासित प्रदेशों के 1389 विनियमित थोक बाजारों में अपने मोबाइल फोन पर अपनी भाषा में लेनदेन करने की स्वतंत्रता, लचीलापन और सुविधा प्राप्त है। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा 1.7 लाख अन्य एकीकृत लाइसेंस जारी किये गये हैं, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण 3500 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सक्रिय भागीदारी है- उनके लेनदेन इस मंच के लिए दृढ़ समर्थन प्रदर्शित करते हैं। जनवरी 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि का कारोबार हो चुका था। इस सफल उपाय की पृष्ठभूमि साझा करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि पचास के दशक में जब एपीएमसी की शुरूआत हुई थी, तो किसानों को संकटकालीन बिक्री से सुरक्षा की आवश्यकता थी। एपीएमसी को एमएसपी व्यवस्था के तहत राज्य एजेंसियों द्वारा 'मूल्य खोज' सुनिश्चित करने और खरीद के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि, इस प्रक्रिया में, उन्होंने बिचौलिये-व्यापारी का एक विशेष वर्ग भी तैयार कर दिया, जिसके पास अधिसूचित कमान क्षेत्र के साथ विशेष मंडी में काम करने का लाइसेंस हुआ करता था। हालांकि, जैसे-जैसे भारत एक आईटी महाशक्ति बना और कृषि, किसान के पास से उत्पादन के मार्केट मोड में चली गई, व्यापार के प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने की आवश्यकता महसूस हुई। एसएफएसी जैसे संस्थानों की स्थापना सीमांत और छोटे किसानों के व्यापार की शर्तों में सुधार लाने के लिए प्रौद्योगिकियों और वित्तीय साधनों का लाभ उठाने के लिए की गई थी। कृषि व्यवसाय उद्यमियों को उद्यम पूंजी निधि प्रदान करने से लेकर बुनियादी ढांचा तैयार करने तक, एसएफएसी ने एफपीओ की स्थापना, मार्केट इंटेलिजेंस, भंडारण और खरीद समर्थन की दिशा में नवोन्मेषी पहल की। कोई अचरज की बात नहीं कि ई-नाम की स्थापना का दायित्व भी एसएफएसी को सौंपा गया। शुरूआत करने के लिए, कृषि मंत्रालय ने उन नियंत्रित मंडियों में उपकरण/ बुनियादी ढांचे जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट सुविधा, परख उपकरण आदि के लिए प्रति मंडी 30 लाख रुपये का अनुदान दिया जहां ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना होनी है। सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं तथा बायो कंपोस्टिंग यूनिट जैसी अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए इसे 2017 में बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं पहले तीन वर्षों में, लगभग 200 मंडियों को इसके दायरे में लाया गया था, मई 2020 तक 415 मंडियों, जुलाई 2022 तक 260 और मंडियों, मार्च 2023 तक 101 और मंडियों तथा पिछले कैलेंडर के अंत तक 28 मंडियों के साथ गति बढ़ी। यह संख्या हर तिमाही में बढ़ रही है! नीति बनाना आसान हिस्सा है। वास्तविक और आईटी बुनियादी ढांचे का निर्माण अधिक कठिन है। सबसे कठिन काम है इसे जमीन पर कारगर बनाना। प्रारंभिक हैंडहोल्डिंग के लिए, एसएफएसी एक आईटी विशेषज्ञ (मंडी विश्लेषक) की पहचान करता है और उसका समर्थन करता है ताकि ई-नाम के साथ जुड़ी प्रत्येक मंडी की एक वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ में लगातार मदद की जा सके। वे राज्य समन्वयकों को रिपोर्ट करते हैं, जिनमें से प्रत्येक 50 मंडियों का दिन-प्रतिदिन तालमेल बिठाते हैं। वे ई-नाम प्रणाली में सभी हितधारकों- किसानों, व्यापारियों, कमीशन एजेंटों और मंडी अधिकारियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आगे क्या? अपनी उपलब्धियों पर संतुष्ट होने के बजाय, ई-नाम नये और उच्च मानक स्थापित कर रहा है। इसके संशोधित अधिदेश में किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एपीएमसी/ विनियमित बाजार समिति मंडियों से परे मंच खोलकर ई-नाम का विस्तार और समेकन शामिल है। गोदाम आधारित बिक्री (डब्ल्यूबीएस) और ई-नाम के माध्यम से जोर दिया जा रहा है। आखिर में, यह मूल्य खोज और बेचने की स्वतंत्रता है जो किसान के लिए अधिक समृद्धि लायेगी।

**(डॉ. संजीव चोपड़ा पंजाब के रहने वाले एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के पूर्व निदेशक हैं। व्यक्त किये गये विचार उनके निजी हैं)**

**'लैंड पुलिंग और सहकारी खेती' की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था। पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले, भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन, भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके, उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की।**

## आपकी बात

### उत्कृष्ट संपादकीय



दिलीप कुमार

संपादकीय शीर्षक 'राजनीति विकास की हो सत्ता की नहीं' के माध्यम से बिलकुल सटीक टिप्पणी की गई है। वस्तुतः राजनीति राज -काज चलाने की नीति ही नहीं शासन की एक श्रेष्ठ कला भी है। इसलिए राजनीति का स्वरुप व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याणकारी होना चाहिए। इसमें आम लोगों की भलाई की भावना निहित होने के साथ साथ राष्ट्र विकास की बात होना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत आज राजनीति का विकृत स्वरुप ही दिखाई देता है जिसमे वादों की भरमार है, घोटाले ही घोटाले हैं, कबूतरबाजी के किस्से हैं, आपसी लड़ाई है और निज स्वार्थ के मामले भरे पड़े हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि आजादी के इतने सालों बाद भी देश की बड़ी आबादी को ठीक से दो जून की रोटी भी नहीं मिल पा रही है। पहनने को उनके पास कपड़े नहीं है, रहने जो घर नहीं है।वह बुनियादी सुविधाओं से दूर है। छल प्रपंच काआज ऐसा दौर है जिसमे सत्ता के लिए नित नये तिकड़म अपनाये जा रहे हैं। सत्ता के लिए जोड़ तोड़ किया जा रहा है और करोड़ों रूपए की लेन देन की बातें खबरों में सुनने को मिलती हैं।यह सही नहीं है और इससे देश का कुछ भी भला नहीं होनेवाला है। संपादक महोदय ने बच्चों की शिक्षा एवं भाषायी लड़ाई से सम्बंधित भी जायज सवाल उठाये हैं जिसपर सबको गहराई से सोचने की जरुरत है।अगर प्रारंभिक शिक्षा की कमियों को दूर नहीं किया जायेगा तब बेहतर परिणाम कहाँ से मिलेंगे? प्रतिभा को उचित अवसर एवं सम्मान नहीं मिलेगा तब वे निश्चित ही पलायन करेंगे। भाषा के नाम पर लड़ाई भी ठीक नहीं है। मेरा मानना है कि राजनैतिक दलों को व्यक्तिगत स्वार्थ और भ्रष्टाचार से दूर होकर लोक कल्याण एवं समग्र विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि देश का उत्थान हो। सबको उचित अवसर मिले और सभी देश के विकास में सहायक बने। कथनी करनी में आसमान जमीन का अंतर न हो और किये गए वादों को धरातल पर कैसे उतारा जाय, इसपर कार्य करने की जरुरत है। आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को राजनीति से दूर रखने की जरुरत है। सार्थक, सटीक एवं सारगर्भित टिप्पणी के लिए संपादक महोदय को साधुवाद!

**– पोटमा, गढ़वा (झारखण्ड)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

प्रकृति

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य



अरुण कु.दीक्षित

*हम* सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं। गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान) मुंडन , छेदन, उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाये जाते हैं। उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है । हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं।

**हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है।**



बोधि वृक्ष

## भगवान परशुराम के परशु की होती है पूजा

जी हां, दावा किया जाता है कि पहाड़ी पर स्थित एक मंदिर में भगवान परशुराम का फरसा गड़ा है, जिसे खुद उन्होंने ही गाड़ा था। इस फरसे से जुड़ी एक बेहद ही रहस्यमय कहानी है, जिसके बारे में बहुत कम ही लोग जानते होंगे। आज हम आपको इसी कहानी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको हैरान कर देगी। दरअसल, झारखंड की राजधानी रांची से करीब 150 किलोमीटर दूर गुमला जिले में एक पहाड़ी है, जहां स्थित है टांगीनाथ धाम। इसी धाम के एक मंदिर में मौजूद है भगवान परशुराम का फरसा। वैसे तो यह फरसा खुले आसमान के नीचे है, लेकिन आज तक इसमें कभी जंग नहीं लगा। यह किसी रहस्य से कम नहीं है कि हजारों साल बाद भी यह पूरी तरह सुरक्षित है। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति इस फरसे से छेड़छाड़ की कोशिश करता है, उसे इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ता है। कहते हैं कि एक बार लोहार जनजाति के कुछ लोगों ने फरसे को जमीन से उखाड़ कर ले जाने की कोशिश की थी, लेकिन जब फरसा नहीं उखड़ा तो उन्होंने उसके ऊपरी भाग को काट दिया। हालांकि, उसे भी वो ले जाने में नाकाम रहे। कहा जाता है कि इस घटना के बाद आसपास रहने वाले लोहार जनजाति के लोगों की एक-एक कर मौत होने लगी, जिसके बाद वो इलाका ही छोड़कर चले गये। **(क्रमशः)**



## फेसबुक वॉल से

Vijay Singh
Reels · 4 d
BAHOOT KHUSHI HOTI HAI....JAB AAPKE NSD KE SENIOR NATIONAL AWARD WINNER... See more



393 · 154 comments · 1 share · 1.5k views

## X - से

Surya Pratap Singh IAS Rtd.
@suryapsingh_IAS

लोकतंत्र में किसी व्यक्ति विशेष की आलोचना यदि घृणा में बदल जाये तो समझो उसके पीछे आलोचक का कदाशय है, निजी खुन्नस है।

यही हाल पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक का हुआ। जब से उनकी गवर्नरी छिनी, वे PM मोदी की आलोचना करते करते निजी खुन्नस पर उतर आये।

सत्यपाल मलिक घोटालों की बात करते रहे, पुलवामा में सरकार की संलिप्तता के आरोप लगाते रहे लेकिन कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं दे पाये।

विपक्ष के चढ़ाने में आकर बड़बोले बन गये, एहसान-फरामोश होने की सारी सीमाएँ लाँघ गये।

कथित रिलायंस इंश्योरेंस घोटाले में 300 करोड़ रिश्वत की पेशकश की बात उन्होंने ही की थी, आज CBI उसकी जाँच कर रही है, छापे मार रही है तो इसमें इतना हो-हल्ला क्यों?

# पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस



आरके सिन्हा

*पाकिस्तान* में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आये थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जायेगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिये कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाये हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गये हैं। इमरान खान की पार्टी 'पीटीआई' नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है।

**नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आये थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जायेगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है।**

## टेक वर्ल्ड

### ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनायें यह तरीका

**तीसरा तरीका :** टिकट बुक करते समय आप इस बात का ध्यान रखें कि एसी क्लास की टिकट बुकिंग 10 बजे होती है और 11 बजे स्लीपर क्लास की बुक होती है। इसे आप रेलवे की बेवसाइट पर जाकर टिकट को बुक कर सकते है। **(समाप्त)**

**फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स : हाई-क्वालिटी फोटोज के साथ पेशेवर टच**

आधुनिक दुनिया में फोटोग्राफी का महत्व बढ़ चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों की छवियों को शेयर करने का शौक भी बढ़ गया है। इसके साथ ही, लोग अपने फोटोग्राफी स्किल्स को निखारने के लिए विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। आज की दुनिया में स्मार्टफोन का उपयोग लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। फोन में इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ, विभिन्न एप्लिकेशन्स की बढ़ती उपलब्धता भी लोगों को इसका एक्सप्लोरेशन करने का मौका देती है। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए भी यह नए डिजिटल युग में कई उपायों को प्रस्तुत करता है।



अब फोटो एडिटिंग और प्रोफेशनल फोटोग्राफी के लिए कई एप्लिकेशन्स उपलब्ध हैं, जो उपयोगकर्ताओ को हाई क्वालिटी फोटोज के साथ-साथ प्रोफेशनल टच भी प्रदान करते हैं। आधुनिक दुनिया में फोटोग्राफी का महत्व बढ़ चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों की छवियों को शेयर करने का शौक भी बढ़ गया है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### श्रद्धालुओं के लिए 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** उत्तराखंड में मई के महीने से चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है। उत्तराखंड में स्थित सिक्खों के पवित्र धर्म स्थल हेमकुंड साहिब के भी कपाट खुलने और बंद होने की तारीख की घोषणा हो गई है। हेमकुंड साहिब के कपाट इस बार 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे और 10 अक्टूबर को बंद हो जाएंगे। कपाट खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा आरंभ हो जाएगी। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कपाट खुलने और बंद होने की जानकारी दी। इस पर राज्य सरकार ने भी अपनी सहमति दे दी है। मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

### कर्नाटक में सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए कुमारस्वामी ने शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 30 मिनट तक मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, पार्टियों के बीच जारी सीट बंटवारे को लेकर कुमारस्वामी ने अमित शाह से मुलाकात की है। इसके अलावा जेडीएस और बीजेपी नेताओं के बीच जारी मतभेद को ध्यान में रखते हुए भी मुलाकात को अहम माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि कुमारस्वामी ने अमित शाह से जद (एस) के उम्मीदवारों को मांड्या, हासन और बेंगलुरु ग्रामीण या कोलार लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति देने पर जोर दिया। हालांकि, पार्टियों के बीच गठबंधन का ऐलान पांच महीने पहले ही हो गया था, लेकिन अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बन पाई है। मांड्या सीट से निर्दलीय उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुमालता अंबरीश ने बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि मांड्या सीट से चुनाव लड़ना उनका आखिरी फैसला है।

### कॉमेडियन भारती के भस्म आरती में निकल पड़े आंसू

**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित डांस आडिशन में शामिल होने आईं कॉमेडियन भारतीसिंह निंबोदिया गुरुवार को 12 साल के लंबे अंतराल बाद महाकाल मंदिर आईं और भस्म आरती दर्शन के दौरान उनके आंसू छलक पड़े। भारती ने इसकी वजह भी बताई। कॉमेडियन भारती सिंह ने कहा 12 साल बाद मंदिर आई तो यहां का दृश्य देख अभिभूत हो गईं, स्वर्ग जैसा सुंदर मंदिर परिसर बन गया है। तब भी आंखों से आंसू नहीं रुके थे। मन बहुत सारी चीजें थी, सोचा था बाबा महाकाल से बहुत कुछ मांगूंगी, लेकिन जब उनको देखते हैं तो देखते ही रह जाते हैं, मांगना तो भूल ही जाते हैं। हम टीवी वाले 15 मिनट एक जगह नहीं बैठ सकते और आज 2 घंटे तक लगातार बैठकर भगवान महाकाल का श्रृंगार देखा और आरती भी की। भारती ने कहा बारह साल बाद मंदिर को इतने सुंदर रूप में देखकर मन प्रसन्न हो गया।

# कैबिनेट : गन्ने की कीमत में 8 फीसदी बढ़ोतरी को मंजूरी

### अब गन्ना के मिलेंगे 340 रुपये प्रति क्विंटल, 5 करोड़ किसानों को होगा फायदा

### राज्यों को बाढ़ रोकने के 4,100 करोड़ की केंद्रीय योजना 5 साल के लिए बढ़ाया





**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 8 प्रतिशत बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी। सीसीईए की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, संशोधित कीमतें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। वहीं 4,100 करोड़ रुपये के व्यय से 'बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम' (एफएमबीएपी) के लिए केंद्र प्रायोजित योजना 2021-22 से 2025-26 तक पांच साल के लिए जारी रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

गन्ने की ए 2+ एफएल लागत से 107 प्रतिशत अधिक पर नया एफआरपी गन्ना किसानों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करेगा। बयान में कहा गया है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने के लिए सबसे अधिक कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य व्यक्तियों को लाभ होने वाला है।

इस मंजूरी के साथ चीनी मिलें 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर गन्ने की एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालांकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये/क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी सुनिश्चित किया जाता है।

#### बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत दो घटक हैं

- 2,940 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एफएमबीएपी के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम घटक के तहत बाढ़ नियंत्रण, कटाव-रोधी, जल निकासी विकास और समुद्री कटाव-रोधी से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए राज्य सरकारों को केंद्रीय सहायता दी जाएगी।
- 1,160 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एफएमबीएपी के नदी प्रबंधन और सीमा क्षेत्र घटक के तहत पड़ोसी देशों के साथ आम सीमा नदियों पर बाढ़ नियंत्रण और कटाव-रोधी कार्य, जिसमें हाइड्रोलॉजिकल अवलोकन और बाढ़ पूवार्नुमान, जांच और निर्माण-पूर्व गतिविधियां शामिल हैं। साझा सीमा नदियों पर संयुक्त जल संसाधन परियोजनाओं की 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता से शुरू की जाएंगी। हालांकि, बाढ़ प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है, लेकिन केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्यों के प्रयासों को पूरक बनाना वांछनीय है।

# विकसित देश-प्रदेश के लिए निवेश आवश्यक : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1,040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर-13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लॉन्च करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास



कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहे हैं, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा, तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं।

#### योगी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री : सीतारमण



आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हर गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी के लिए डायनमिक शब्द को समझाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी आदित्यनाथ साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। वह इंजन की तरह प्रदेश में घूमते रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है।

# नीतीश ने 18 विभागों के 1,555 करोड़ की 132 योजनाओं का किया उद्घाटन

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित 18 विभागों की 1,555 करोड़ रुपये की 132 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं 16 विभागों के 1,321 करोड़ रुपये की 110 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित होकर रिमोट के जरिए इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। एनडीए की सरकार में राज्य में कई आईकॉनिक भवन बनाए गए हैं। बिहार संग्रहालय, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, सरदार पटेल भवन, महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र गया, बिहार सदन (नई दिल्ली), प्रकाश पुंज, ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय दरभंगा, 2,000 क्षमता के मोतिहारी एवं बेतिया में सभागार, प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र गया जैसे कई महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत गुरुवार को बक्सर अभियंत्रण महाविद्यालय के उद्घाटन के साथ ही कुल 31 अभियंत्रण महाविद्यालय भवनों की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गयी है। इस समारोह में भोजपुर एवं जहानाबाद स्थित पॉलिटेक्निक भवनों का भी उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही सभी 15 पॉलिटेक्निक भवनों का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

#### संदेशखाली में ताजा तनाव

# भीड़ ने शाहजहां के भाई की संपत्ति जलाई

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में गुरुवार दोपहर ताजा तनाव उत्पन्न हो गया, जब गुस्साए ग्रामीणों ने फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन की संपत्ति को जला दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने कथित तौर पर संदेशखाली में एक स्थानीय खेल के मैदान पर भी कब्जा कर लिया, जिस पर कथित तौर पर फरार नेता और उसके सहयोगियों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया था। शेख सिराजुद्दीन की जिस संपत्ति को उत्तेजित ग्रामीणों ने आग लगाई, वह उनके स्वामित्व वाले मछलीपालन फार्म के बीच में एक गोदाम था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस खेत में गोदाम स्थित था, वह उनकी जमीन पर बनाया गया था और उस पर तृणमूल नेता और उनके रिश्तेदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सिराजुद्दीन ने खेत में खारा पानी भरकर उसकी उर्वरता को बर्बाद करने के बाद उस पर कब्जा कर लिया। संदेशखाली मछलीपालन फार्मों के लिए जाना जाता है, जो ज्यादातर शाहजहां और उसके सहयोगियों के स्वामित्व में हैं और स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसे अधिकांश फार्म अवैध रूप से स्थापित किए गए हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सिराजुद्दीन के करीबी सहयोगियों ने जगह छोड़ने से पहले स्थानीय लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के जिले में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद कोलकाता लौटने के कुछ ही घंटों बाद संदेशखाली में ताजा तनाव उत्पन्न हो गया। गुरुवार सुबह कोलकाता रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है।

#### लोकसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची मांगी

ईसीआई ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची अविलंब मांगी है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही सूची की मांग करना एक स्पष्ट संकेत है कि चुनाव से बहुत पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि आयोग ने उन बूथों का विवरण भी मांगा है जिन्हें 2019 के लोकसभा चुनावों और 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में संवेदनशील घोषित किया गया था। यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनाव तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए ईसीआई की पूर्ण पीठ मार्च के पहले सप्ताह में पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, पूर्ण पीठ 4 मार्च को आएगी और अगले दिन उनके प्रतिनिधि राज्य के शीर्ष नौकरशाहों तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा, संभवतः, पूर्ण पीठ संवेदनशील बूथों के विवरण के साथ चुनाव तैयारियों पर राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ चर्चा शुरू करना चाहती है, और आयोग ने तुरंत इस संबंध में सूची मांगी है।

#### 'हम' का 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय सम्मेलन

# राज्यभर से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे : जीतन राम मांझी



**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पटना में 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसमें राज्यभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान होगा। सम्मेलन में पार्टी के कार्यकर्ता एनडीए को लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि दलित और मांझी समाज के लोग वोट देने से वंचित रह जाते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से दलित और वंचित समाज के लोगों को वोट के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है और ऐसे में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का जिला-जिला घूमना, उनकी अपरिपक्वता को दशार्ता है। उन्होंने तेजस्वी को अनुभवहीन नेता बताते हुए कहा कि वे सड़कों पर घूम-घूमकर घटिया राजनीति कर रहे हैं। देश का विपक्ष दिशाहीन है। गरीबों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने और चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव देश और बिहार के लिए अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी, जिसमें बिहार के परिदृश्य में हम पार्टी की भूमिका भी निर्णायक होगी।

# बिहार विधानसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में गुरुवार को बजट सत्र के 7वें दिन भी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर सदन के अंदर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। सदन के बाहर वाम दलों ने प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा है कि सदन के अंदर भी ये मुद्दा उठाएंगे। ऐसे में उन्होंने यह मुद्दा सदन के अंदर उठाया और इसी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बिहार विस सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि सदन के पटल पर एक सूचना रखते हैं, उसके बाद विस के स्पीकर ने उन्हें कहा कि क्या सूचना है आप बताएं। चंद्रशेखर ने कहा कि सीएम साहब ने कल ही निर्देश दिया था कि सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षक 15 मिनट पहले पहुंचेंगे, उनके आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनकी सूचना सुन स्पीकर ने कहा कि यह मामला शून्य काल में उठेगा और उसे सुना जाएगा। अभी प्रश्न काल चल रहा है और अभी उसी से संबंधित सवाल लिया जाएगा। अपनी सूचना पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होते देखा विपक्ष के विधायक वेल में आ गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद स्पीकर ने कहा कि आप लोग अपनी जगह पर जाइए, वेल से कही गई कोई भी बात प्रोसिडिंग का हिस्सा नहीं होती है, यह बात आप भी जानते हैं इसलिए अपनी जगह पर जाइए और शून्य काल के दौरान इस सवाल को उठाइए। हंगामा बढ़ता देख मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में जो घोषणा की है उसे सरकार सुनिश्चित कराएगी।

#### जदयू विधायक नरेंद्र यादव ने विस उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा



जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव ने सीएम नीतीश कुमार की उपस्थिति में बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के अचानक इस्तीफा देने के बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का पद खाली हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि नरेंद्र नारायण यादव निर्विरोध उपाध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के बाद उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और सदन को बिल्कुल सुचारू ढंग से चलाएंगे। पक्ष विपक्ष सभी लोगों की बात सुनेंगे। पार्टी ने जो विश्वास जताया है इसके लिए आभारी हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बेहतर समन्वय के साथ सदन का संचालन करेंगे।

# द्विपक्षीय संबंधों पर टिप्पणी को लेकर फिर से एक बार चर्चा में आए कांग्रेस नेता व सांसद शशि थरूर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल से सांसद व कांग्रेस के नेता शशि थरूर कल से फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने के बाद से सुर्खियों में हैं, आज वे विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों पर सकारात्मक टिप्पणी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को शशि थरूर ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि दुनिया के देश रायसीना डायलॉग 2024 में इसलिए हिस्सा ले रहे हैं क्योंकि दुनिया के लगभग सभी देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। शशि थरूर ने आगे कहा कि अब मुझे लगता है कि अधिक से अधिक देश भारत को वैश्विक कूटनीति के लिए एक अच्छे स्थान के रूप में देखने लगे हैं। अब यह



एक ऐसी जगह बन गया है जहां वे भारत से जुड़ सकते हैं और एक-दूसरे के साथ नेटवर्क भी बना सकते हैं। यह एक बहुत अच्छा मंच बनता जा रहा है।

कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति की प्रशंसा के दौरान चर्चा में आए थे।

उन्होंने आगे यह भी कहा था कि मुस्लिम देशों से हमारे रिश्ते जितने अच्छे अभी हैं, उतने कभी नहीं रहे। इससे पहले 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर थरूर ने पीएम मोदी की तारीफ की थी। उन्होंने कांग्रेस के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पिछले दिनों कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जी-20 सदस्यों की नई दिल्ली घोषणा की सराहना करते हुए कहा कि यह निस्संदेह भारत के लिए कूटनीतिक जीत है। इसे लेकर चर्चा में आए थे। शशि थरूर ने कहा था कि यह एक अच्छी उपलब्धि है क्योंकि जी-20 समिट से पहले तक ऐसी उम्मीद थी कि कोई समझौता नहीं होगा। इसलिए संयुक्त बयान जारी करना संभव नहीं हो सकता।

# संयुक्त किसान मोर्चा 26 को ट्रैक्टर मार्च निकालेगा 14 मार्च को दिल्ली में करेगा 'महापंचायत'

**एजेंसी। चंडीगढ़**

एसकेएम ने आंदोलन के कारण पंजाब और हरियाणा के बीच अंतर्राज्यीय सीमाओं पर तनावपूर्ण स्थिति को लेकर चर्चा करने के बाद गुरुवार को बैठक की, जिसमें 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालने और 14 मार्च को दिल्ली में 'महापंचायत' बुलाने की घोषणा की। हजारों किसान एक सप्ताह से अधिक समय से सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। बैठक में किसान आंदोलन के दौरान एक दिन पहले एक व्यक्ति की मौत पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृहमंत्री अनिल विज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और मृतक को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई। बीकेयू के नेता राकेश टिकैत ने



एसकेएम की समन्वय समिति की बैठक के बाद मीडिया से कहा कि उनकी मांगों को लागू नहीं किए जाने के कारण पूरे देश में किसान शुक्रवार को 'काला दिवस' मनाएंगे। उनकी प्रमुख मांगों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून बनाया जाना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम हरियाणा के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ (आईपीसी की) धारा 320 के तहत हत्या का मामला दर्ज करने और एक प्रदर्शनकारी की मौत की न्यायिक जांच करवाने की मांग करते हैं। टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के एक तरफ ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। यात्रियों को सभी राजमार्गों के एक तरफ के उपयोग की अनुमति दी जाएगी। हम केवल एक तरफ ही ट्रैक्टर चलाएंगे। अगली रणनीति के तहत 14 मार्च को दिल्ली में एक 'महापंचायत' आयोजित की जाएगी। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो धरना स्थलों में से एक, खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिनों के लिए रोक दिया।

#### नोएडा के किसानों ने 23 को 'दिल्ली कूच' का कार्यक्रम किया स्थगित

**नोएडा।** भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा और जय जवान जय किसान मोर्चा ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को 'दिल्ली कूच' का ऐलान किया था, जिसे स्थगित कर दिया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

## रांची की पिच देखकर स्टोक्स के उड़े होश

# दूर से हरी-भरी, करीब जाने पर दिखी दरारें

**रांची (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट रांची में शुक्रवार से खेला जाना है। इस बीच इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स रांची टेस्ट की पिच से हैरान दिखे। उनका कहना है कि उन्होंने पहले कभी ऐसी पिच नहीं देखी। रांची टेस्ट की पिच दूर से घासदार दिखती है, लेकिन करीब से देखने पर उसमें कई दरारें हैं। उप-कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा था कि पिच में पहले से ही दरारें हैं, जिससे संकेत मिलता है कि टर्न और उछाल शुरू से ही प्रभावी रहेगी। स्टोक्स ने कहा, 'यह दिलचस्प लग रहा था, है ना? मुझे नहीं पता, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है इसलिए मुझे कोई अंदाजा नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं यह उससे बिल्कुल अलग दिखता था जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में। चेंजिंग-रूम में यह हरा और घास वाला दिखता था, लेकिन फिर आप वहां जाते हैं, तो यह अलग दिखता था।' हालांकि, स्पिन के अनुकूल पिच इंग्लैंड के स्पिनरों टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद को रांची में समीकरण में लाएगी, जहां उनका लक्ष्य भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला को बराबर करना है, लेकिन मार्क वुड की जगह ओली रॉबिन्सन को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की चर्चा है। रांची में गेंदबाजी करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्टोक्स ने कुछ स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा, 'सर्जरी से पहले मुझे गेंदबाजी शुरू करने के लिए 12 से 13 सप्ताह का समय बताया गया था। मैं उससे दो सप्ताह आगे हूं। लेकिन देखते हैं सब कुछ कैसा रहता है। अगर मुझे लगेगा कि मैं गेंदबाजी करने में सक्षम हूं तो मैं गेंदबाजी करूंगा। 'बुधवार को गेंदबाजी करते समय मेरा घुटना बिल्कुल ठीक था। उस 20 मिनट की बाधा को पार करना अच्छा था, जिस पर मैं इस समय काम कर रहा हूं।'





### पिच में दरार और टर्न मौजूद है लेकिन कब और कितना, कह नहीं सकताः विक्रम राठौड़

**रांची (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच रांची में शुक्रवार से खेला जाना है जिसको लेकर एक बार फिर पिच सुर्खियों में है। मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने भी माना कि भारत में मैच हो और पिच की बात न हो ये कैसे मुमकिन है। दरअसल इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप ने पिच देखने के बाद कहा था कि ये बिल्कुल सूखी है और इसमें दरारे हैं। साथ ही राठौड़ भी इससे पूरी तरह इंकार नहीं करते हैं। राठौड़ ने कहा, 'भारत में कोई टेस्ट खेला जा रहा हो और लोग पिच को लेकर खबरें न बनाए ये नहीं हो सकता। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिच सूखी है और टर्न भी देखने को मिलेगा। लेकिन कब घूमेगी और कितना घूमेगी ये नहीं कह सकता। हम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार हैं और उसी हिसाब से टीम संयोजन देखने को मिलेगा' साथ ही साथ राठौड़ ने ये भी संकेत दे दिए हैं कि रांची टेस्ट में रजत पाटीदार की जगह को कोई खतरा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि पाटीदार का खराब फॉर्म क्या चिंता का सबब है ? इसपर राठौड़ ने साफ कहा कि, 'कोई खिलाड़ी दो मैचों में रन नहीं बनाए तो खराब नहीं हो जाता, हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा विश्वास है।' गौरतलब है कि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और उनकी जगह आकाश दीप को दल में शामिल किया गया है। अब उनका डेब्यू होता है या नहीं इसपर टीम मैनेजमेंट मैच की सुबह पिच को देखकर ही फैसला लेगी, हालांकि मुकेश कुमार के तौर पर भी एक और तेज गेंदबाज का विकल्प मौजूद है।

### रांची टेस्ट के लिए रॉबिन्सन, बशीर ने वुड, अहमद की जगह इंग्लैंड की एकादश में जगह बनाई

**रांची (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से यहां जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। दोनों ने रांची में शुरूआती एकादश में क्रमशः तेज गेंदबाज मार्क वुड और लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह ली है , जो इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट है। राजकोट में 434 रनों की भारी हार के बाद मेहमान टीम मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पीछे है। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को धर्मशाला में आखिरी टेस्ट मैच को श्रृंखला निर्णायक बनाने के लिए रांची में जीतना होगा। इंग्लैंड के लिए रॉबिन्सन का आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल हेडिंग्ले में तीसरा एशेज मैच था, जहां उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 11.2 ओवर फेंके थे, लेकिन पीठ की ऐंठन के कारण उन्हें बाकी सीरीज से बाहर होना पड़ा। रांची में होने वाला टेस्ट लंबे प्रारूप में रॉबिन्सन का भारत में पहला मैच होगा।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, ओली रॉबिन्सन, शोएब बशीर और जेम्स एंडरसन।

### नासिर हुसैन का इंग्लैंड से 'हम इसी तरह खेलते हैं' शैली से बचने का आग्रह



**रांची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने इंग्लैंड से आग्रह किया है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के अपने पिछले 'हम इसी तरह खेलते हैं' तरीके से बचें और बल्लेबाजों से आह्वान किया है कि अगर उन्हें भारत के खिलाफ चल रही सीरीज में मुकाबला करना है तो उन्हें आगे आना होगा। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 126 रनों की बढ़त दे दी और निरंजन शाह स्टेडियम में चार दिनों के भीतर 434 रनों से मैच हारने के लिए मेजबान टीम द्वारा सभी विभागों में दबाव डाला गया। इंग्लैंड अब भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पीछे है, चौथा टेस्ट शुक्रवार से रांची में शुरू होगा। 'वे सफल रहे हैं और मनोरंजन भी कर रहे हैं। एक खराब गेम पूरी रणनीति को कमजोर नहीं करता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे अधिक स्मार्ट नहीं हो सकते। आप बस पुरानी 'हम जिस तरह से खेलते हैं' शैली पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के बारे में है - विशेष रूप से भारत में, जहां पांच दिवसीय टेस्ट के दौरान पिच की प्रकृति लगभग रातोंरात बदल सकती है। 'सभी खातों के अनुसार, रांची की सतह - जहां अक्टूबर 2019 के बाद से कोई टेस्ट नहीं हुआ है - स्पिनरों को मदद कर सकती है, और अगर ऐसा है तो इंग्लैंड को स्मार्ट होने की आवश्यकता होगी। यदि आप इसमें शामिल होते हैं, तो आपको इसे बनाने की आवश्यकता है। पहले तीन टेस्ट देखेंः ओली पोप के शानदार 196 रनों के बाद इंग्लैंड ने पहला टेस्ट जीता, इससे पहले भारत ने यशस्वी जयसवाल के लगातार दोहरे शतक और रोहित शर्मा के 131 रनों के साथ वापसी की। हुसैन ने डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'इंग्लैंड में, यदि आप पहली पारी में 70 रन पर आउट हो जाते हैं, तो आप दूसरी पारी में भी अच्छी पिच पर 140 रन पर आउट होने में सक्षम हो सकते हैं।

## चोट का बहाना बना बुरे फंसे अय्यर, एनसीए ने खोली पोल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर पीठ दर्द के कारण शुक्रवार से बीकेसी ग्राउंड में बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए हैं। लेकिन वो अपनी एक गलती के कारण विवादों में फंस गए हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खेल विज्ञान और चिकित्सा विभाग के प्रमुख नितिन पटेल ने चयनकर्ताओं को एक ईमेल में पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर को 'कोई ताजा चोट नहीं है' और वह 'फिट' हैं।' यह मामला अब इसलिए बढ़ता जा रहा है कि क्योंकि चोटिल होने के कारण श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया था, लेकिन अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित किया है। पटेल ने ईमेल में लिखा, 'इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम की हैंडओवर रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर फिट थे और चयन के लिए उपलब्ध थे। टीम इंडिया से उनके जाने के बाद फिलहाल किसी ताजा चोट की सूचना नहीं है।' एनसीए ने अय्यर को रणजी खेलने की सलाह दी थी, ताकि उनकी पीठ को बल्लेबाजी और करीब चार दिन तक मैदान पर तनाव झेलने की आदत हो जाए। अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में कोई छाप नहीं छोड़ी।

## 'मेग लैनिंग से सीखने के लिए बहुत कुछ है' : जेमिमा रोड्रिग्स



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की उप-कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि कप्तान मेग लैनिंग से हमेशा बहुत कुछ सीखने को मिलता है और वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान के साथ काम करने का मौका दिया। 'यह बहुत अच्छा लगता है। उससे सीखने के लिए बहुत कुछ है। वह ऐसी व्यक्ति है जो सम्मान की मांग नहीं करती है, वह बस चली जाती है और हर कोई उसके लिए स्वचालित रूप से सम्मान करता है। उसने बहुत कुछ किया है, यही कारण है कि हमारे मन में उसके लिए इतना सम्मान है। सीखने के लिए बहुत कुछ है। उनके साथ करीब से और व्यक्तिगत रूप से काम करते हुए, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे वह अवसर मिलेगा। डब्ल्यूपीएल का धन्यवाद, मुझे यह मिल रहा है। जेमिमा ने ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा से कहा, 'उप-कप्तान होने के नाते, मैं कई निर्णयों में शामिल हूं, यह देखते हुए कि वह कैसे काम करती है। हाल ही में, मैंने उनसे कप्तानी के बारे में बात की और उन्होंने इसे कैसे संभाला क्योंकि उन्हें कम उम्र में कप्तान बनाया गया था। कप्तानी बहुत अधिक है। मैदान के बजाय मैदान के बाहर, आपको बहुत सी चीजें संभालनी होती हैं। फिर मैदान के बाहर, आपकी अपनी बल्लेबाजी और आप इसे कैसे करते हैं। यह एक अच्छी बातचीत थी और मुझे यकीन है कि मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" यह पूछे जाने पर कि क्या वह नेतृत्व की जिम्मेदारियों से अभिभूत हैं, जेमिमा ने कहाः 'अब तक मुझे ऐसी स्थिति में नहीं रखा गया है जहां मेग को मैदान से बाहर जाना पड़े और मुझे पहल करनी पड़े। मैं इसके बारे में निश्चित नहीं हूं। अपनी टीम को जानते हुए , वे मेरे लिए इसे आसान बना देंगे।" 'बड़े होते हुए, मैं हमेशा मुंबई टीम में रही हूं और बहुत कम उम्र में नेतृत्व करते हुए वरिष्ठों के साथ काम किया है।

### मोहम्मद शमी आईपीएल 2024 से चूकेंगे, टखने की चोट की सर्जरी कराएंगे : सूत्र



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं, जिसके लिए वह ब्रिटेन में सर्जरी कराएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 33 वर्षीय, जो इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं, उन्होंने आखिरी बार नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप फाइनल में भारत के लिए खेला था। सूत्रों के मुताबिक, शमी टखने के इलाज के लिए जनवरी में लंदन में थे। इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ और अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। ऐसा मत सोचो कि वह आईपीएल में खेलेंगे।"

### सीसीएलः रोहित शर्मा के नक्शे-कदम पर चलना चाहते हैं रितेश देशमुख

**मुंबई (एजेंसी)।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) में मुंबई हीरोज की कप्तानी कर रहे बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख ने मैदान पर स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि आगामी टूर्नामेंट में वह भारतीय क्रिकेट कप्तान के नक्शे-कदम पर चलना चाहते हैं। इस सीजन में रोहित के शांत स्वभाव को अपनाने की योजना बना रहे रितेश ने कहाः 'मैं आक्रमक और जरूरी होने पर जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहने के साथ एक शांत व्यवहार बनाए रखने में विश्वास करता हूं।' उन्होंने कहा कि यह एक अविस्मरणीय सफर होने वाला है, जिसमें जीतने की प्रबल संभावना है। उत्साहित और आशान्वित अभिनेता ने कहा, 'मैं उस वार्षिक अवसर के लिए आभारी हूं जो सीसीएल हमें एक साथ आने और एक टीम के रूप में एकजुट होकर प्रदर्शन करने के लिए प्रदान करता है।' अभिनय की बात करें तो, रितेश ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा 'राजा शिवाजी' में निर्देशन और अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

## गॉफ दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंची स्वीयाटेक ने स्वितोलिना को पछाड़ा



**दुबई (एजेंसी)।** विश्व नं. 3 अमेरिकी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने 1 घंटे और 53 मिनट के खेल के बाद प्लिस्कोवा पर जीत हासिल की, और अपने आमने-सामने के मुकाबले में 2-1 से आगे हो गई। इस सप्ताह के डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में पहले से ही कम रैंक वाले विरोधियों द्वारा कई वरीय खिलाड़ियों को हराने के बाद ,गॉफ नवीनतम बड़े नाम वाली दुर्घटना बनने से बच गई क्योंकि वह एक रोलरकोस्टर लड़ाई के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। गॉफ का अगला मुकाबला अन्ना कलिंस्काया से होगा, जिन्होंने बुधवार को 2022 दुबई चैंपियन और विश्व नंबर 9 जेलेना ओस्टापेन्को को 6-4, 7-5 से हराया। अन्य मुकाबले में, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने बुधवार रात तीसरे राउंड में नंबर 15 सीड और दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना को हराया। पोल स्टार ने अब अपने पिछले 26 मैचों में से 25 जीते हैं और शीर्ष 20 खिलाड़ियों के खिलाफ 13 मैचों की जीत की लय में है। इस महीने मध्य पूर्व में लगातार छह मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए, स्वीयाटेक ने अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब उसका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वर्ल्ड नंबर 7 झेंग ने अनस्तासिया पोटापोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। उसने अब शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने पिछले 27 मैचों में से 26 में जीत हासिल की है और पिछले सप्ताह लेयला फर्नांडीज से उसे एकमात्र हार मिली थी।

### टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की योजनाओं में स्मिथ : मैकडोनाल्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने स्क्वाड को मजबूत करने के लिए जुटी हुई है। इस बीच टी20 टीम में स्टीव स्मिथ की जगह को लेकर उठ रहे सवाल को खत्म करते हुए ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम में पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की जगह पर मुहर लगा दी। वेलिंगटन में श्रृंखला के शुरूआती प्लेइंग-11 से चूकने के बाद स्टीव स्मिथ के न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शेष दो मैचों में से कम से कम एक में ओपनिंग करने की संभावना है, पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक तरीके से 6 विकेट से जीता था। टी20 सेटअप में स्मिथ की स्थिति के बारे में लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। खासकर पिछले साल के अंत से टी20 से उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। विश्व कप में शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कई अन्य दावेदारों ने उनके सामने अपनी दावेदारी पेश की है, जिससे उनकी भूमिका को लेकर अनिश्चितता भी बढ़ गई है। वेलिंगटन में न्यूजीलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत के बाद बोलते हुए, मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की कि स्मिथ ऑकलैंड में बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन संकेत दिया कि उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में नई भूमिका में मौका मिलेगा। मैकडोनाल्ड ने क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट के जरिए बताया, 'अगर वह हमारी सोच में नहीं होता तो वह यहां मौजूद नहीं होता। हम उसे एक कारण से शामिल कर रहे हैं। उसे यहां कुछ अवसर मिलेंगे, उसके पास भारत में कुछ अवसर थे। विश्व कप और हम उसके लिए अगस्त-सितंबर (पिछले साल) में दक्षिण अफ्रीका में खेलने की योजना बना रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से उस समय उसकी कलाई में चोट लग गई थी, इसलिए वह उन तीन वनडे मैचों में नहीं खेल पाया।'

## खबरें व्यापार जगत की

### भारत का बाजार पूंजीकरण 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत का बाजार पूँजीकरण (मार्केट कैप) वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 5वां सबसे बड़ा (4.5 ट्रिलियन डॉलर) है, लेकिन वैश्विक सूचकांकों में इसका भारांक अब भी 1.6 प्रतिशत (10वीं रैंक) से कम है। जैसे-जैसे बाजार में फ्री फ्लोट बढ़ता है और भारांक संबंधी विसंगतियां दूर होंगी और रैंकिंग मे सुधार होगा। फ्री फ्लोट उन शेयरों को कहते हैं जो आम निवेशकों के लिए खरीदने बेचने के लिए उपलब्ध होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 15-20 साल के इतिहास और नई लिस्टिंग के अनुरूप बाजार रिटर्न को देखते हुए भारत 2030 तक लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर का बाजार बन जाएगा - बड़े वैश्विक निवेशकों के लिए इसे नजरअंदाज करना असंभव है। पिछले 10 और 20 वर्षों में अमेरिकी डॉलर में सालाना औसत विकास दर 10-12 प्रतिशत के आसपास रही है। भारत अब पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है और 2030 तक मार्केट कैप 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। निरंतर सुधारों से भारत की 'सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था' का दर्जा बरकरार रहना चाहिए। घरेलू प्रवाह में मजबूत रुझान ने बाजार की अस्थिरता को कम कर दिया है। एक दशक में सबसे कम विदेशी स्वामित्व से मूल्यांकन में राहत मिलती है। जेफरीज ने कहा कि पांच अरब डॉलर से अधिक मार्केट कैप वाली 167 कंपनियों वाला कॉर्पोरेट क्षेत्र, जिसका फोकस इक्विटी पर मिलने वाले लाभ पर है - निवेशकों को पर्याप्त विकल्प देता है। बढ़ती उद्यमशीलता/जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। दस साल के निवेश चक्र तथा जोखिम से बचने की प्रवृत्ति अब विपरीत हो गई है और हाउसिंग अपसाइकल तथा कॉर्पोरेट डी/ई अनुपात अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 111 यूनिकॉर्न (बाजार मूल्य 350 अरब डॉलर) हैं, जो इसे अमेरिका और चीन के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न हब बनाता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का ध्यान, विश्व स्तर पर सबसे सस्ती डेटा दरें और प्रचुर घरेलू प्रतिभा पूल प्रमुख चालक रहे हैं।

### अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में शामिल होंगी देश-विदेश की नामी हस्तियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जुलाई में शादी करने जा रहे हैं। मुंबई में होने वाली इस शादी में कई प्री-वेडिंग कार्यक्रम भी होने वाले हैं। इस शाही शादी में देश-विदेश से कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। शादी के पहले के सभी कार्यक्रम जामनगर में रिलायंस ग्रीन कॉम्प्लेक्स में आयोजित होंगे। इसमें कई नामी हस्तियों को देखा जाएगा। इनमें माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स से लेकर मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, ब्लैकस्टोन के चेयरमैन स्टीफन स्वार्जमैन, डिज्नी के सीईओ बॉब इग्नर और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप के भी आने के कयास लगाए जा रहे हैं। शादी के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में कम ही समय बचा है। यह शादी सबसे बड़ी शादियों में से एक होने वाली है। 12 जुलाई को मुंबई में यह शादी होगी। वहीं, प्रशंसक इस भव्य शादी को लेकर उत्साहित हैं। शादी मुंबई के अल्टमाउंट रोड पर बहुमंजिला अंबानी निवास एंटीलिया में होगी। शादी में शामिल होने वाले बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर हैं। उनकी गिनती कभी दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती थी। वह फिलहाल 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका की अंबानी परिवार से पुरानी जान पहचान है। बता दें कि कुछ साल पहले नीता अंबानी ने भारत में डिजिटल जेंडर डिवाइड को लेकर यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के साथ साझेदारी की थी, जहां इवांका ट्रंप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई थी।

### स्पाइसजेट के बोर्ड ने दो निवेशकों को 4.01 करोड़ शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने गुरुवार को बताया कि उसकी तरजीही आवंटन समिति ने एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित दो निवेशकों को तरजीही आधार पर 4.01 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसके अतिरिक्त, समिति ने 2.31 करोड़ वारंट के आवंटन को मंजूरी दे दी, जिसमें एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित चार निवेशकों को आवेदन करने और बराबर संख्या में इक्विटी शेयर आवंटित करने का विकल्प दिया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि स्पाइसजेट ने अतिरिक्त 316 करोड़ रुपये भी जुटाए हैं, जिससे उसके तरजीही मुद्दे के तहत कुल निवेश 1,060 करोड़ रुपये हो गया है। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, 'कंपनी ने कुल 1,060 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। यह महत्वपूर्ण पूंजी निवेश स्पाइसजेट की विकास संभावनाओं में निवेशकों के विश्वास की पुष्टि करता है और भविष्य के लिए हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है। इस अतिरिक्त फंडिंग के साथ हम अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने और अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं।'

### इंडस ऐपस्टोर वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित इंडस ऐपस्टोर का लॉन्च भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है जो देश को वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में छलांग लगाने में मदद करेगा। फोनपे ने एक नया वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करते हुए इंडस ऐपस्टोर लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य भारतीय यूजरों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप विविध प्रकार के ऐप्स की पेशकश करना है, जो व्यक्तिगत, स्थानीयकृत और प्रासंगिक डिजिटल समाधानों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते है। कार्यक्रम के दौरान फायरसाइड चैट में बोलते हुए, वैष्णव ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा, 'यह एक उल्लेखनीय दिन है जब हमने इंडस ऐपस्टोर का अनावरण किया - एक ऐसा मंच जो न केवल भारत में बना है बल्कि भारतीयों को सशक्त बनाने की दृष्टि से विकसित किया गया है।' उन्होंने कहा, 'मैं इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख देश के रूप में भारत की उपस्थिति स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करता है।' मंत्री ने भारत के डिजिटल विकास के बारे में बात की और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाने में देश की प्रगति पर जोर दिया। मंत्री ने कहा, 'भारत ने डिजिटल अपनाने में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं में पर्याप्त प्रगति की है। इंडस ऐपस्टोर नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे डेवलपर्स तथा रचनाकारों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।'

## एक नजर

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**पलामू।** समाहरणालय परिसर से पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50 साल की महिला एवं एससी-एसटी पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन मिलेगा. जिले के सभी पंचायतों में 20 से 22 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जागरूकता रथ रवाना करने के मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा/रंका एवं श्री बंशीधर नगर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### फ्लाई ओवर निर्माण को लेकर 28 को माकपा का प्रदर्शन

**चंदवा / लातेहार।** माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह और वरीय नेता अयूब खान ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर कहा है कि टोरी-चंदवा, एनएच 99 पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है. इसको लेकर टोरी रेलवे क्रॉसिंग परिसर एनएच पर 28 फरवरी को प्रदर्शन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के लिए तीन अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया था. शिलान्यास के दो वर्ष बीत गए पर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया. आधे-आधे घंटे तक टोरी रेलवे क्रासिंग में फाटक बंद रहने पर लोग जाम में फंस जाते हैं. जाम में फंसने के कारण कई बार मरीजों की मौत हो जाती है।

### विद्यालय की अनुशासनहीनता पर एसडीओ ने प्रभारी को लगाई फटकार

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय व बाजार क्षेत्र से सटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभंडी में एसडीओ आशीष गंगवार गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में प्रवेश करते ही सर्वप्रथम मुख्य गेट का ताला अंडर से बंद कर दिया। इसके बाद सीधे कार्यालय कक्ष में जाकर सभी शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की जांच की। जिसमें सभी शिक्षकों की उपस्थिति के हस्ताक्षर किए जाने के बावजूद सहायक शिक्षक सीकेश कुमार सिंह अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने तत्काल क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति को उक्त अनुपस्थित शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्कूल परिसर पहुंचते ही बच्चों को जहां तहां घूमते पाए जाने पर प्रधानाध्यापक आजाद अंसारी पर अनुशासनहीनता को देख बिफर पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में दोषी किसी भी शिक्षक को नहीं छोड़ा जाएगा।

# एसडीओ ने तीन हाईवा जब्त कर, थाने के सुपुर्द किया




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रशिक्षु आईएएस सह हुसैनाबाद के एसडीओ आशीष गंगवार ने गुरुवार को जपला-छतरपुर मुख्य पथ से ओवर लोड मोरम व छार्री लदा तीन हाईवा को जब्त किया। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों हाईवा को पकड़कर हुसैनाबाद थाना को सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है। एसडीओ इस कार्रवाई के बाद ओवर लोड कर चलाने वाले हाईवा मालिकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

### नगर पंचायत ने चलाया हुसैनाबाद शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत द्वारा गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार के निर्देश पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी व नपं कर्मियों ने पुलिस बल के साथ शहर के रेलवे क्रॉसिंग से जेपी चौक होते हुए अनुमंडल गेट तक अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों व सड़क पर यंत्र-तंत्र वाहन लगाने वालों करीब 25 लोगों से 10 हजार रुपए जुमार्ना भी वसूला गया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार समेत कई अन्य चौक पर जिन दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया है, वह यथाशीघ्र अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा जुमार्ने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि शहर में क्रमवध तरीकें से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह,नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नगर पंचायत के नाजिर रविकांत पटेल,पर्वेक्षक रवि यादव,संजीत कुमार, अवधेश कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

**शहर में क्रमबद्ध रूप से चलाया जा रहा है अतिक्रमण हटाओ अभियानःकार्यपालक पदाधिकारी**

### डयूटी के दौरान रेलकर्मी का कटा पैर, रेफर

**लातेहार।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पीछे पीक्यूआरएस रेल लाइन में ड्यूटी के दौरान एक आउटसोर्सिंग रेलकर्मी बंगाली सिंह (54) का एक पैर कट गया. मौजूद रेलकर्मियों ने घायल बंगाली सिंह को बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया. यहां डॉ अनुपमा एक्का और ड्रेसर बबलू सिन्हा ने प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया. डॉ अनुपमा एक्का ने बताया कि बंगाली सिंह के बाएं पैर के पांचों उंगलियां एवं सुपली पूरी तरह कट गया है. सुपली पूरी तरह से कट जाने के कारण काफी खून निकल चुका है. उस जगह की सभी नसे कट चुकी है. वहीं पीडब्लूआई अरुण कुमार ने बताया कि बंगाली सिंह आउटसोर्सिंग रेलकर्मी है और बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है. जैनेट्री मशीन का ऑपरेटर है. उन्होंने बताया कि बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पीछे ट्रैक स्लीपर का बेस बना हुआ है. यहां ट्रैक स्लीपर लोड होकर रैक के लिए निकलती है।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धापेंशन शिविर में नए बीडीओ का किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड में नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा को हैदरनगर पूर्वी पंचायत प्रतिनिधियों ने गुरुवार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धापेशन के लिए लगे शिविर का निरीक्षण करने आए थे। मौके पर प्राप्त आवेदनों में से 50 वर्ष और इससे उपर आयु वाले महिलाओं के 93 आवेदनों की स्वीकृति भी दी। इससे यहां उपस्थित ग्रामीणों ने उन्हें त्वरित कार्रवाई पर सराहना की। मौके पर पर्यवेक्षक ननदेव राम, परवेज, पंचायत समिति सदस्य शैलु जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, समाजसेवी डॉ.अजय जयसवाल, मुकेश कुमार मेहता, मुकेश दूबे सहित कई युवा कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार की विफलताओं को घर-घर तक पहुंचाएगी : बिट्टू पाठक

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी एवं सह प्रभारी के साथ बैठक की गई आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई।

एवं वार रूम की गठन की गई वार रूम की प्रभारी के रूप में जितेंद्र कमलापुरी के साथ कोआर्डिनेशन के लिए शशांक सुमन अजय साहू गणेश रवि शैलेश मेहता बैठक में निर्णय लिया गया केंद्र सरकार की विफलताओं को कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताने का काम करेंगे मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों हुआ है और इसका सबसे अधिक मध्यम वर्ग पर असर पड़ा रहा है मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में




हर वर्ग परेशान है बेरोजगारों की बात करें अर्थव्यवस्था की बात करें देश के अन्नदाताओं की बात करें महिलाओं की सुरक्षा का बात करें हर जगह मोदी सरकार नाकाम साबित हुआ है यह सब सभी बातों को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता हर घर में जाकर उनके नाकामियों को बताने का काम करेगा मौके पर प्रमुख रूप से शमीम अहमद राइन विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडे सतनारायण तिवारी संतोष चौबे अरविंद पासवान मिथिलेश सिंह सत्येंद्र सिंह सुरेश पाठक मसूर अहमद विद्या सिंह शेरो नवल किशोर पाठक शैलेश सिंह अर्जुन सिंह जितेंद्र कमलापुरी हर्ष साहनी देवांग शुक्ला राजेश चौरसिया सागर दास सोनू खान शिवनाथ प्रसाद गुप्ता अमरेश पांडे अमुक प्रियदर्शी रामचंद्र दीक्षित अशोक सिंह सुधीर सिंह शशांक सुमन एजाज अहमद खान मनोज सिंह अशोक पासवान अशोक तिवारी मुकेश सिंह उमेश प्रसाद प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी प्रमोद यादव गुड्डू शुक्ला मीर खुर्शीद पिंटू सिंह इत्यादि लोगों उपस्थित है।

### 8 दिन से पिकअप चालक लापता, खोजबीन में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना निवासी नीलम देवी ने अपने पति धर्मेंद्र साव के लापता होने से सम्बन्धित मामला सदर थाना में दर्ज कराया है।महिला ने थाना में आवेदन देकर पुलिस को बताया है की मेरे पति धनमेंद्र साव शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी आनंद कुमार दुबे के घर पिकअप वाहन चलाने का काम करते है। 15 फरवरी की रात करीब 11:00 बजे सुदना से वह पिकअप पर डीजे लेकर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सिक्की अब्दुल अंसारी के यहां गए थे। इसके बाद से वह अपने घर नहीं लौटे हैं, उसी दिन से वह लापता है। महिला ने बताया कि धर्मेंद्र के लापता होने पर हमलोग उन्हें खोजबीन करने निकले तो पता चला कि सदर थाना क्षेत्र के ग्राम खनवा शिव मंदिर के पास एक पिकअप गाडी खड़ा है। वहाँ जा कर देखने पर पता चला कि वही पिकअप वाहन है जो मेरे पति धर्मेंद्र चला रहे थे।

## शहर में किन्नरों के साथ मारपीट शहर थाना में मामला दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला में बुधवार की दोपहर कुछ लोगो ने किन्नरों के साथ मार पीट की घटना को अंजाम दिया है।इस घटना के बाद सभी किन्नर शहर थाना पहुंच कर अपने साथ हुवे मारपीट की घटना से सम्बन्धित लिखित आवेदन शहर थाना में दे दिया है। शहर थाना में आवेदन देकर किन्नरों ने पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग की है।वही इस घटना के बारे में शहर के कान्दू मोहल्ला निवासी किन्नर आयशा का कहना है कि हर दिन की तरह बच्चों को आशीर्वाद (बधाई) देने के लिए निकली हुई थी। दोपहर करीब 3 बजे माली मोहल्ला इलाके में गई थी, यहां उदयपुरी के घर बधाई देकर नेग मांग रही थी। इसी क्रम में उसके साथ एवं उसके साथ गए अन्य किन्नरों के साथ मारपीट की जाने लगी। मारपीट के क्रम में उसे धक्का दे दिया गया और वह गिर गई। उसे चोट लगी।किन्नर आयशा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रति समाज का नजरिया अब तक नहीं बदला है। किन्नर किसी के परिवार में पैदा ले सकता है, इसे समझने की जरूरत है और प्रतिष्ठा बनाए रखने की जरूरत है, ताकि समाज में उसका भी रहना हो सके। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### किराना दुकान बंद कर घर लौट रहे किशोर का मिला शव

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा से किराना दुकान बंद कर घर जा रहे किशोर का शव गुरुवार को पुलिस ने बरामद किया है। हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने चैनपुर- डालटनगंज मुख्य पथ पर शाहपुर में कोयल पुल को डेड बॉडी के साथ आधे घंटे तक जाम रखा। इस क्रम में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की गई। हालांकि तत्काल पुलिस के हस्तक्षेप से जाम को हटा लिया गया और आवागमन सामान्य किया गया। पुलिस ने परिजनों को बताया कि संदेह के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। मृतक किशोर की पहचान मंतजीर आलम (16) के रूप में हुई है। डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि जाम को तत्काल हटा दिया गया। परिजनों को भरोसा दिलाया गया है कि जल्द आरोपितों की स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी।

## पलामू युवक का शव बरामद,विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदुआ में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिग का शव पुलिस ने बरामद किया है।आशंका जताई जा रही है कि नाबालिग की गला दबा कर हत्या की गई है।शव मिलने के बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीणों ने मेदिनीनगर गढ़वा पुल को शाहपुर में जाम कर दिया।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझा बुझा कर जाम को हटा दिया है।मिली जानकारी के अनुसार पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ के रहने वाला मुंतजिर आलम नामक नाबालिग बुधवार की रात किराना दुकान पर सामान लेने गया था. देर रात तक वह सामान लेकर वापस नहीं लौटा परिजनों ने काफी खोजबीन की थी लेकिन उसका पता नहीं चल पाया. देर रात ही घर से कुछ दूर उसका शव बरामद हुआ था।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में रखा था. जबकि पुलिस ने परिजनों द्वारा बताए गए आरोपियों को हिरासत में भी लिया था. पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही थी इसी क्रम में गुरुवार की सुबह परिजन मेडिकल कॉलेज से शव को लेकर शाहपुर पुल पहुंच गए थे और जाम कर दिया था. मामले की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की. जिसके बाद जाम को हटा दिया गया है. थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है और पूरे इस पूरे मामले में आगे के अनुसंधान किया जा रहा है. शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है. परिजनों का कहना है कि हत्या के आरोपियों का उन्होंने पुलिस को नाम बताया है, वे मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।




## ट्रैफिक प्रभारी ने व्हाइट लाइन के बाहर लगे वाहन को किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में बुधवार को बाजार क्षेत्र में वाइट लाइन के बाहर सड़क के बीचो-बीच लगे दो पहिया वाहनों को जप्त का थाना लाया गया।वही एसपी के आदेश का पालन करते हुए ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा अब प्रतिदिन बाजार से जाम को हटाया जा रहा है।वही सड़क को जाम करने वाले लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है और बाजार क्षेत्र में सड़क के बीचों बीच अपना दोपहिया वाहन लगाकर बाजार में खरीदारी कर रहे हैं।जिसकी वजह से बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। फिलहाल ज्यादातर जाम की समस्या छह मुहान चौक से लेकर लाल कोठ बड़ा तालाब तक देखा जा रहा है। यहां पर नगर निगम के द्वारा बीचों-बीच डिवाइडर लगा दिया गया है।डिवाइडर के अगल-बगल ठेला खोमचा, फुटपाथ दुकान को लगाकर लोग सड़क को जाम किए हुए हैं। यदि इस रास्ते से एक स्कूल बस गुजरता है तो तुरंत जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसकी वजह से प्रतिदिन लोगों को इस रास्ते पर जाम की समस्या से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा इन सभी ठेला ,खोमचा और फुटपाथ दुकानदारों को हटाने को कहा गया है।इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। यदि समय रहते इस रास्ते से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

### गढ़वा में मजदूरों से भरी पिकअप वैन खाई में गिरी, 18 जख्मी,एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू से सटे गढ़वा जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सारो गांव से नलजल योजना में काम करने जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप वैन खाई में गिर गयी। 15 फीट गहरी खाई में वाहन के गिरने से उसमें सवार डेढ दर्जन मजदूर जख्मी हो गए, वहीं एक की मौत हो गयी। सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार सुबह की है। मृत मजदूर की पहचान ओमप्रकाश वियार के रूप में हुई है। दो मजदूर सुगिया देवी एवं दुबे वियार की गंभीर स्थिति को देखते हुए गढवा सदर अस्पताल भेजा गया।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री आवास में झामुमो ...

उपलब्धियों का व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार होगा। जल्द ही सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा। अनुमान के मुताबिक, मार्च के पहले सप्ताह तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। बैठक से बाहर निकलने के बाद गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि राज्य में झामुमो की आंधी चल रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और भाजपा के षड्यंत्रों के खिलाफ चल रहा आंदोलन गली-मोहल्ले तक पहुंचेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में हमारा प्रदर्शन बेहतर भले नहीं रहा, लेकिन इस बार नया स्टार प्रचारक होगा। हमारे बेहतरीन स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन जेल में हैं, लेकिन पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी। सरकार उसी मजबूती के साथ चलेगी जो पिछले चार सालों से चल रही है। हेमंत सोरेन के अधूरे काम को पूरा किया जाएगा।

### परिस्थिति के अनुसार होगा...

से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान 500 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव पर मनाही रहेगी। आदेश 23 फरवरी को सुबह 8 बजे से दो मार्च की रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा।

### मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में...

महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ कोका (19 वर्ष) को पूछताछ के लिए बुधवार की रात थाने लाया गया था। देर रात हो जाने की वजह से उससे ज्यादा पूछताछ नहीं हो पाई और उसे हाजत में रखा गया। पुलिस के अनुसार रामगढ़ में चोरी की कई वारदातें हुई थीं। जिसमें रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन की वारदात शामिल है। इसी मामले की पूछताछ के लिए अनिकेत को थाने लाया गया था। अनिकेत का एक साथी विकास नगर निवासी धुकरी महतो पिता डेगा महतो को चोरी के आरोप में ही आरपीएफ पुलिस ने जेल भेजा था। पुलिस के अनुसार अनिकेत चोरी के मामले में पहले भी जेल गया था। कांड संख्या 308/22 में उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर हो चुकी थी।

**रामगढ़ थाने के हाजत से फोरेंसिक टीम ने कलेक्ट किया सैंपल :** संदिग्ध मौत की जांच में रांची से फॉरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम रामगढ़ थाने पहुंची। उन्होंने सारे सैंपल कलेक्ट किए। अनिकेत को थाने के जिस हाजत में रखा गया था, वहां से फिंगरप्रिंट भी कलेक्ट किए गए हैं। इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम भी कर रही है। एसपी ने बताया कि हाजत में युवक के द्वारा खुदकुशी किए जाने के बाद एनएचआरसी के पूरे नियम का अनुपालन किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जब भेजा गया तो वहां वीडियोग्राफी के साथ-साथ दंडाधिकारी की नियुक्ति भी हुई। इसके अलावा पांच सदस्य मेडिकल टीम ने युवक का पोस्टमार्टम किया है। किसी भी स्तर पर कोई गुंजाइश न रहे इसके लिए पूरी जांच टीम निष्पक्ष रूप से अपना काम कर रही है। यहां तक की मानवाधिकार आयोग की टीम भी इस पूरे मामले की जांच करेगी। एसपी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी की फिलहाल कोई संलिप्तता परिलक्षित नहीं हुई है। जांच के बाद सारी चीजें स्पष्ट हो जाएगी।

## आयोजन — वैष्णव दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव

# भगवती जागरण में लख्खा जमाएंगे रंग

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है. उत्सव के दूसरे दिन स्थानीय विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। सबसे पहले उन्होंने मंदिर परिसर में माता के समक्ष माथा टेका और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की. इसके बाद विधायक ने मंदिर के दूसरे तल्ले में 22 फरवरी को होने वाले भंडारा को ले कर किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया और इस पर उन्होंने संतोष प्रकट किया. कहा कि समिति के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है. बैद्यनाथ राम ने कहा कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर पूरे जिले का एक प्रतिष्ठित मंदिर है. यहां लोग दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करते हैं.

**22 फरवरी दोपहर 12 बजे से भंडारा, रात में जागरण कार्यक्रम :** वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 फरवरी को मध्याह्न 12 बजे से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा. रात्रि में धनबाद के सरोज कुमार लख्खा के द्वारा भगवती जागरण किया जायेगा. मौके पर समिति के द्वारा विधायक बैद्यनाथ राम को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया. इस अवसर पर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह,अशोक दास, अंकित पांडेय, रंजीत कुमार, सतीष कुमार, प्रदीप प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा व आकाश जायसवाल आदि मौजूद थे.



**दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया :** 31वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. पुरोहित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया. इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सप्तनीक मौजूद थे. 22 फरवरी को प्रातः नौ बजे पूणार्हुति व हवन किया जायेगा. इसके बाद नौ कन्या पूजन होगा.

## रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र पर क्षेत्रीय सम्मेलन 25 को

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** न्यायिक अकादमी झारखंड के सहयोग से पलामू न्याय मंडल की ओर से 25 फरवरी रविवार को रिमांड और जमानत न्याय शास्त्र विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन पलामू जिला के लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में किया जाएगा। आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, सम्मानित अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी,न्यायमूर्ति अंबुज नाथ के अलावे अन्य न्यायमूर्ति गण ,,न्यायिक अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि,मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सिविल कोर्ट डालटनगंज के निबंधक अमित गुप्ता ने बताया कि पलामू, गढ़वा,व लातेहार न्याय मंडल के न्यायिक अधिकारी ,अधिवक्ता, पी पी,पुलिस अधिकारी, एल ए डी सी के अधिवक्ता, कार्य पालक पदाधिकारी, लॉ कॉलेज के शिक्षक व बिद्यार्थी ,अन्य प्रबुद्ध जन भाग लेंगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारी चल रही हैं।10:30बजे अतिथि गण का आगमन होगा। द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन माननीय न्यायमूर्तियों के द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम में रिमांड और जमानत न्याय शास्त्र बिषय पर चर्चा होगी।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### पीएम मोदी 06 मार्च को बंगाल आ रहे हैं

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बंगाल दौरे की तारीख बदल गई। प्रधानमंत्री मोदी 07 मार्च को बारासात में सभा करने वाले थे लेकिन भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मोदी एक दिन पहले 06 मार्च को राज्य में आ रहे हैं। संदेशखाली मुद्दे पर बंगाल भाजपा 06 मार्च को बारासात में महिला न्याय रैली आयोजित करने जा रही है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, रैली को मोदी संबोधित करेंगे। पिछले शनिवार को दिल्ली में भाजपा का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल नेतृत्व से चर्चा के बाद बारासात में महिला रैली करने का फैसला किया।

### अमित शाह का बंगाल दौरा फिर रद्द

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा एक बार फिर रद्द हो गया है। शाह 28 फरवरी को राज्य का दौरा करने वाले थे। उन्हें 29 फरवरी को मायापुर में इस्कॉन मंदिर जाना था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिलहाल पश्चिम बंगाल नहीं आ रहे हैं। इससे पहले अमित शाह नवंबर और दिसंबर के आखिरी सप्ताह में बंगाल आए थे। हालांकि जनवरी और फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित उनका बंगाल दौरा अंतिम क्षणों में रद्द कर दिया गया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय एजेंसियों की ओर से खतरे का आकलन करने के बाद यह फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मल्लिकार्जुन खरगे को अब सीआरपीएफ की ओर से दी जाने वाली देश की सबसे उच्च स्तर का सुरक्षा कवर दिया जाएगा। इसके बाद केवल एसपीजी की सुरक्षा का स्थान आता है, जिसे केवल प्रधानमंत्री को दिया जाता है। इस सुरक्षा कवर में सीआरपीएफ कमांडो के साथ 55 कर्मी शामिल हैं, जो चौबीस घंटे सुरक्षा देते हैं। इस कवर में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और तीन शिफ्ट में एस्कॉर्ट भी शामिल है।

### ईडी ने केजरीवाल को सातवीं बार समन भेजा, 26 को होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले में सातवीं बार समन भेजा है। ईडी ने केजरीवाल को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी मुख्यमंत्री को इससे पहले भी छह बार समन भेज चुकी है, लेकिन वह किसी न किसी वजह से ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ मोइत्रा की मांग पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस सुब्रमण्यम की बेंच ने कल (23 फरवरी) को फैसला सुनाने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है। खबरों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है। महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि ईडी फेमा उल्लंघन की जांच से संबंधित गोपनीय सूचना लीक कर रही है।

# देव काज व देश काज दोनों ही तेज गति से हो रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

■ राम मंदिर तो बन गया है पर नकारात्मकता में जीने वाले लोग नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात में 60,500 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने मेहसाणा में कहा कि मौजूदा कालखंड भारत की विकास यात्रा के लिए बेहद अहम है। कहा कि ये ऐसा समय है, जब देव काज (भगवान का काम) और देश काज (देश का काम) दोनों ही बहुत तेज गति से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मेहसाणा में 13,500 करोड़ रुपये व नवसारी में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजार्दाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर है।



### भारत की विकास यात्रा में यह एक अद्भुत कालखंड

मेहसाणा में पीएम ने 22 जनवरी को याद किया, और अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज जब भव्य राम मंदिर बन गया है तो नकारात्मकता में जीने वाले लोग नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पीएम ने मंदिरों को ज्ञान और विज्ञान का केंद्र बताया और कहा कि हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं।

### पीएम मित्र पार्क से पूरा होने से पूरे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा

नवसारी में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कपड़ा, बिजली और शहरी विकास के क्षेत्रों में वडोदरा, नवसारी, भरूच और सूरत के विकास परियोजनाओं के लिए नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मित्र पार्क के पूरा होने से पूरे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा, जहां केवल इसके निर्माण में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पार्क श्रमिकों के लिए घरों, लॉजिस्टिक्स पार्क, गोदाम, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाओं से सुसज्जित होगा। मोदी की गारंटी को लेकर चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके द्वारा दी गई गारंटी के पूरा होने की निश्चितता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा और महिला सभी को सशक्त करने की गारंटी दी है और ये गारंटी सिर्फ योजनाएं बनाने की नहीं है बल्कि जो हकदार हैं उन तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को भी गाली देते हैं लेकिन कांग्रेस वाले भूल जाते हैं कि जितनी भी वो गाली देंगे, हमारा 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा। ये जितना कीचड़ फेकेंगे, 370 कमल उतने ही शान से खिलेंगे।

### पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को टुकड़ों में देखती थीं

पीएम ने अहमदाबाद में पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम गुरुवार को अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजार्दाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर भी है। पीएम ने गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने, लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं।

## केंद्र चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है : कांग्रेस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है। पार्टी का दावा है कि मोदी सरकार और आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस के बैंक खातों से 65.8 करोड़ रुपए चोरी किए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी महासचिवों जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल के साथ गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर कई गंभीर आरोप लगाये। पूरे मामले की जानकारी देते हुए माकन ने कहा कि कांग्रेस को 2018-19 में 142.83 करोड़ रुपये का चंदा मिला था। इसमें से सिर्फ 14.49 लाख रुपये हमारे विधायकों और सांसदों की एक महीने की सैलरी से मिले थे। 14 लाख रुपये कैश में आने की वजह से हमारे ऊपर 210 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगा दी गई। हमें 31 दिसंबर तक अपने खातों की जानकारी आयकर विभाग को देनी थी। हमने 2 फरवरी 2019 को यह जानकारी दी। ऐसे में सारे पैसे पर यह पेनल्टी लगाई गई। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। मामले में 5 साल बाद सरकार और आयकर विभाग जागा है और वे भी तब जब चुनाव सिर पर हैं। ये कहां का न्याय है? ये कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से तोड़ने की कोशिश है ताकि हमलोग चुनाव न लड़ पाएं। अगर हमारे खाते फ्रीज हो जाएंगे तो हम चुनाव कैसे लड़ेंगे, प्रचार कैसे करेंगे?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नोटबंदी कर दी गई थी। मोदी सरकार चाहती थी कि पार्टियां चुनाव न लड़ पाएं। ठीक उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों पर 'कर हमला' किया गया है। इसका एक ही मकसद है- कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया जाए और हम चुनाव न लड़ पाएं।

## भारत व पाक सहित 19 देशों की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास जारी

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाली सेना और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से नेपाल में 19 देशों के सैनिकों का संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी है। 15 दिन तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास में भारत और पाकिस्तान के भी सैनिक शामिल हैं। नेपाली सेना के पांचखल स्थित वीरेन्द्र शान्ति सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र में 20 फरवरी से शुरू हुआ यह सैन्य अभ्यास 4 मार्च तक चलेगा। इसमें भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, श्रीलंका, नेपाल के अलावा बांग्लादेश, फिजी, घाना, इंडोनेशिया, मलेशिया, मंगोलिया, थाईलैंड, उरूग्वे, नाइजीरिया, फिलिपीन्स, दक्षिण कोरिया और वियतनाम के सैनिक शामिल हैं। यूएन पीस कीपिंग फोर्स का यह चौथा संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इससे पहले साल 2002, 2013 तथा 2017 में इस तरह का सैन्य युद्धाभ्यास हो चुका है। यूएन पीस कीपिंग फोर्स में जाने वाले देशों के सैनिकों के लिए यह सैन्य अभ्यास कराए जाने की जानकारी नेपाली सेना ने दी है। सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर




जनरल कृष्ण प्रसाद भंडारी ने बताया कि यूएन के समन्वय में अमेरिकी सरकार के ग्लोबल पीस ऑपरेशन की मदद से इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। 19 देशों के 1125 सैनिक इसमें शामिल होने की जानकारी दी गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बन्द हुए राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद के बाद यह पहला मौका है जब दोनों देशों के सैनिक इस तरह से किसी संयुक्त सैन्य अभ्यास में शामिल हो रहे हैं। यूएन पीस कीपिंग फोर्स में इस समय सबसे अधिक सैनिक नेपाली सेना के ही हैं। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति ने इस सैन्य अभ्यास के उद्घाटन में कहा था कि आवश्यक पड़ने पर नेपाली सेना अपने यहां से 10 हजार सैनिकों को यूएन मिशन में भेज सकता है।

### गुलमर्ग हिमस्खलन में रूसी महिला स्कीयर की मौत, 7 लोग बचाए गये

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में गुरुवार दोपहर हिमस्खलन की चपेट में आने से एक स्कीयर की मौत हो गई। हादसे में 7 लोगों को बचा कर अभियान खत्म कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गुलमर्ग में शीतकालीन खेलों के दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएं हो रही है। इस दौरान हुए हिमस्खलन में 08 विदेशी स्कीयर फंस गए। इसके तुरंत बाद बारामुला पुलिस, 18आरआर, एचएडब्लयूएस व स्थानीय लोगों की टीमों ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। अभियान के दौरान 07 स्कीयर को बचा लिया गया है। हालांकि एक रूसी महिला स्कीयर की मौत हो गई। बचाव दल के प्रमुख मंजूर अहमद ने बताया कि गुरुवार दोपहर गुलमर्ग में अफरवाट पीक पर खिलनमर्ग में हिमस्खलन की चपेट में आने से एक रूसी महिला स्कीयर की मौत हो गई जबकि 07 अन्य को बचा लिया गया है। बचाए गए लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

## 'चुनावों में धांधली' के बाद पाक को मदद रोकने के लिए आईएमएफ को लिखेंगे इमरान खान

**एजेंसी। रावलपिंडी**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखकर 'चुनावों में धांधली' के मद्देनजर उससे पाकिस्तान को समर्थन बंद करने की मांग करेंगे। पार्टी नेता अली जफर ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जफर ने रावलपिंडी के अदियाला जेल में इमरान खान से मुलाकात के बाद संवाददाताओं को बताया, इमरान खान आज आईएमएफ को एक पत्र जारी करेंगे। आईएमएफ, ईयू और अन्य संगठनों के चार्टर में कहा गया है कि वे किसी देश में तभी काम कर सकते हैं या उसे ऋण दे सकते हैं, जब वहां अच्छा प्रशासन हो।

जफर ने दावा किया कि उनके चार्टर का 'सबसे महत्वपूर्ण खंड' यह है कि एक देश लोकतांत्रिक होना चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर वहां लोकतंत्र नहीं है, तो न तो ये



संस्थाएं ऐसे देशों में काम कर सकती हैं और न ही उन्हें काम करना चाहिए।

लोकतंत्र का मूल स्तंभ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है। हालाँकि, पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे देश का जनादेश चुराया गया। चुनाव पूर्व धांधली को छोड़ दें, चुनाव के बाद की धांधली में पीटीआई के विजयी उम्मीदवारों से जीत छीन ली गई।" यह पहली बार नहीं है कि विपक्षी पीटीआई आईएमएफ सौदे को प्रभावित करने की कोशिश करेगी। इसके पूर्व नेता शौकत तरीन ने 2022 में पीटीआई के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब के तत्कालीन वित्त मंत्रियों से कहा था कि उन्हें आईएमएफ को बताना चाहिए कि उनसे की गई प्रतिबद्धताएँ पूरी नहीं की जा सकतीं" और इसके पीछे हाल ही में देश में बाढ़ से हुई तबाही को कारण बताया जाना चाहिए।

पाकिस्तान ने पिछले साल आईएमएफ से तीन अरब डॉलर की अल्पकालिक सहायता हासिल की, जिससे सरकार के ऋण भुगतान में चूक को रोकने में मदद मिली। यह राशि अगले महीने तक खत्म हो जाएगी और एक नई तथा बहुत बड़ी सुरक्षा हासिल करना व्यापक रूप से नए प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और उनके सहयोगियों द्वारा गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौते के साथ, पीटीआई और कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने चुनावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है और देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

### मेक्सिको : अपराधियों में टकराव, बर्बरता से 12 को मौत के घाट उतारा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ग्युरेरो में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच भयावह टकराव में कम से कम 12 लोग मारे गए। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। ओब्रेडोर ने मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, घटना की जांच मंगलवार को शुरू हो चुकी है। नेशनल गार्ड के सैनिक घटनास्थल पर हैं। इस बर्बर झड़प का विवरण बाद में प्रदान किया जाएगा। मेक्सिको के अधिकारियों का कहना है कि इस घटना का मंगलवार को सामने आया वीडियो दिल दहला देने वाला है। इसमें बंदूकधारी अपने दुश्मनों को गोली और लातें मारने के साथ जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस देश में सिर काटने और फांसी देने के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लॉन्च किए चार परिवर्तनकारी पोर्टल

### समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया हुई सरल, 'प्रेस सेवा पोर्टल' का शुभारंभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को चार परिवर्तनकारी पोर्टल लॉन्च किए। इस पहल का उद्देश्य समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देकर व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करना, सरकारी संचार में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना, प्रामाणिक सरकारी वीडियो तक आसान पहुंच प्रदान करना और स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) का एक व्यापक डेटाबेस बनाना है। इसके साथ सरकार को भविष्य में केबल टेलीविजन क्षेत्र में नियामक




प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाना है।

इन पोर्टल सेवा में पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों के पंजीकरण में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रेस सेवा पोर्टल, पारदर्शी एम्पैनलमेंट मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणाली, सरकारी वीडियो के लिए एकीकृत हब और एलसीओ के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर शामिल है। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जाता है, जहां वैश्विक कंपनियां व्यवसाय स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने परिवर्तनकारी शासन और आर्थिक सुधारों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे भारत में व्यापार करने में आसानी में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे मौजूदा व्यवसायों और नए उद्यमियों दोनों से निवेश में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र फला-फूला है, जिसमें स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

व्यापार करने में आसानी में सुधार की दिशा में सरकार की उपलब्धियों की मान्यता के बारे में विस्तार से बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन्हें विश्व स्तर पर मान्यता मिली है, जैसा कि विश्व बैंक के व्यापार करने में आसानी सूचकांक और लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक जैसे अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में इसकी बेहतर रैंकिंग से पता चलता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) जैसे प्लेटफार्मों की सफलता एमएसएमई और छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर बनाने के सरकार के प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने न केवल आर्थिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया है बल्कि मानसिकता परिवर्तन को बढ़ावा देने, उद्यमियों को राष्ट्रीय विकास में भागीदार के रूप में मान्यता देने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इस दृष्टिकोण से धन सृजन, नौकरी के अवसर और उच्च आय में वृद्धि हुई है, जिससे देश के समग्र कल्याण और विकास को लाभ हुआ है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने अपने संबोधन में कहा कि इन पहलों से हमें मीडिया के साथ अपने जुड़ाव को सुव्यवस्थित करने और बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे न केवल पारदर्शिता और नवप्रवर्तन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी।

## फिल्म जगत

### शादी के बंधन में बंधे जैकी भगनानी-रकुल प्रीत गोवा में हुई शाही शादी की तस्वीरें सामने आई

**नई दिल्ली।** पिछले साल से ही बॉलीवुड में शादियों की धूम है। एक के बाद एक एक्टर शादी के बंधन में बंध रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर आमिर खान की बेटी आइरा खान जनवरी के पहले हफ्ते में बॉयफ्रेंड नुपुर शिखर के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। इसके बाद अब एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह और एक्टर जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी शादी की पहली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। कुल और जैकी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को अक्सर डिनर डेट और सैर पर जाते देखा जाता था। अब उन्होंने अपने रिश्ते को ऑफिशियल करने का फैसला कर लिया है। दोनों की शादी का समारोह बड़ी धूमधाम से किया गया है। उनकी शादी की पहली फोटो सामने आ गई है।



फोटो में रकुल ने हल्के गुलाबी रंग का लहंगा पहना हुआ है। साथ ही सफेद हीरे की ज्वेलरी भी पहनी हुई है। इस ब्राइडल लुक में रकुल बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। वहीं जैकी ने क्रीम कलर की शेरवानी पहनी हुई है। इस पर एक खूबसूरत हीरे का हार रखा हुआ है। इस लुक में जैकी बेहद हैंडसम लग रहे हैं। दोनों का वेडिंग लुक हर किसी का ध्यान खींच रहा है। सोशल मीडिया पर जैकी और रकुल की तस्वीरों पर फैंस ने लाइक्स की बौछार कर दी है। कलाकारों ने कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। रकुल और जैकी की शादी का समारोह बेहद निजी तरीके से आयोजित किया गया है। उनकी शादी का समारोह गोवा में कुछ लोगों की मौजूदगी में हुआ।